सुप्रभात
रांची, रविवार
18.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 12 | अंक : 302



06 ओरल हेल्थ को लेकर रहें सजग

सिर्फ मेडिकल Preparation का संस्थान

BIOME से लगातार दूसरी बार NEET (UG) में 700 Marks पार

BIOME®
Leading Institute for Pre-Medical Exam.
A Unit of Bhavya Educational Services LLP

DIRECT ADMISSION
BASED ON 2025 BOARD RESULTS
According To BOARD MARKS (Xth/XIIth)

| Scholarship Eligibility for NEET | Scholarship |
|---|---|
| For any State Board (Top 15 Merit Students) | 30% |
| For CBSE Board (95% or above) | 25% |
| For ICSE Board (90% or above) | 25% |
| For any State Board (80% or above) | 25% |
| For CBSE Board (90% or above) | 20% |
| For ICSE Board (85% or above) | 20% |
| For any State Board (75% or above) | 20% |
| For CBSE Board (85% or above) | 15% |
| For ICSE Board (80% or above) | 15% |
| For any State Board (70% or above) | 15% |
| For CBSE Board (80% or above) | 10% |
| For ICSE Board (75% or above) | 10% |
| For any State Board (65% or above) | 10% |
| For CBSE Board (75% or above) | 5% |
| For ICSE Board (70% or above) | 5% |
| For any State Board (65% or above) | 5% |


ADMISSION ANNOUNCEMENT
through B-SAT
For NEET 2026 / 2027
Get upto 100%* SCHOLARSHIP
through
BIOME SCHOLARSHIP CUM ADMISSION TEST
SCHOLARSHIP TEST TO BE HELD ON
17th, 18th & 24th, 25th May 2025
Test results on same day
OFFLINE Test



SCAN this QR CODE & Register for OFFLINE SCHOLARSHIP TEST

Note : The Scholarship is offered only on Tuition Fee.

BIOME CLASSROOM HIGHLIGHTS



COMPLETE DIGITAL CLASS
HI-TECH LIBRARY
INDIVIDUAL DOUBT SOLVING
HOSTEL FACILITY
TRANSPORT FACILITY

SOME OF OUR STAR PERFORMERS OF NEET UG - 2024



HALIMA 701/720
FAIZAN 692/720
AYUSH 690/720
AYUSH 690/720
KIRAN 687/720
HIMANSHU 685/720
and many more...

FOUNDATION
(11th moving students)
For NEET 2027

FRESHER
(12th moving students)
For NEET 2026

TARGET
(12th passed students)
For NEET 2026

PHASE - II
Batch Starting from
29th May 2025

7360066185 / 86 / 87 / 88 / 89 / 90 / 91 / 92

Shivpuri (Kilburn Colony) Opp. Spring City Mall, Hinoo, Ranchi
New Nagratoli, Near Women's College, Science Block, Ranchi
BARIATU : (Classroom Campus) - Chhotanagpur Public School, Beside Medica Hospital, Booti More, Ranchi

LIBRARY | HOSTEL | TRANSPORT
Manage by third party

www.biomeinstitute.in | youtube.com/biomeinstitute | facebook.com/biomeinstitute/

# राजधानी में सुप्रीम कोर्ट की बेंच हो : अरशद



**रांची।** नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड जस्टिस मूवमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अरशद खान ने शनिवार को कहा कि हम पूरे देश में न्याय व्यवस्था में बदलाव की लड़ाई लड़ रहे हैं। हमारे देश में न्याय व्यवस्था बहुत महंगी है और गरीबों की पहुंच से दूर है। अदालतों में फैसलों की कोई समय सीमा निर्धारित नहीं है। जिसकी वजह से चोरी, डकैती, छिनतई, लूट खसूट, कालाबाजारी, करप्शन, हत्या बलात्कार बढ़ रहा है। इसलिए इस देश की न्याय व्यवस्था में बदलाव होना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की बेंच सभी राज्यों की राजधानी में होनी चाहिए। हर राज्य की आबादी और क्षेत्रफल के हिसाब से सुप्रीम कोर्ट की कई कई बेंच हो।


## शपथ पत्र

मैं, नोमिता कुजुर, पति-संदीप कुजुर, निवास स्थान- मकान संख्या-256/Z180बी. ग्राम-भीठा, कांके रोड, गांधीनगर, जिला-रांची, राज्य- झारखण्ड-834008, शपथ पूर्वक निम्न बयान देती हूँ कि नीचे लिखी बातें मेरी जानकारी में सही एवं पूर्ण सत्य है:-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते की स्थाई निवासी हूँ तथा भारतीय नागरिक हूँ।
2. यह कि 'नायसा कुजुर' (आधार नं0-9863 5847 8280) मेरी पुत्री है।
3. यह कि मेरी पुत्री का नाम नायसा कुजुर है जो सही एवं सत्य है, जो उसके आधार कार्ड पर अंकित है।
4. यह कि किसी कारणवश मेरी पुत्री का नाम 'नायसा मेलिसा कुजुर' उसके जन्म प्रमाण-पत्र में हो गया है।
5. यह कि 'नायसा कुजुर' एवं 'नायसा मेलिसा कुजुर' दोनों एक ही व्यक्ति का नाम है, जो मेरी पुत्री है।
6. यह कि उपरोक्त सारी बातें मेरे जानकारी में सही एवं सत्य है। गलत पाये जाने पर इसकी पूरी जवाबदेही मेरी होगी।

शपथ न. 298
दिनांक 14.5.2025

## AFFIDAVIT

The Executive Magistrate, Lohardaga.Affidavit

I, Reena Devi wife of Jayesraj Sahu, resident of Kaimo Patra Toli, Lohardaga, P.S Lohardaga Dist. Lohardaga, Jharkhand do hereby solemnly affirm and declare as follows-

1. That I am permanent resident of above mentioned address.
2. That I have obtained UID Card No. 9527 6943 0730 of my daughter in which her name is written as Sumridhi Gupta in place of Samridhi Sahu.
3. That correct name of my daughter is written as Samridhi Sahu in her birth certificate etc.
4. That my daughter known to all by name as Samridihi Sahu @ Sumridhi Gupta both name belongs to one and same person name.
5. That this affidavit is being swearing for purpose of proof and correction name.
6. That all the facts or information given by me above are correct, if found wrong then all responsibility will be mine.That the contents of this affidavit is true and true to the best of my knowledge and belief. Sworn and signed this affidavit on 2nd day of May 2025 at Lohardaga.ef NO-305


## विभिन्न आदिवासी मुद्दों को लेकर 4 जून को झारखंड बंद

**रांची।** केंद्रीय सरना स्थल सिरोम टोली में मुख्य द्वार पर से रैंप हटाए जाने की मांग को लेकर शनिवार को संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कहा गया कि आदिवासियों के केंद्रीय सरना स्थल सिरोम टोली में रैंप हटाए जाने सहित पेसा कानून, जमीन लूट धर्म कॉलम को लागू करने आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए सभी मुद्दों को आंदोलन का रूप देने के लिए आदिवासी बचाओ मोर्चा का गठन किया गया है। वहीं 27 मई को राज भवन के समक्ष धरना एवं प्रदर्शन किया जायेगा। इसके साथ ही 4 जून को विभिन्न आदिवासी मुद्दों को लेकर झारखण्ड बंद की घोषणा की गयी है। मौके पर पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव, देव कुमार धान, प्रेम शाही मुंडा, कुंदरसी मुंडा, निरंजना हेरेंज, राहुल तिर्की, सूरज टोप्पो, संगीता तिर्की, सुरेंद्र लिडा , प्रभात तिर्की, आकाश तिर्की, बहालिंडा, सुशीला कश्यप, सनी हेंब्रम आदि थे।

# तीन अहम विभागों को अब तक फंड नहीं मिलने पर बाबूलाल ने सरकार को घेरा

# सरकार की प्राथमिकता में विकास योजनाएं शामिल ही नहीं : बाबूलाल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट जारी कर कहा कि चालू वित्त वर्ष के डेढ़ महीने बीत जाने के बावजूद राज्य सरकार ने तीन अहम विभागों (गृह विभाग, पेयजल विभाग और पंचायती राज विभाग) को अब तक एक भी पैसा जारी नहीं किया है। मरांडी ने चेताया कि कुछ ही दिनों में मॉनसून आ जाएगा। इसके बाद अगले दो-तीन महीनों तक कोई सिविल निर्माण कार्य संभव नहीं होगा। ऐसे में विभागों को बजट न जारी करना न सिर्फ विकास कार्यों में बाधा है, बल्कि जनता के साथ एक प्रकार का अन्याय है।

**अभी गृह विभाग को बजट देने का औचित्य ही नहीं :** बाबूलाल मरांडी ने लिखा कि राज्य में अभी तक डीजीपी की नियुक्ति नहीं हुई है, ऐसे में गृह विभाग को बजट देने का औचित्य नहीं दिखता। सीएम हेमंत सोरेन खुद की कमाई और दिहाड़ी के लिए एक भ्रष्ट अधिकारी को पद पर बनाये रखे हैं और इस तरह बजट की राशि को बचाया जा रहा है।

**जल संकट के बावजूद पेयजल विभाग का बजट रोका :** मरांडी ने कहा कि झारखंड इस समय भीषण गर्मी और जल संकट से जूझ रहा है, ऐसे में पेयजल विभाग को अब तक बजट नहीं जारी करना समझ से परे है। पेयजल योजनाओं का बजट रोकने को आम जनता के हितों की उपेक्षा बताया।

### प्राथमिकता पर सवाल

मरांडी ने सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता विकास योजनाएं नहीं, बल्कि अपने निजी स्वार्थों की पूर्ति करना है।

### पंचायती राज विभाग की भी हालत गंभीर

पंचायती राज विभाग की स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताते हुए मरांडी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक विकास कार्य अधूरे पड़े हैं, मजदूरों का भुगतान लंबित है, लेकिन इसके बावजूद विभाग के मंत्री और अधिकारी पांच सितारा होटलों में सेमिनार आयोजित कर ऐशो अय्याशी में करोड़ों रुपये फूंक रहे हैं।

# झारखंड की शराब नीति के खिलाफ जल्द होगा आंदोलन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने सरकार की नई शराब नीति का विरोध किया है। आरोप लगाया है कि सरकार अपने चहेतों को लाभान्वित करने के लिए इस नीति को लायी है। भाजपा इसका पूरे प्रदेश में प्रबल विरोध करेगी। झारखंड के प्रखंड से लेकर जिलों तक में आंदोलन किया जायेगा।

**नयी शराब नीति में माफिया को खुली छूट :** बाबूलाल ने कहा कि नयी शराब नीति माफिया राज को खुली छूट देने की साजिश है। इस नीति के तहत नीलामी यूनिट के आधार पर होगी। इसमें एक व्यक्ति या समूह अधिकतम 12 यूनिट ले सकता है। इससे एक व्यक्ति या समूह एक जिले में 48 दुकानें और राज्य में 140 दुकानें ले सकता है।

**कारोबारी बनाएंगे एकाधिकार**

श्री मरांडी ने कहा कि इस नीति से कारोबारी पूरे राज्य की शराब दुकानों पर कब्जा और एकाधिकार स्थापित करेंगे। इससे राज्य के शराब व्यापार पर कुछ चुनिंदा नामों का खुला नियंत्रण होगा।

**राजस्व की होगी भारी क्षति :** उन्होंने कहा कि इस नीति से राज्य को राजस्व की भारी क्षति होगी। साथ ही बेरोजगारों, छोटे उद्यमियों और ग्रामीणों के लिए इसमें कोई जगह नहीं है।

**समाधान के लिए सुझाव :** मरांडी ने कहा कि अगर सरकार सचमुच रोजगार देना चाहती है तो एक व्यक्ति को एक दुकान की नीति लागू होनी चाहिये। इससे शराब व्यापार में समानता और पारदर्शिता आएगी। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अधिसूचित क्षेत्रों में जनसंख्या के अनुपात में दुकानों को आरक्षित किया जाये। ग्रामीण महिलाओं को प्राथमिकता दी जाये, जो हड़िया बेचने को विवश हैं।

# बाबूलाल मरांडी शराब माफिया के बन गये हैं प्रवक्ता: ऋषीकेश

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ऋषीकेश सिंह ने कहा है कि भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा राज्य की नयी शराब नीति पर दिया गया बयान न केवल भ्रामक है, बल्कि दुर्भावनापूर्ण भी है। यह बयान किसी जन-भावना से प्रेरित नहीं, बल्कि उस सिस्टम की हताश चीख है, जिसे सरकार ने बंद कर दिया है। श्री सिंह ने कहा है कि भाजपा नेता जिस आत्मविश्वास से झूठ का पुलिंदा परोस रहे हैं, उससे यही साफ है कि सरकार की नयी शराब नीति ने माफिया-ठेकेदारों के गठजोड़ पर ऐसी चोट की है जिसकी टीस भाजपा नेताओं को बेचैन कर रही है।

उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी बताएं कि जब वे खुद सीएम थे, तब उन्होंने नशाबंदी के लिए क्या किया था? कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा है कि असल में भाजपा की राजनीति संवेदनाओं से नहीं, ठेकेदारों की जेब से संचालित होती है। इधर हेमंत सरकार ने शराब वितरण को सरकारी नियंत्रण में लाकर जो पारदर्शिता और राजस्व वृद्धि सुनिश्चित की है, वह भाजपा के भ्रष्ट मॉडल पर करारा तमाचा है।

कांग्रेस पार्टी का स्पष्ट कहना है कि गठबंधन सरकार में शराब माफिया, दलाल और भाजपा की तिकड़ी को तोड़ दिया है और इसको लेकर आगे भी कोई समझौता गठबंधन सरकार नहीं करेगी।


# बोर्ड, निगम और आयोग के खाली पदों को भरे सरकार : कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में लगातार दूसरी बार महागठबंधन की सरकार बनने के बाद भी राज्य में कई बोर्ड, निगम और महत्वपूर्ण आयोगों में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्यों का पद वर्षों से रिक्त है। झारखंड राज्य महिला आयोग, झारखंड राज्य सूचना आयोग, झारखंड राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग सहित कई बोर्ड निगम और आयोग गठन नहीं होने की स्थिति में अपनी भूमिका नहीं निभा पा रहा है। इसको लेकर कांग्रेस पार्टी ने इन पदों को जल्द भरने की मांग को लेकर सीएम हेमंत सोरेन को पत्र लिखा है।

2019 से 2024 तक की सरकार में झारखंड राज्य आवास बोर्ड, झारखंड राज्य कृषि विपणन पर्षद, झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग, झारखंड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के पद भरे गये। हाल के दिनों में झारखंड राज्य बाल संरक्षक आयोग के अध्यक्ष या अन्य पदों पर मनोनयन तो हुआ, बावजूद आधी आबादी के अधिकार के लिए गठित संवैधानिक संस्था राज्य महिला आयोग, सूचना आयोग जैसे कई आयोग और बोर्ड खाली रह गए। अब झारखंड कांग्रेस के नेताओं ने राज्य के खाली पड़े आयोग, बोर्ड और निगमों के पद भरने के लिए सरकार पर दवाब बनाना शुरू किया है। पीसीसी झारखंड द्वारा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर गठबंधन में पहले से तय फॉमूर्ले के अनुसार जल्द सभी बोर्ड, निगम और आयोग को भरने का आग्रह किया है।

### सीएम को लिखा पत्र



### कांग्रेस बोर्ड, निगम और आयोग के रिक्त पदों को भरने के प्रति गंभीर

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता जगदीश साहू कहते हैं कि पिछले दिनों राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के रांची दौरे के समय भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई। साथ ही प्रदेश प्रभारी के. राजू भी बोर्ड निगम और आयोग के खाली पड़े पदों को भरने के लिए गंभीर हैं।

### रिक्त पदों को भरने के लिए कांग्रेस चिंतित

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदीप बलमुचू ने कहा कि राज्य के खाली पड़े बोर्ड, निगमों और आयोगों को जल्द भरने को लेकर झारखंड कांग्रेस चिंतित है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की चिंता इस बात की भी है कि कैसे हमारे नेताओं-कार्यकर्ताओं को उचित भागीदारी बोर्ड निगम या आयोग में सुनिश्चित हो। प्रदीप बलमुचू ने कहा है कि मुख्यमंत्री को भी शीघ्र इसके लिए संज्ञान लेना चाहिए क्योंकि इसका फायदा झामुमो के नेताओं-कार्यकर्ताओं को भी होगा। हालांकि बोर्ड निगम और आयोग को लेकर झामुमो, कांग्रेस और राजद के बीच क्या समझौता पूर्व में हुआ है। इसकी जानकारी देने से प्रदीप बलमुचू ने इनकार कर दिया।


## कार्यालयः– जिला पशुपालन पदाधिकारी, गुमला।

:: पशुपालकों के लिए आम सूचना ::

जिले के पशुपालकों को सूचित करना है कि वित्तीय वर्ष 2025–26 में पशुओं में होने वाले खुरहा–मुहँपका रोग FMD टीकाकरण अभियान Round – 5 Phase – 1 एवं LSD टीकाकरण एक साथ दिनांक 19.05.2025 से सभी ग्रामों में निःशुल्क प्रारम्भ हो रही है।

अतः सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि अपने पशुओं में FMD एवं LSD का टीका आवश्य लगवायें।

जिलें के सभी पशुपालक भाई–बहनों एवं जनप्रतिनिधि ( प्रमुख, मुखिया, वार्ड सदस्य आदि ) से अनुरोध है कि इस टीकाकरण कार्य में आपका सहयोग अपेक्षित है।

टीकाकारण से लाभ लेने हेतु अपने प्रखण्ड के पशुपालन पदाधिकारी से सम्पर्क कर अधिक जानकारी एवं पशुओं में टीका लगवाकर FMD एवं LSD से मुक्त रखना चाहेंगे।

जिला पशुपालन पदाधिकारी,
गुमला।

PR 352755 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

रजिस्ट्री सं0 डी एल0–33004/99 REGD.NO.D.L-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.–अ.–14052025–263094
CG-DL-E-14052025-263094
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II-Section 3 -Sub-Section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2054] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 9, 2025/वैशाख 19, 1947
No. 2054] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 9, 2025/VAISAKHA 19, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 9 मई, 2025

का.आ. 2099(अ)–केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 799 तारीख 13.02.2025, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के गढ़वा जिले के गांवों में अर्थात् मेराल अंचल अन्तर्गत मेराल, NH75 के कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौड़ा करने/चार लेन का बनाने, आदि) अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "21.02.2025" को "खबर मंत्रा" और " टाइम्स ऑफ इंडिया" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

झारखंड राज्य के गढ़वा जिले में NH75 के अन्तर्गत कि.मी. 219.6 से कि.मी. 260.483 (गढ़वा) के गांवों में अर्थात् मेराल अंचल अन्तर्गत मेराल, जिला–गढ़वा, झारखण्ड राज्य के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित भूमि का विवरण।

जिलाः गढ़वा
प्रकाशन तिथि: 09.05.2025
[फा.सं. NHAI/PIU/RNC/NH-75/Section-V(LA)/3D]
शेख अमीनखान, निदेशक
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileDf.cshtml?notification_id=59218&file_id=30528
https://egazette.gov.in/(S(2ja5vvf2zt2c4xi22vk0rveo))/viewPDF.aspx


# चंपई सोरेन ने पूछा- क्या रेपिस्ट को इनाम देगी झारखंड सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के पूर्व सीएम चंपाई सोरेने ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि बोकारो में एक विशेष समुदाय के एक व्यक्ति द्वारा एक आदिवासी महिला के साथ दुष्कर्म की कोशिश पर बीच बचाव करने आये लोगों के साथ आरोपी व्यक्ति के साथ हाथापाई हुई। पुलिस के अनुसार, बाद में उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने लिखा कि आत्मरक्षा का अधिकार हर किसी को है और ऐसे अपराधियों से किसी को भी सहानुभूति नहीं होनी चाहिए। लेकिन अगले दिन, झारखंड के एक मंत्री ने स रेपिस्ट को विक्टिम साबित करने की कोशिश की। उन्होंने उस आरोपी व्यक्ति के परिवार के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से 1 लाख, मुख्यमंत्री की ओर से 1 लाख तथा राज्य सरकार की ओर से 4 लाख की सहायता राशि एवं स्वास्थ्य विभाग में नौकरी देने की घोषणा की।

**यह कैसी राजनीति :** चंपाई सोरेन ने कहा कि क्या वोट बैंक के लिए सरकार इस स्तर तक गिर सकती है कि वो आदिवासी समाज की महिला का रेप करने वाले को इनाम देगी? क्या हमारी बेटियाँ ज्यादा असुरक्षित नहीं हो जायेंगी? क्या उस महिला को आत्मरक्षा का अधिकार नहीं था?

# ओबीसी क्रीमी लेयर की सीमा 12 लाख करे सरकार : डॉ. लंबोदर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी के केन्द्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से ओबीसी की क्रीमी लेयर की सीमा बढ़ाने की मांग की है। पूर्व विधायक ने कहा है कि चालू वित्त वर्ष में पिछड़ी जातियों के लिए क्रीमी लेयर की निर्धारित सीमा 08 लाख से बढ़ाकर 12 लाख किया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री को प्रेषित पत्र में कहा कि भारत सरकार के द्वारा वर्ष 2008 में देश की पिछड़ी जातियों की क्रीमी लेयर की सीमा साढ़े चार लाख निर्धारित की गई थी जिसे 26 फरवरी 2016 को बढ़ाकर आठ लाख प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया था। इस सीमा की बढ़ोतरी किए जाने के लगभग नौ वर्ष बीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस बात के लिए धन्यवाद के पात्र हैं कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में आयकर की अधिसीमा बढ़ाकर 12 लाख रुपए की गई है। साथ ही जातिगत जनगणना कराने का निर्णय लिया है।

# एनआइए चार दिनों तक टीएसपीसी के जोनल कमांडर से करेगी पूछताछ

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चतरा के टंडवा स्थित मगध और आम्रपाली कोयला परियोजना से जुड़े टेरर फंडिंग मामले में गिरफ्तार टीएसपीसी के जोनल कमांडर रवींद्र गंझू से एनआईए की टीम पुलिस रिमांड पर लेकर चार दिनों तक पूछताछ करेगी। सिविल कोर्ट रांची के एनआईए के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने एनआईए की ओर से दायर पुलिस रिमांड के आवेदन पर सुनवाई के बाद अनुमति प्रदान की। एनआईए 23 मई तक पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि रवींद्र गंझू 5 मई से न्यायिक हिरासत में है। एनआईए ने मामले में फरार दिखाते हुए चार्जशीट दाखिल की थी। एनआईए के अनुसार आरोपी से पूछताछ आवश्यक है ताकि दस्तावेजी पुष्टिकरण प्राप्त किया जा सके और उन सरकारी अधिकारियों की पहचान की जा सके, जिन्होंने उन आपराधिक वार्ताओं में मदद की।

# आइएएस अजय कुमार सिंह के बाद वंदना दादेल भी करेंगी विदेश यात्रा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** दो भारतीय प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी विदेश दौरे पर जाने वाले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह यूनाईटेड किंगडम की 10 दिनों की यात्रा पर जा रहे हैं। वहीं, अब कैबिनेट व गृह सचिव वंदना दादेल भी छुट्टी पर जाने वाली हैं। वंदना दादेल ने भी विदेश दौरे के लिए एक्स इंडिया लीव का आवेदन दिया है। 31 मई से वे छुट्टी पर जा रही हैं। इन अधिकारियों के अवकाश पर जाने के चलते राज्य सरकार ने दोनों पदाधिकारियों के स्थान पर उनकी छुट्ओी अवधि तक अन्य भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। वित्त सचिव प्रशांत कुमार को कैबिनेट व गृह सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य विभाग के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के सचिव व सदस्य राजस्व पर्षद मस्त राम मीणा को अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। सीएम की सहमति के बाद कार्मिक विभाग अधिसूचना जारी कर देगा। हालांकि, चास एसडीओ प्रांजली ढांढ़ा भी अवकाश पर बिट्रेन जा रही हैं, उनके स्थान पर अभी सरकार के स्तर पर किसी को अतिरिक्त प्रभार नहीं दिया गया है।


# राहुल गांधी का संभावित झारखंड दौरा जल्द

## तैयारी में जुटी प्रदेश कांग्रेस

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बाद अब राहुल गांधी के झारखंड आगमन की खबर को लेकर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में नेताओं और कार्यकर्त्ताओं के बीच चर्चा का बाजार गर्म है। कांग्रेस सूत्रों की माने तो राहुल गांधी का इस बार का झारखंड दौरा जनजातीय बाहुल्य इलाके में कराने की है। इतना ही नहीं प्रदेश कांग्रेस की योजना इस बार राज्य के जनजातीय इलाकों में राहुल गांधी की पदयात्रा कराने की भी है। जल्द ही प्रदेश कांग्रेस लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दौरे की तारीख की घोषणा करेगी।

### किसी जनजातीय बाहुल्य इलाके में राहुल गांधी के कार्यक्रम का होगा आयोजन



राहुल गांधी के दौरे को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि राहुल गांधी का कार्यक्रम किसी जनजातीय बाहुल्य इलाके में आयोजित होगा। इसकी तिथि तय करने के लिए वे जल्द ही दिल्ली जाएंगे और राहुल गांधी से मिलकर समय लेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का हर कार्यकर्त्ता और नेता चाहता है कि राहुल गांधी का कार्यक्रम राज्य में हो ताकी उत्साह का संचार हो सके।

**झारखंड के साथ हिन्दी बहुल्य राज्यों पर है कांग्रेस का फोकस**

कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व का इन दिनों झारखंड के साथ हिन्दी बहुल्य राज्यों पर ज्यादा फोकस है। बीते दिनों कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे रांची आए और संविधान बचाओ रैली में शामिल हुए। उन्होंने पहली बार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विस्तारित बैठक में भी शामिल हुए। अब प्रदेश कांग्रेस लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के झारखंड दौरे की योजना बन रही है। हालांकि इसको लेकर कोई तिथि निर्धारित नहीं की गयी है।

### राहुल गांधी के संभावित झारखंड दौरे को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह

प्रदेश कांग्रेस द्वारा राहुल गांधी के दौरे की तैयारी भी शुरू हो चुकी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जल्द ही दिल्ली जाकर राहुल गांधी से मुलकात कर कार्यक्रम को लेकर उनसे समय मांगेगे। फिलहाल राहुल गांधी के झारखंड दौरे को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। इसके बावजूद राहुल गांधी के आगमन की चर्चा से ही कांग्रेस में उत्साह में दिखाई देने लगी है। कांग्रेस का कहना है कि अगर राहुल गांधी का झारखंड दौरे का कार्यक्रम बनता है तो इस क्रम में वे जनजातीय समाज की समस्या से भी रूबरू होंगे। पार्टी की योजना भी सामाजिक न्याय और पिछड़े, आदिवासियों और अनुसूचित जनजाति के बीच पार्टी के जनाधार को बढ़ाना है।

सुप्रभात
रांची, रविवार
18.05.2025
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, षष्ठी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 302



12 थरूर ने स्वीकारी पाक की पोल खोलने की जिम्मेदारी


## झारखंड हाइवे शुल्क संशोधन नियमावली लागू

# खनिज वाहनों को हर ट्रिप लगेगा 150 रु. टोल टैक्स

### नहीं देने पर तीन गुना जुर्माना, वाहन जब्ती भी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने एक नया नियम लागू किया है, जिसके तहत अब राज्य के सभी हाईवे पर खनिज ढोने वाले यांत्रिक वाहनों से प्रति ट्रिप 150 रुपये टोल टैक्स लिया जायेगा। भारतीय टोल अधिनियम (झारखंड संशोधन) 2002 की धारा 2 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार ने झारखंड हाइवे शुल्क (दर निर्धारण एवं संग्रहण) संशोधन नियमावली, 2025 के रूप में कई संशोधन करते हुए नियम बनाये हैं। पथ निर्माण विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दिया है।



**खनिज ढोनेवाले सभी वाहन दायरे में :** प्रावधान के अनुसार कुछ छूट प्राप्त वाहनों को छोड़कर, यह नियम सभी खनिज ढोने वाले वाहनों पर लागू होगा। अब यदि कोई वाहन खनिज जैसे कोयला, पत्थर आदि को एक स्थान से दूसरे स्थान तक लेकर जाता है, तो उसे प्रति यात्रा उक्त टोल शुल्क देना होगा। इसके तहत यदि कोई यांत्रिक वाहन उपयुक्त शुल्क का भुगतान नहीं करता है या नियमों का उल्लंघन करता है, तो अधिकतम तीन गुना पेनल्टी (जुर्माना) देनी होगी। इसका विस्तार पूरे राज्य में होगा।

**जब्ती का भी प्रावधान :** प्रावधान के अनुसार यदि कोई वाहन मालिक या चालक निर्धारित शुल्क का भुगतान नहीं करता है, तो उस पर अधिकतम तीन गुना जुर्माना लगाया जायेगा। भुगतान न होने पर 15 दिन के भीतर यह दंड लगाया जायेगा और इसके बाद वाहन जब्त भी किया जा सकता है। राज्य सरकार ने पथ निर्माण विभाग के सचिव को निर्धारण प्राधिकारी और विभाग के संयुक्त सचिव को मूल्यांकन प्राधिकारी बनाया है। उन्हें धारा 7 के तहत अधिकृत किया गया है। दंड के खिलाफ अपील मूल्यांकन प्राधिकारी के पास की जा सकती है।

### भुगतान अनिवार्य

सरकार ने यह भी साफ कर दिया है कि टोल टैक्स का भुगतान ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से करना अनिवार्य होगा। इसमें खनिज चालान, जीएसटी चालान, वैट चालान और वन पास जैसे दस्तावेज शामिल होंगे।

### राजस्व बढ़ाने की कोशिश

झारखंड सरकार इस नियम के जरिये राजस्व बढ़ाने की कोशिश कर रही है। इससे पहले खनिज पर सेस लगाया गया था और अब परिवहन पर टोल टैक्स लगाया गया है। इससे खनिजों की ढुलाई लागत बढ़ेगी और खनिज महंगे हो सकते हैं।

## भारत के पास ताकत है और सबक सिखाना आता है : भागवत

# दुनिया ताकतवरों की ही सुनती है, हमने दिखाया भी

एजेंसी

**जयपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सर संघचालक मोहन भागवत ने जयपुर में कहा कि भारत किसी से शत्रुता नहीं रखता, लेकिन यदि कोई दुस्साहस करेगा तो उसे सबक सिखाने से पीछे नहीं हटता। भारत-पाक तनाव के बीच बोले मोहन भागवत ने कहा, दुनिया प्रेम और मंगल की भाषा तब ही सुनती है, जब आपके पास शक्ति हो। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा अन्य देशों की मदद की है, भले ही कुछ देश विपरीत धाराओं में बहते हों। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत हर क्षेत्र में प्रगति करेगा। भारत किसी से शत्रुता नहीं चाहता लेकिन अगर कोई दुस्साहस करता है तो भारत उसे सबक सिखाने की ताकत रखता है। अब कभी पीछे नहीं हटता। हाल में भारत की ताकत दुनिया ने देखी। में अपनी अलग पहचान बनाने की बात कही।



**दुनिया मार्गदर्शन जरूरी :** उन्होंने कहा कि हमें छोटे राष्ट्रों को मार्गदर्शन देना हैं। उन्हें प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाना है। यही बड़े भाई का असली फर्ज है। भारत ने हमेशा दूसरे देशों की मदद की है, चाहे परिस्थितियां कैसी भी रही हों। उन्होंने इशारों में बिना किसी देश का नाम लिए कहा कि कुछ देश विपरीत दिशा में चलते हैं, फिर भी हम किसी की सहायता करने से पीछे नहीं हटते। कभी-कभी परिस्थितियां विपरीत हो जाती हैं, लेकिन भारत का स्वभाव सहयोग और करुणा का रहा है। डॉ. भागवत ने लोगों से अपील की कि वे अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें।

### हमारा किसी से विद्वेश नहीं

संघ प्रमुख ने कहा, भारत किसी से द्वेष नहीं रखता, लेकिन दुनिया उसी की सुनती है, जिसके पास ताकत हो। ये दुनिया का स्वभाव है जिसे बदला नहीं जा सकता। विश्व कल्याण के लिए हमें शक्ति संपन्न होने जरूरी है। वह जयपुर में हरमाड़ा स्थित रविनाथ आश्रम में एक समारोह में बोल रहे थे। संघ प्रमुख भागवत अपने सम्बोधन में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर बोले। उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिये बिना कहा कि अगर कोई दुस्साहस करेगा, तो भारत सबक सिखाने में पीछे नहीं हटेगा। सहयोग की भावना हमारे व्यवहार का हिस्सा है। भारत कई देशों के लिए बड़े भाई की भूमिका में है, लेकिन हमें इसका घमंड नहीं करना चाहिए।

## न्यूज डायरी

### दिल्ली में आतंकी हमले की आशंका, हाई अलर्ट

**नयी दिल्ली।** दिल्ली में आतंकी हमले की आशंका के मद्देनजर खुफिया एजेंसियां और पुलिस हाइअलर्ट पर है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ राजधानी में लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिद्दीन जैसे संगठनों के जरिए हमला करवा सकती है। भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गयी है।

### 25 को रांची आयेंगे स्पीकर ओम बिरला

**रांची।** लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला 25 को रांची आयेंगे। यहां से वह चेंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर के प्लेटिनम जुबली समारोह में शामिल होने जायेंगे। चैंबर ऑफ कॉमर्स जमशेदपुर अपनी स्थापना के 75 वर्ष पूर्ण कर रहा है। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के आमंत्रण पर श्री बिरला ने कार्यक्रम में भाग लेने की अपनी अनुमति प्रदान की है। श्री सेठ ने बताया कि रांची में शाम 5 बजे स्वर्ण भूमि सभागार डांगरा टोली में लोकसभा अध्यक्ष का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा।

### सड़क हादसे में पति पत्नी व मासूम की मौत

**गिरिडीह।** बगोदर में तेज रफ्तार एक कार अनियंत्रित हो कर एक पेड़ टकरा गयी। इस घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गयी। घटना बगोदर थाना क्षेत्र के बगोदर-सरिया रोड पर अंबाडीह मोड़ के पास शुक्रवार की देर रात हुई। छोटकी सरिया निवासी आशीष कुमार बर्णवाल, पत्नी श्वेता बर्णवाल और डेढ़ वर्षीय बेटे पलटू के साथ रांची से सरिया लौट रहे थे। इसी दौरान उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरा गयी।

### अवहेलना मामले में 10 सीआरपीएफ जवान सस्पेंड

**पश्चिम सिंहभूम।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर रेल मंडल में अनुशासनहीनता के एक गंभीर मामले में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के 10 कांस्टेबलों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# पलामू के मनातू में मुठभेड़ एक नक्सली को लगी गोली

### पुलिस को भारी पड़ता देख कई नक्सली भागे

खबर मन्त्र ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन कमेटी (टीएसपीसी) के बीच भीषण मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ के बाद पुलिस ने मौके से एके-47 के मैगजीन समेत कई सामग्री को बरामद की है।

इस मुठभेड़ में एक नक्सली को गोली ल्लगी है। पुलिस को भारी पड़ता देख अन्य नक्सली जंल का लाभ ले कर भाग निकले। पूरे इलाके में सर्च अभियान जारी है। एसपी रीष्मा रमेसन कोगुप्त सूचना मिली थी कि टीएसपीसी का 10 लाख का इनामी कमांडर शशिकांत के नेतृत्व में एक दस्ता किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में है।



(शेष पेज 11 पर)

# बारिश-वज्रपात से राज्यभर में 5 की मौत

## दिन में धूप, दोपहर बाद तेज हवा के साथ झमाझम बारिश

### छह दिनों तक तेज आंधी, बारिश व ओलावृष्टि की चेतावनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शनिवार की दोपहर बाद मौसम बदला और राज्य के कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश, वज्रपात और कहीं-कहीं ओलावृष्टि हुई। वज्रपात की घटनाओं में गुमला, रातू, पलामू, चाईबास समेत अन्य इलाकों में पांच लोगों की मौत की खबर है। आकाशीय बिजली गिरने से दर्जन भर लोगों के घायल होने की भी खबर है। मौसम विभाग ने अगले छह दिनों तक राज्य के कई जिलों में तेज आंधी, पानी, गर्जन के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की है। साथ ही लोगों को सकर्त रहने की सलाह दी है।



रांची राजधानी में शनिवार को दिन में तेज धूप थी। दोपहर बाद अचानक मौसम बदला और जमकर बारिश हुई। उसके बाद मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग के अनुसार रांची में 4.8 मिमी, बोकारो में 44.2 मिमी, देवघर में 16.5 मिमी, गिरिडीह में 0.5 मिमी, गोड्डा में 6.0 मिमी, हजारीबाग में 4.5 मिमी, जामताड़ा में 6.0 मिमी वर्षा दर्ज की गयी है। इन जिलों में राहत की बारिश से लोगों को सुकून मिला। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार राज्यभर में आने वाले दिनों तक मौसम का मिजाज बदला-बदला रहेगा। 23 मई तक कई जिलों में गरज के साथ बारिश, धूल भरी आंधी और तेज हवाएं चलने, ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। 18 मई को उत्तर-पश्चिमी भागों को छोड़कर शेष भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ बारिश हो सकती है। 19, 20 और 21 मई को अधिकांश जिलों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश संभव है।

## कार्टून कोना




### सरकारी भूमि पर सूचना पट्ट लगाने का निर्देश

**रांची।** रांची जिला के सभी अंचलों में सरकारी भूमि को सुरक्षित रखने के लिए प्रत्येक प्लॉट में 'सरकारी भूमि से संबंधित सूचना पट्ट' लगाया जायेगा। रांची ने इस संबंध में सभी अंचल अधिकारियों को आदेश जारी किया है। उन्होंने सूचना पट्ट में जिले का नाम एवं संबंधित अंचल/मौजा का नाम, हल्का संख्या, थाना संख्या, खाता संख्या, प्लॉट संख्या, कुल रकबा तथा भूमि के किस्म को भी अंकित करने का आदेश दिया है। साथ ही सूचना पट्ट की विवरणी फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध कराने को कहा गया है। सभी अंचल अधिकारियों को अपने संबंधित अंचल में सरकारी भूमि की मार्किंग करने का भी आदेश उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

# पाक की जासूस निकली फेमस यूट्यूबर

## ज्योति मल्होत्रा सहित 6 गद्दार गिरफ्तार

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ से जुड़े जासूसों के खिलाफ सुरक्षा एजेंसियों की कार्रवाई तेज हो गयी है। सोशल मीडिया पर सक्रिय और लाखों फॉलोअर्स वाली हरियाणा की पेमस यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में हिसार से गिरफ्तार कर लिया गया। खुफिया एजेंसियों के अनुसार, उन पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को भारत से जुड़ी संवेदनशील जानकारियां देने का आरोप है। कोर्ट में पेशी के बाद ज्योति मल्होत्रा को 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया।



पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पुलिस अब तक छह लोगों को हरियाणा और पंजाब से गिरफ्तार कर चुकी है। अब सबकी कुंडली निकलकर सामने आ गयी। सूत्रों के अनुसार, साल 2023 में ज्योति ने एक कमीशन एजेंट की मदद से पाकिस्तान का वीजा प्राप्त किया और वहां यात्रा की। वहीं उसकी मुलाकात पाकिस्तान हाई कमीशन में कार्यरत एक कर्मचारी दानिश से हुई। दानिश से ज्योति के व्यक्तिगत संबंध बन गये। यही रिश्ता आगे चलकर खुफिया एजेंसियों तक पहुंचने की पहली सीढ़ी बना। इसी दौरान ज्योति के पाकिस्तानी खुफिया नेटवर्क से संपर्क की शुरूआत हुई। ज्योति की गिरफ्तारी पंजाब के मलेरकोटला से पकड़ी गयी गजाला की पूछताछ के बाद हुई। कई जासूसों के नाम सामने आये।

**दो साल में तीन दफे पाक, चीन गयी थी :** ज्योति मल्होत्रा अपने ट्रैवल यूट्यूब चैनल के लिए जानी जाती हैं। वह पिछले दो साल में तीन बार पाकिस्तान, एक बार चीन, साथ ही यूएई, बांग्लादेश, भूटान और थाईलैंड की यात्रा कर चुकी हैं।

(शेष पेज 11 पर)

# जेपीएससी का अब रिजल्ट शीघ्र जारी होगा

## राज्यपाल ने सरकार और आयोग को दिया निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष गंगवार ने शनिवार को झारखंड लोक सेवा आयोग के परीक्षाफल के शीघ्र प्रकाशन का निर्देश आयोग को दिया है। इसे लेकर झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के शिष्टमंडल ने राज्यपाल से मुलाकात कर रिजल्ट प्रकाशित कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल की बातें सनिने के बाद राज्यपाल आयोग से टेलीफोन पर बात की और परीक्षाफल प्रकाशन में विलंब का कारण पूछा। साथ ही यथाशीघ्र रिजल्ट प्रकाशन का निर्देश दिया। वहीं आयोग ने रिजल्ट प्रकाशन पर सकारात्मक आश्वासन दिया प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई कर रहे देवेन्द्रनाथ महतो 11 वीं से 13 वीं सिविल सेवा, फॉरेस्ट रेंजर ऑफिसर, फूड सेफ्टी सिक्योरिटी ऑफिसर, असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति और अन्य परीक्षाओं की जानकारी राज्यपाल को दी। परीक्षा परिणाम जारी न होने से नाराज अभ्यर्थी पिछले एक सप्ताह से अनिश्चिकालीन आंदोलन पर बैठे थे। शुक्रवार को उन्होंने अपना आंदोलन टालने की घोषणा की थी। जेएलकेएम सुप्रीमो व डुमरी विधायक टाइगर जयराम महतो का समर्थन मिला है। जयराम ने आंदोलन को औपचारिक रूप से समर्थन देते हुए शनिवार को राजभवन में राज्यपाल से मुलाकात की है। इस दौरान उपाध्यक्ष देवेंद्रनाथ महतो भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल ने परीक्षा परिणामों में अनावश्यक देरी होने पर चिंता जतायी।



### लेट होने से अभ्यर्थी हैं आक्रोशित

मालूम हो कि जेपीएससी की मुख्य परीक्षा 22 से 24 जून 2024 के बीच ली गयी थी। आयोग के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार परीक्षा का परिणाम अगस्त 2024 में घोषित किया जाना था, लेकिन अब तक परिणाम जारी किया गया। इससे अभ्यर्थियों में भारी नाराजगी है और वे लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इस अवसर पर देवेंद्रनाथ महतो ने कहा कि यदि मई के अंत तक मुख्य परीक्षा का परिणाम जारी नहीं किया गया तो जून में आंदोलन को और तेज किया जायेगा। यह आंदोलन सिर्फ जेपीएससी कार्यालय नहीं, बल्कि पूरे राज्य में चक्का जाम और झारखंड बंद के रूप में दिखेगा। उन्होंने कहा, राज्यपाल पर पूरा भरोसा है। उम्मीद है कि अब जल्द रिजल्ट प्रकाशित होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे राज्यपाल से पुनः भेंट कर इस मुद्दे का स्थायी समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। शिष्टमंडल में सत्यनारायण शुक्ला, हर्षित सिंह, श्याम तिवारी, चंदन कुमार रजक, अजित महतो सहित अन्य मौजूद थे।



## खबर एक नजर में

### मोरहाबादी मैदान का स्टेज हटाया जा रहा



रांची। मोरहाबादी मैदान में बने स्टेज और शेड को हटाया जा रहा है। शनिवार से स्टेज तोड़ने शुरू किया गया। जिला प्रशासन के अनुसार यह स्टेज काफी ऊंचा था और अनुपयोगी हो गया था। मैदान में होने वाले आयोजनों में भी मंच का इस्तेमाल नहीं हो पाता था। अलग से स्टेज बनाना पड़ता था। स्टेज के उपयोगिता के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। कमेटी की रिपोर्ट के आलोक में इसे हटाया जा रहा है।

### डीपीएस की छात्रा की पुस्तक का लोकार्पण



रांची। झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने शनिवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल धनबाद की कक्षा आठवीं की छात्रा अनुष्का सिंह द्वारा लिखित पुस्तक द विंग्ड रिंग्स का लोकार्पण किया। यह द विंग्ड सीरीज पुस्तक का पहला भाग है। यह नौ संघर्षरत युवाओं के बीच भावनाओं, साज़िशों और प्यार तथा समाज के डर, आघात और अवसाद का सामना करने की कहानी पर आधारित हैं। पुस्तक अंग्रेजी भाषा में लिखी गयी है। विस अध्यक्ष ने इस पुस्तक का लोकार्पण करते हुए 12 साल की उम्र में अनुष्का सिंह की साहित्य में व्यापक अभिरूचि की प्रशंसा की और इसे झारखंड के लिए गर्व का विषय बताया।

### सदर अस्पताल में बनेगा कैथ लैब, टेंडर निकला

रांची। जिले के सदर अस्पताल रांची में अब कैथ लैब बनाने की कवायद शुरू हो गयी है। कैथ लैब निर्माण के लिए सरकार ने टेंडर निकाला है। एजेंसी या कंपनियां 14 जून 2025 तक शाम 5 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। टेंडर डाउनलोड करने की आखिरी तारीख 16 जून 2025 है। सिक्योरिटी के लिए 14 लाख रुपये जमा करने होंगे। 22 मई की दोपहर 2 बजे से सिविल सर्जन ऑफिस रांची में एक मीटिंग भी होगी। टेंडर से जुड़ी सारी जानकारी झारखंड सरकार की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### युवती को भगाने के आरोपी को भेजा जेल

रांची। सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने युवती को शादी की नियत से भगाने के आरोप में अभियुक्त शांतिराम महतो को नामकुम रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर शनिवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस की गिरफ्त में आया युवक पुरूलिया का रहनेवाला है। रांची में विद्या नगर रोड में किराये के घर में रहता है। सुखदेव नगर थाना प्रभारी ने बताया कि अप्रैल में युवती के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। युवती को पुरूलिया से बरामद किया गया था।

### सचिवालय के तीन आप्त सचिव को प्रमोशन

रांची। झारखंड सचिवालय आशुलिपिक सेवा के तीन आप्त सचिव को प्रोन्नति प्रदान करते हुए पदस्थापित किया गया है। वरीयता के आधार पर आप्त सचिव कार्मिक विभाग जीतेन्द्र कुमार सिंह को प्रधान आप्त सचिव कोटि पे-मैट्रिक्स लेबल 11 में उत्क्रमित करते हुए उन्हें अगले आदेश तक प्रधान आप्त सचिव कार्मिक विभाग में पदस्थापित किया गया है। आप्त सचिव ग्रामीण कार्य विभाग संजय कुमार दीप को प्रधान आप्त सचिव के कोटि में प्रोन्नति दी गयी है। कार्मिक विभाग के आप्त सचिव विजय कुमार को भी प्रधान आप्त सचिव कोटि में प्रमोशन देकर पदस्थापित किया गया है।

### आईसीएल के महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष बनी मनीषा

रांची। इंडियन कनफेडरेशन ऑफ लेबर, आईसीएलके के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सह प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने शनिवार को झारखंड प्रदेश एवं रांची जिला के पदाधिकारी में महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनीषा देवी, रांची जिला महासचिव प्रतिज्ञा कुमार सिंह, रांची जिला सचिव रवि रंजन कुमार को मनोनीत किया है। तीनों पदाधिकारियों ने कहा कि आईसीएल को झारखंड प्रदेश एवं रांची जिला में मजबूती से काम करेंगे और आईसीएल के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिर्वाण भट्टाचार्य का जो भी आदेश होगा उसे पालन किया जाएगा।

### शैक्षणिक व रचनात्मक गतिविधियों की सूची जारी

रांची। जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज ने कक्षा पहली से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक गतिविधियों की सूची जारी की है। इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, लेखन क्षमता और पर्यावरण के प्रति समझ को बढ़ाना है। कक्षा-वार गतिविधियों में कहानी लेखन, चित्र बनाना, इंग्लिश डायरी लिखना, शब्दकोश बनाना, शब्द चुनौती दीवार बनाना, फल/पशु/पक्षी पर निबंध, अंग्रेजी कोलाज बनाना और रांची स्पीक विषय पर एक पेज लेखन शामिल है। साथ ही बच्चों को घर पर पौधारोपण, जल संरक्षण और स्वच्छता जैसे गैर-शैक्षणिक कार्यों में भाग लेने के लिए भी प्रेरित किया गया है।

### साइबर अपराधों से निपटने के लिए जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता : महेश पोद्दार

रांची। राजधानी रांची स्थित साइबरपीस कैफे, लेवल 7 में आयोजित झारखंड ई-स्पोर्ट्स लीग चैंपियनशिप 3.0 ने राज्य के युवाओं, गेमिंग प्रेमियों और डिजिटल प्रतिभाओं को एक साझा मंच पर लाकर साइबर जागरूकता और जिम्मेदार गेमिंग के संदेश को मजबूती से प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद महेश पोद्दार ने कहा कि साइबर अपराधों से निपटने के लिए कड़े कानूनों के साथ-साथ लोगों में जागरूकता फैलाना समय की आवश्यकता है। इस चैंपियनशिप के समापन में डॉ. बिमल कुमार मिश्रा ने युवाओं को जिम्मेदार डिजिटल नागरिक बनने की प्रेरणा दी। साइबरपीस फाउंडेशन के फाउंडर मेजर विनीत कुमार ने कहा, साइबरपीस कैफे दुनिया का पहला तकनीक-एकीकृत कैफे है जो गेमिंग, साइबर सुरक्षा जागरूकता और कैफे संस्कृति को एक साथ जोड़ता है।

### विवेकानंद कॉलोनी से 13 वर्षीय नाबालिग लापता



रांची। रातू थाना अंतर्गत विवेकानंद कॉलोनी रोड नंबर-6 में रहनेवाली 13 वर्षीय नाबालिग अंकिता कुमारी शनिवार दस बजे से लापता है। इस संबंध में नाबालिग बच्ची के पिता दिलीप कुमार सिंह ने थाने में गुमशुदगी का आवेदन देकर पुलिस से बच्ची को खोजने की गुहार लगायी है।

### आदिवासियों को धार्मिक पहचान दिलाने के मुद्दे पर कांग्रेस मुखर : सोनाल शांति

रांची। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में जनगणना के फॉर्म में सरना धर्म कोड अंकित करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा राज्यव्यापी प्रदर्शन के तहत एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आगामी 26 मई को राजभवन के समक्ष प्रस्तावित है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि आदिवासियों को धार्मिक पहचान देने के मुद्दे पर कांग्रेस मुखर होकर संघर्ष करते आ रही है। कांग्रेस की मांग है कि आगामी जनगणना में सातवें कॉलम का उल्लेख हो ताकि आदिवासियों के अस्तित्व को एक धार्मिक पहचान मिल सके। उन्होंने बताया कि आगामी नगर निकाय चुनाव को देखते हुए प्रदर्शन के उपरांत अपराह्न 3:00 बजे से बिहार क्लब में जिला अध्यक्षों, शहरी नगर निकाय के लिए नियुक्त पर्यवेक्षकों की बैठक रखी गयी है।

## हत्याकांड में युवती सहित पांच अपराधी हैं शामिल

# दोहरे हत्याकांड को अंजाम देकर प्रेमी ने लिया दुष्कर्म का बदला

- साजिश के तहत खुदिया और लुका का गला रेता
- धुर्वा पुलिस प्रेमी और अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए कर रही है छापामारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। धुर्वा थाना क्षेत्र में घटी में दोहरे हत्याकांड का रांची पुलिस ने खुलासा करने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस हत्याकांड में शामिल एक अभियुक्त खूंटी निवासी अल्बेन कांडीर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से मृतक की स्कूटी व मोबाइल बरामद की है। पुलिस ने शनिवार को अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस को अभियुक्त से कई जानकारी मिली है। पुलिस हत्या में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है।

**पांच अपराधियों ने हत्याकांड को दिया था अंजाम** : डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बताया कि एक लड़की के साथ हुए दुष्कर्म का बदला लेने के लिए इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य की तलाश जारी है। गिरफ्तार युवक ने बताया कि एक युवती सहित पांच आरोपियों ने हत्या की साजिश रची थी। युवक ने बताया कि युवती के साथ खुदिया मुंडा ने दुष्कर्म किया था। जिसकी जानकारी युवती ने अपने प्रेमी को दी थी, जिसके बाद बदला लेने की नीयत से प्रेमी ने एक खौफनाक साजिश रच कर खुदिया मुंडा की हत्या कर दी। वहीं खुदिया के कारण उसका चचेरा भाई लुका मुंडा भी मारा गया। पुलिस को अनुसंधान के दौरान यह भी जानकारी मिली कि युवती ने ही खुदिया मुंडा को साजिश के तहत फोन कर रांची बुलाया और फिर युवती के प्रेमी ने उसकी हत्या कर दी। इसी दौरान खुदिया के चचेरे भाई लुका मुंडा ने अपने भाई की हत्या करते हुए देख लिया था। इस कारण उसकी भी हत्या कर दी गई थी।

**क्या है पूरा मामला** : गौरतलब है कि खूंटी के भंडारा पंचायत के चामडीह निवासी खुदिया मुंडा और लुका मुंडा अपने चाचा के श्रद्धा कर्म का न्योता देने के लिए घर से चार मई शनिवार को स्कूटी लेकर निकले थे लेकिन रविवार की रात दोनों लड़कों का शव गरसूल तालाब के पास धुर्वा पुलिस ने बरामद किया था। दोनों की गर्दन में धारदार हथियार से मारकर हत्या किया गया था। लड़कों के पॉकेट से आपत्तिजनक सामान भी बरामद किया गया।

## डिलीवरी ब्वॉय ने उड़ाये 20 लाख नगद सहित 55 लाख के सामान

### पीपी कम्पाउंड के आईमैजेस्टिक ट्रेडर्स दुकान की घटना

- चुटिया थाना में पीड़ित ने दर्ज करायी है प्राथमिकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। चुटिया थाना क्षेत्र के पीपी कम्पाउंड स्थित आईमैजेस्टिक ट्रेडर्स दुकान से 20 लाख कैश सहित 55 लाख की सामान चोरी हो गई। इस संबंध में दुकान के मालिक राहुल कुमार शुक्ला ने चुटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। चुटिया थाना की पुलिस घटना की छानबीन कर रही है। प्राथमिकी में राहुल कुमार शुक्ला ने पुलिस को बताया कि 14 मई को उन्होंने ऑनलाइन मोबाइल का सामान बुक किया था। डिलीवरी 15 मई को होनी थी। उसी दिन दोपहर करीब 1:30 बजे एक युवक डिलीवरी ब्वॉय बनकर दुकान पहुंचा। दुकान में उस समय भीड़ थी। युवक ने इसी का फायदा उठाया और काउंटर पर रखा बैग जिसमें 20 लाख रुपये नकद और करीब 35 लाख रुपये का मोबाइल सामान था, लेकर फरार हो गया। राहुल ने बताया कि युवक ने खुद को डिलीवरी मैन बताया था। उसके पास तीन मोबाइल थे। तीनों नबंर पुलिस को दिया गया है।


**चुटिया में धनबाद पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार** : इधर चुटिया थाना के कृष्णापुरी में धनबाद बैंक मोड़ थाना की पुलिस ने शनिवार को ठगी के आरोपी रवि कुमार के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। जानकारी के अनुसार बैंक मोड़ मोबाइल शोरूम में काम करने दौरान आरोपी ने लाखों रुपये की ठगी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने वर्ष 2023 में कांड दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा है।

## उद्घाटन से पूर्व रातू रोड कॉरिडोर पर एम्बुलेंस सेवा शुरू, मरीजों को राहत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। राजधानी रांची में 291 करोड़ रुपये की लागत से बनी रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर (ओटीसी पंडरा से राजभवन तक) आम जनता के तैयार हो गया है। इस कॉरिडोर पर एम्बुलेंस सेवा शुरू हो गयी है, अब मरीजों को जाम में फंसे बिना अस्पताल तक पहुंचाया जा रहा है। इंजीनियर सुमन दास ने बताया कि अब रातू की ओर से आने वाली एम्बुलेंस को सीधे कॉरिडोर के ऊपर से रिम्स अस्पताल भेजा जा रहा है, क्योंकि कॉरिडोर के नीचे सड़क पर कार्य चल रहा है। इससे मरीजों को समय पर इलाज मिल पा रहा है।

**कॉरिडोर में तीन स्थानों पर रैम्प की सुविधा** : रातु रोड एलिवेटेड कॉरिडोर की लंबाई लगभग 4 किमी है। इसमें तीन मुख्य स्थानों ओटीसी



ग्राउंड, आईटीआई रोड और राजभवन के सामने रैम्प बनाए गए हैं। इन रैम्पों के माध्यम से लोग अब कुछ ही मिनटों में कचहरी, डीसी कार्यालय, विकास भवन, रांची विश्वविद्यालय जैसे महत्वपूर्ण स्थलों तक पहुंच सकते हैं।

## रांची जिला के सभी 18 प्रखण्डों में 3533 लाभुकों ने अबुआ आवास में किया गृह प्रवेश

# 'अबुआ आवास योजना' से पूरा हो रहा अपना घर का सपना

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। बहुत खुश हैं सर हमलोग... सोचे भी नहीं थे कि अपना घर बना पायेंगे... लेकिन सरकार ने ये सपना भी पूरा कर दिया...। पहले हमलोगों का खपरैल घर था, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में जो कैंप लगा था, उसमें फॉर्म भरे थे... अब अपना घर मिल गया है... सबको बहुत-बहुत धन्यवाद... सरकार को धन्यवाद...। नगड़ी प्रखंड के साहेर पंचायत निवासी अजय नायक और उनकी पत्नी की खुशी का ठिकाना नहीं था। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री शनिवार को अबुआ आवास योजना अंतर्गत गृह प्रवेश कार्यक्रम में उनके आवास पहुंचे थे। उन्होंने जिला परिषद अध्यक्ष, सदस्य एवं लाभुक के साथ फीता काटकर उनका गृह प्रवेश कराया।



- उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने नगड़ी प्रखण्ड के साहेर पंचायत में लाभुकों को सौंपी आवास की चाबी

बता दें कि रांची जिला के सभी 18 प्रखण्डों में अबुआ आवास योजना के लाभुकों के गृह प्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूरे जिले में 3533 लाभुकों का गृह प्रवेश कराया गया। अनगड़ा में 272, बेड़ो में 171, बुण्डू में 94, बुढ़मू में 149, चान्हो में 290, ईटकी में 150, कांके में 355, खलारी में 203, लापुंग में 124, माण्डर में 288, नगड़ी में 161, नामकुम में 369, ओरमांझी में 165, राहे में 99, रातू में 152, सिल्ली में 219, सोनाहातू में 101 और तमाड़ प्रखण्ड में 171 लाभुकों ने अपने अबुआ आवास में गृह प्रवेश किया।

**जिन्हें किस्त मिली, वे आवास का निर्माण जल्द करायें : डीसी**

उपायुक्त ने कहा कि अन्य लाभुक जिन्हें किस्त का भुगतान किया गया है वो जल्द अपना आवास निर्माण करायें, आवास संपूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित कर उनका गृह प्रवेश कराया जायेगा। रांची जिला में अबुआ आवास योजना अंतर्गत 13065 लाभुकों को पहली, 11724 लाभुकों को दूसरी एवं 8468 लाभुकों को तीसरी किस्त का भुगतान किया जा चुका है।

कार्यक्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मंईयां सम्मान की राशि से स्वावलंबी बनने की बात कही। लाभुकों से उन्होंने कहा कि प्रत्येक माह मिलने वाले ढाई हजार की सम्मान राशि से वो अपनी आर्थिक स्थिति और मजबूत कर सकती हैं।

## जमीन में हेराफेरी करने के मामले में जांच के आदेश

रांची। उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने रातू और कांके अंचल की जमीन गड़बड़ी की जांच सदर अनुमंडल पदाधिकारी को करने और एक हफ्ते में रिपोर्ट देने के निर्देश दिया है। प्रशासन को जानकारी मिली कि रातू अंचल में 5.19 एकड़ जमीन जो वन भूमि की है, उसे जनरल प्लॉट बना दिया गया है। इस पर डीसी ने जांच की हिदायत दी है। वहीं, कांके अंचल में एक जमीन की दोहरी जमाबंदी मामले में भी जांच के आदेश दिए हैं। डीसी से पिठोरिया के मुस्तफा अंसारी ने शिकायत में कहा है कि सीओ ने जानकर जमीन की दोहरी जमाबंदी सलीमा खातून के नाम से कर दी है। जो पूर्णतः गलत है। जमीन की लगान रसीद जारी करने का आदेश भी दिया गया है।

आरोप है कि दलालों ने विवादित भूमि पर कब्जा कर बेचने की कोशिश की और जमीन मालिकों से मारपीट की। अनुमंडल न्यायालय में मामला लंबित है और यथास्थिति बनाए रखने का आदेश भी जारी किया गया है।

## हनुमान वाटिका जल्द होगी स्थानांतरित बनेगा भव्य मंदिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

रांची। राजभवन स्थित रातू रोड एलिवेटेड कोरिडोर परियोजना को गति देने के लिए जाकिर हुसैन पार्क स्थित हनुमान वाटिका को स्थानांतरित किया जायेगा। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। कोरिडोर निर्माण में आ रही बाधाओं को दूर करते हुए मंदिर समिति और निर्माण एजेंसी के बीच सफल समन्वय स्थापित किया गया है। इस समझौते के तहत, हनुमान वाटिका मंदिर को स्थानांतरित कर एक नया और भव्य मंदिर बनाया जा रहा है, ताकि रैंप निर्माण कार्य बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ सके।

मंदिर समिति के सदस्य दिलीप कुमार ठाकुर ने बताया कि परियोजना से जुड़ी निर्माण एजेंसी के साथ विस्तृत चर्चा के बाद सभी आवश्यक पहलुओं पर सहमति बनी है। इसके अनुसार, मौजूदा मंदिर को हटाकर वेजिटेबल मार्केट के समीप एक नए स्थल पर मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। नया हनुमान मंदिर आठ मीटर लंबा और छह मीटर चौड़ा होगा। मंदिर का मुख्य द्वार पूरब दिशा की ओर रहेगा। मंदिर की शोभा बढ़ाने के लिए एक भव्य गुंबद भी लगाया जायेगा। निर्माण कर रही एजेंसी का कहना है कि मंदिर स्थानांतरण की प्रक्रिया पूरी होते ही रैम्प के चौड़ीकरण सहित अन्य कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जायेगा।

## भाजपा नेताओं ने कांग्रेस विधायक श्वेता सिंह की राज्यपाल से शिकायत की



रांची। भाजपा नेताओं ने शनिवार को राज्यपाल संतेष गंगवार से मिलकर बोकारो विधायक श्वेता सिंह की शिकायत की। विधायक सीपी सिंह, पूर्व विधायक विरंची नारायण और राकेश प्रसाद सहित अन्य नेताओं ने श्वेता सिंह द्वारा शपथ पत्र में सूचना छिपाने से संबंधित शिकायत की। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल को अपनी शिकायतों से संबंधित एक शिकायती पत्र भी सौंपा। शिकायत पत्र में वर्णित तथ्यों को उजागर करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि नामांकन पत्र में सरकारी संस्थाओं का बकाया नहीं होने से संबंधित प्रमाण पत्र देना पड़ता है। श्वेता सिंह ने सरकारी संस्थाओं का बकाया नहीं होने का उल्लेख करते हुए नामांकन पत्र के साथ नो ड्यूज सर्टिफिकेट नहीं दिया। श्वेता सिंह के पास चार वोटर आइडी कार्ड हैं। श्वेता सिंह के पास दो पैन कार्ड है। श्वेता सिंह के एक पैन में पिता का नाम संग्राम सिंह और दूसरे में दिनेश सिंह है। वास्तव में संग्राम सिंह उनके पति हैं। इससे ऐसा लगता है कि श्वेता सिंह ने जानबूझ कर यह अपराध किया है। यह दंडनीय अपराध है।

## युवती ने आत्महत्या की

रांची। सदर थाना अंतर्गत खोरहा टोली में एक 22 वर्षीय युवती सुनीता एक्का ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना शुक्रवार देर रात की है। शनिवार सुबह घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये रिम्स भेज दिया। पुलिस ने मृतका की बहन के फर्दबयान पर अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है। इस संबंध में सदर थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका मूल रूप से चैनपुर, गुमला की रहनेवाली थी। दो-तीन वर्षों से खोरहा टोली में रहकर किसी दुकान में कार्य कर रही थी। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

## आशा गोयल हत्याकांड की एसआइटी जांच हो : संजय सेठ

रांची। तीन दिन पूर्व सिमडेगा शहर में दिनदहाड़े आशा गोयल की हत्या को लेकर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने राज्य सरकार से इसकी उच्चस्तरीय जांच करने की मांग की है। रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने कहा है कि आशा गोयल अपने घर में अकेले रहती थी और दिनदहाड़े गला रेतकर निर्मम हत्या की गई है। घटना के चार दिन बाद भी अब तक इसका खुलासा नहीं हो पाया है, जो कहीं ना कहीं गंभीर प्रश्न खड़े करता है। रक्षा राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार से मांग करता हूं कि इस मामले को लेकर एसआईटी का गठन किया जाए और इसकी उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो।

**अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी सहायक समिति ने सिमडेगा में आशा गोयल की निर्मम हत्या की घोर निन्दा की** : अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी सहायक समिति ने सिमडेगा जिले में सुश्री आशा गोयल की अत्यंत निर्मम हत्या की घोर निंदा की है। अग्रवाल सभा रांची के अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल एवं सचिव अनिल अग्रवाल मारवाड़ी सहायक समिति के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने संयुक्त रूप से झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र प्रेषित कर कहा है कि अग्रवाल सभा एवं मारवाड़ी समाज इस दुखद एवं अमानवीय घटना की घोर निंदा करता है तथा यह न केवल एक जघन्य अपराध है, बल्कि महिलाओं की सुरक्षा एवं सामाजिक न्याय व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है।

## राजनीतिक मर्यादा का पालन करें पीएम और केंद्र सरकार : बंधु तिर्की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



रांची। झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि भारत-पाक के बीच उत्पन्न स्थिति के दौरान कांग्रेस सहित सभी राजनीतिक दल, केन्द्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रत्येक कार्रवाई का खुलकर समर्थन कर रहे हैं लेकिन केन्द्र सरकार विशेष रूप से पीएम नरेन्द्र मोदी से भी इतनी अपेक्षा जरूर है कि वह उन स्थापित राजनीतिक मर्यादाओं का पालन करें जो न केवल देश के लोकतंत्र के लिए जरूरी है बल्कि वह हमारे उच्च मापदंडों का भी प्रतीक है।

श्री तिर्की ने कहा कि केन्द्र सरकार ने जब भारत-पाक मुद्दे पर सभी दलों के संयुक्त शिष्टमंडल को दुनिया के प्रमुख देशों में भेजने का निर्णय लिया तो संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से फोन कर कर चार कांग्रेस सांसदों के नाम मांगे थे, जिन्हें सर्वदलीय शिष्टमंडल में भेजा जा सके। इसके लिये कांग्रेस के द्वारा सरकार को गौरव गोगोई और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा सहित चार सांसदों का नाम भी नियत अवधि में भेजा गया था। लेकिन उक्त सांसदों के नाम की अवहेलना करते हुए सरकार ने कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में एक दल को विदेश भेजने का निर्णय लिया है। सरकार के इस निर्णय पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए श्री तिर्की ने कहा कि यदि केन्द्र सरकार को अपनी इच्छा के अनुसार ही श्री थरूर का चयन करना था तो उसे कांग्रेस से नाम मांगने की जरूरत ही क्या थी? वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि सर्वप्रमुख विपक्षी दल को इस प्रकार से अंडर एस्टीमेट करने की प्रवृति खतरनाक है और इससे वैश्विक स्तर पर भी गलत संदेश जाता है।

## डॉ इरफान की तत्परता ने बचायी एक गरीब आदिवासी युवक की जान

# जब सबने हार मान ली, तब डॉक्टर मंत्री ने बढ़ाया हाथ, एक जिंदगी को दी नयी सुबह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

रांची। रुपायडीह निवासी परेश हेंब्रम, जो अत्यंत गंभीर अवस्था में थे, उन्हें उनके परिजनों द्वारा तत्काल स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी के जामताड़ा स्थित आवास लाया गया। परेश की हालत अत्यधिक नाजुक थी। वह तेजी से हांफ रहे थे और उनका दम घुट रहा था। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए डॉ अंसारी ने तुरंत प्राथमिक उपचार दिया और बिना विलंब किए मेडिकल टीम और एंबुलेंस बुलाया। उन्होंने स्वयं पहल करते हुए परेश को रांची स्थित रिम्स अस्पताल के लिए रवाना किया। पूरे रास्ते में मंत्री



इरफान अंसारी मरीज परेश की स्थिति पर नजर बनाए रहे और अस्पताल पहुंचने तक लगातार स्वास्थ्य जानकारी लेते रहे।

रिम्स में डॉक्टरों की टीम ने तुरंत इमरजेंसी में भर्ती कर इलाज शुरू किया। अब परेश की स्थिति स्थिर है और वह खतरे से बाहर हैं। मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने इलाज का पूरा खर्च स्वयं वहन किया और परिवार को आर्थिक सहायता भी प्रदान की। डॉ. अंसारी ने कहा कि मैंने कोई बड़ा कार्य नहीं किया, यह तो मेरा कर्तव्य था। एक डॉक्टर और जनसेवक के रूप में किसी की जान बचाने की जो संतुष्टि होती है, वह शब्दों में नहीं बताई जा सकती। मरीज का कोई धर्म नहीं होता-वह सिर्फ इंसान होता है और मेरे लिए हर जरूरतमंद के दरवाजे खुले हैं। खासकर आदिवासी समाज मेरे दिल में बसता है। उन्होंने कहा कि जो लोग केवल आलोचना करते हैं, मैं उनसे कहना चाहता हूं कि समाज सेवा केवल भाषणों से नहीं होती, जमीनी स्तर पर उतरकर ही बदलाव संभव है। यह घटना समाज में सकारात्मक चर्चा का विषय बना हुआ है कि मंत्री की संवेदनशीलता और सेवा-भावना को जन-जन सराह रहा है।

# बच्चों में दबी प्रतिभा को उजागर करता है योग : स्वामी मुक्तरथ

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** डीएवी गांधीनगर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों के समर कैम्प में शनिवार को योगाभ्यास कक्षा का संचालन स्वामी मुक्तरथ जी के सान्निध्य में किया गया। इस कक्षा में तीन सौ बच्चों ने भाग लिया। स्वामी मुक्तरथ ने बच्चों को संबोधित करते हुए योग के कई रहस्यमय बातों की जानकारी दी। उन्होंने कहा बहुत से बच्चे होते हैं जिसमें प्रतिभा तो होती है पर वो अंदर ही दबी पड़ी रहती है, उसका विकास नहीं हो पाता है। जिस वजह से बच्चे बहुत अच्छा नहीं कर पाते हैं, जीवन की सफलता से पीछे रह जाते हैं। दूसरी तरफ कुछ चंचल मन वाले बच्चे होते हैं, जो अपने विषय में फोकस नहीं कर पाते हैं और एकाग्रचित न हो पाने के कारण रिजल्ट में बेहतर नहीं कर पाते हैं।

भारतवर्ष में सदियों से योग पर बल दिया जाता रहा है और बच्चों का उपनयन संस्कार भी योग साधनाओं से ही सम्पन्न एक विधि है। सूर्य नमस्कार, नाड़ी शोधन प्राणायाम और गायत्री मन्त्र इस उपनयन संस्कार की मूल साधना है, जिसको सीखकर बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से बलवान होते हैं। उनकी एकग्रता बढ़ती है और सामाजिक रूप से बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास होता था। विद्यालय के प्राचार्य पीके झा स्वामी मुक्तरथ को सुंदर पौधे और शॉल भेंट कर स्वागत किया। श्री झा ने कहा कि वर्तमान समय में योग की बहुत जरूरत है। योग के अभाव में कम उम्र में ही कई प्रकार की समस्यायें आने लगी है और बैचारिक रूप से व्यक्ति बीमार हो रहे हैं। हमें विद्या के साथ राष्ट्रीय और सामाजिक रूप से भी गुणवान, नैतिक सम्पन्न होने चाहिये। मौके पर स्वामी मुक्तरथ और इनके दो सहयोगी रोहित कुमार और केशव कुमार ने बच्चों को ताड़ासन, कटि चालन, त्रिकोणासन, बज्रासन, शशांकासन, तितली आसन, पद्मासन, उष्ट्रासन और भ्रामरी प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया।

## स्पीड न्यूज

### एनयूएसआरएल में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए क्लाईंट काउंसेलिंग सत्र आयोजित

**रांची।** झालसा के निर्देश पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में एनएसयूआरएल कांके में अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए डालसा टीम के द्वारा क्लाईट काउंसेलिंग के गुण बताये गये एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी टीम के डिपूटी एलएडीसीए, राजेश कुमार सिन्हा, सहायक, सौरभ पांडे एवं शिवानी सिंह समेत अधिवक्ता शोभा लकड़ा, मृन्दलिनी अदेला के द्वारा अंतिम वर्ष के विधिक छात्रों को क्लाईंट काउंसेलिंग करने के गुण बताये गये तथा वहां उपस्थित 55 छात्र और छात्राओं ने इस सत्र में भाग लिये।

### वृंदावन कॉरिडोर पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत : स्वामी दिव्यानंद

**रांची।** वृंदावन में कॉरिडोर बनाने के लिए जमीन के अधिग्रहण में बांके बिहारी मंदिर के फंड का इस्तेमाल करने की मंजूरी उच्चतम न्यायालय ने दे दी है। इस आदेश के बाद उत्तर प्रदेश सरकार कॉरिडोर की जमीन अधिग्रहण के लिए मंदिर कोष से 500 करोड़ रुपये का इस्तेमाल कर सकेगी। स्वामी दिव्यानंद ने कोर्ट के इस आदेश का स्वागत किया है।

### क्षेत्रीय संगीत एवं नृत्य कार्यशाला संपन्न

**रांची।** संस्कृति कार्य निदेशालय कला संस्कृति विभाग झारखंड सरकार के सहयोग से पांच दिवसीय जनजातीय एवं क्षेत्रिय संगीत एवं नृत्य कार्यशाला सह प्रदर्शन का आयोजन राम लखन सिंह यादव कॉलेज में आयोजन किया गया। शनिवार को समापन समारोह में पद्मश्री मुकुंद नायक सांसद महुआ मांझी, विधायक सी पी सिंह, प्राचार्य डॉ बिष्णुचरण महतो, संतोष महतो, संजीव विजयवर्गीय, सुदेश महतो, राजाराम महतो, अजीत मुंडा, मनीष टुडू, सुष्मिता टोप्पो, सुनील कुमार आदि उपस्थित थे। पद्मश्री मुकुंद नायक ने कहा कि अखाड़ा संस्कृति को बचाना जरूरी है। सांसद महुआ मांझी ने कहा कि अखाड़ा संस्कृति को बचाने में कोई कसर नहीं छोड़ सकती। विधायक सी पी सिंह ने कहा कि झारखंड में इस तरह के आयोजन हर कॉलेज में होना चाहिए।

### राम लखन सिंह यादव कॉलेज के छात्रों को दी गयी सोशल ऑडिट की जानकारी

**रांची।** राम लखन सिंह यादव कॉलेज में शनिवार को झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के सोशल ऑडिट सोसायटी द्वारा कॉलेज के एनएसएस तथा कॉमर्स विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के लिए सोशल ऑडिट से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। विभाग की ओर से जानकारी देते हुए हल्दर महतो ने विद्यार्थियों को सोशल ऑडिट के प्रक्रिया तथा महत्व के बारे में जानकारी दी तथा विद्यार्थियों को इससे जुड़ने के लिए भी प्रेरित किया। वहीं रोमा बारला ने पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रिंस कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ मनीष चंद्र टुडू, डॉ राजश्री कौशिक, तोरल सोनाली टोपनो तथा सीसी सुनील कुमार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर कॉमर्स विभाग के विद्यार्थीगण तथा एनएसएस के वॉलेंटियर्स उपस्थित रहे।

### नीरजा सहाय डीएवी में समर कैंप शुरू



**कांके।** नीरजा सहाय डीएवी में चार दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत शनिवार को पहले दिन सर्वप्रथम विद्यालय की पूर्व शिक्षिका सरीता वल्लभ के कर कमलों से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सभी विद्यार्थियों ने ध्यान एवं भजन के माध्यम से एकाग्रता एवं भक्ति के महत्व को जाना। विभिन्न खेलों जैसे- बैडमिंटन, खो- खो, वालीबॉल, टेबल टेनिस, योग इत्यादि खेलों के साथ- साथ तबला वादन, हार्मोनियम, गिटार, बांसुरी, इत्यादि वाद्ययंत्रों एवं ज्ञान के साथ ही साथ नृत्य, गायन, कढ़ाई, बैग सिलना, फैब्रिक पेंटिंग की भी अतिरिक्त जानकारियां हासिल की।

### श्री श्याम भंडारा का आयोजन

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में शनिवार को 156वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी,आशा काबरा परिवार एवं सभी सदस्यों सेवको ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ों भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी,शालिग्राम जी,गरुड़ जी, गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया।

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में हुआ रिकॉर्ड प्लेसमेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** इस वर्ष सरला बिरला विश्वविद्यालय में रिकॉर्ड प्लेसमेंट हुआ है। विवि में ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट विभाग के डीन हरिबाबू शुक्ला ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 2025 में पास आउट होने वाले बैच के विभिन्न संकायों के 356 छात्र-छात्राओं का प्लेसमेंट अब तक हो चुका है। फाइनल प्लेसमेंट ड्राइव में 135 से भी ज्यादा कंपनियों ने हिस्सा लिया है। यह प्रक्रिया अभी जारी है और आने वाले दिनों में इस आंकड़े के और भी बढ़ने की पूरी उम्मीद है। इस वर्ष विवि के प्लेसमेंट ड्राइव में डेलॉइट, एक्सेंचर, ईवाई, टीसीएस,विप्रो, डीमार्ट, स्ट्रेडा, बिरला ओपस, डीएसपी म्यूचुअल फंड, लीप , चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट फाइनेंस कंपनी, आईडीबीआईबैंक, आईटीसी, एक्सिस बैंक, क्रॉस लिमिटेड, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल, मोतीलाल ओसवाल प्राइवेट सर्विसेज लिमिटेड, बर्जर पेंट्स आर्टेक एलएलपी, एमिप्रो, टाटा एआईजी, नुवो सॉफ्ट टेक्नोलॉजी एलएलपी, टाटा एआईजी, फर्स्ट चॉइस रेडिमिक्स, एसबीआई लाइफ, वेदांता जैसी नामी गिरामी कंपनियां शामिल हुई हैं। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान, महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक, कुलपति प्रो सी जगनाथन एवं राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विवि में हुए रिकॉर्ड प्लेसमेंट पर हर्ष व्यक्त किया और विद्यार्थियों को बधाई दी है।

## झारखण्ड मैथिली मंच ने तिरंगा यात्रा निकाली



**रांची।** ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को लेकर झारखण्ड मैथिली मंच ने भारतीय सेना के शौर्य की सराहना की है। सेना की हौसला अफजाई के लिए झारखण्ड मैथिली मंच के तत्वावधान में विद्यापति दलान हरमू से विद्यापति चौक मेन रोड तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। मेन रोड पर स्थित बाबा विद्यापति के मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर सेना के शौर्य को सलाम किया। कार्यक्रम में मैथिली मंच के संरक्षक अरूण कुमार झा, अध्यक्ष विनय कुमार झा, महासचिव जयन्त कुमार झा, बाबूलाल झा, किशोर झा, ब्रज कुमार झा, संतोष कुमार झा, नरेश झा, नर्मदेश्वर झा, रंधीर झा, आशुतोष मिश्र, मुकेश कुमार झा, नारायण तिवारी, इन्द्रजीत यादव, लक्ष्मी नारायण दिक्षित, दया शंकर चौधरी, मिहिर झा सहित काफी संख्या में सदस्य सम्मिलित हुए।

## कैंसर से जंग जीतने वाले बच्चों के लिए पीडिएट्रिक सरवाइवर्स मीट आयोजित

**रांची।** एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर हॉस्पिटल ने शनिवार को आईएमए भवन मोराबादी में पीडिएट्रिक सरवाइवर्स मीट का आयोजन किया। कार्यक्रम में कैंसर की जंग जीतने वाले 18 बहादुर बच्चों और उनके परिवारजनों ने हिस्सा लिया। मौके पर बच्चों और उनके परिवारजनों ने अपनी कहानियों, यादों को साझा किया। डॉ अभिषेक कुमार कन्सलटेन्ट- पीडिएट्रिक ऑकोलोजी ने कहा कि यहां मौजूद हर बच्चे ने दुर्लभजीत हासिल की है। अपनी बहादुरी के साथ न सिर्फ बीमारी को बल्कि डर, दर्द और अपने हर संदेह को भी हराया है। इरशाद खान ने कहा कि हमारा मानना है कि इलाज एक यात्रा है, न कि मंजिल। प्रतीक जैन ने कहा इन बच्चों ने एक मुश्किल लड़ाई में जीत हासिल की है और आज वे नए सपने देख रहे हैं और जीवन का नया अध्याय लिख रहे हैं। इस मौके पर आईएमए के अध्यक्ष डॉ शेखर सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## बीआईटी मेसरा में मेंटरशिप वर्कशॉप आयोजित

**रांची।** असफलता से हतोत्साहित नहीं होना है। नाकामी का लुत्फ उठाये, क्योंकि सफलता के बीज इसमें ही छिपे होते हैं। नवाचार समाज के आम लोगों को ध्यान में रख कर, कम खर्च पर होनी चाहिए। इसमें नवीनता, विशेषता और उपयोगिता पर ध्यान देना जरूरी है। यह बातें शनिवार को बीआईटी मेसरा में आयोजित मेंटरशिप वर्कशॉप में विशेषज्ञों ने कही। इसमें इंस्पायर अवॉर्ड में नेशनल स्तर पर चयनित झारखंड के 15 बाल वैज्ञानिकों के मॉडल को अपग्रेड करने के लिए सुझाव दिये गये। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय नवप्रवर्तन संस्थान भारत, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड और बीआईटी मेसरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ के रूप में डॉ सतीश कुमार, डॉ सनत कुमार मुखर्जी, डॉ नरेंद्र यादव, डॉ संजीत कुमार, डॉ राजीव कुमार, डॉ राहुल प्रकाश, डॉ आनंद प्रसाद सिन्हा उपस्थित थे। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि संयुक्त सचिव नंदकिशोर लाल थे।

## माताओं को दी गयी स्तनपान से जुड़ी अहम जानकारी



**रांची।** अन्वी न्यूबॉर्न एंड चाइल्ड हॉस्पिटल में शनिवार को संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अस्पताल के निदेशक डॉ. रवि शेखर सिंह, मिल्क की निदेशक डॉ. सुनीता कात्यायन और अस्पताल की सीईओ डॉ. अंजलि आर. सिंह ने बताया कि मिल्क का शुभारंभ अस्पताल परिसर मे आज किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह केंद्र पूर्वी भारत में अपनी तरह का पहला स्थान होगा, जहाँ माताओं को स्तनपान से संबंधित गहन जानकारी, व्यक्तिगत परामर्श, व्यवहारिक प्रशिक्षण, नवजात विकास संबंधी मार्गदर्शन, और मानसिक स्वास्थ्य सहायता सब कुछ एक ही छत के नीचे उपलब्ध होगा।

# जनजातीय समाज के उत्थान में आपका योगदान अतुलनीय : डॉ अजीत सिन्हा

### सरस्वती शिक्षा केन्द्र के आचार्य, आचार्या एवं प्रवासी कार्यकताओं का प्रशिक्षण शुरू

खबर मन्त्र ब्यूरो



रांची। विद्या भारती, झारखंड के अंतर्गत चलने वाले सरस्वती शिक्षा केन्द्र के आचार्य, आचार्या एवं प्रवासी कार्यकताओं का 17 से 21 मई तक प्रशिक्षण वर्ग चलेगा। इसका शुभारंभ नगड़ी के कुदलुम स्थित आचार्य प्रशिक्षण विद्यालय में विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार नारसरिया की अध्यक्षता में शुरू हुआ। प्रशिक्षण वर्ग की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से किया गया। इस प्रशिक्षण वर्ग में झारखंड प्रदेश के अंतर्गत करीब 400 शिक्षा केंद्र चलाने वाले आचार्य/ आचार्या को प्रशिक्षित किया जाएगा।

उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय क्षेत्र में कार्य करने वाले आचार्यों का अतुलनीय योगदान है। इनकी सुदूर गांवों, मलिन बस्तियों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि समाज में सेवा एवं समर्पण भाव से विद्या भारती अपना प्रभावी योगदान देकर बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देकर उन्हें भारत के योग्य नागरिक बनाने में भूमिका निभा रहे हैं।

विद्या विकास समिति के प्रदेश मंत्री डॉ ब्रजेश कुमार ने प्रशिक्षण वर्ग के संदर्भ में प्रस्तावना रखी। सरस्वती शिक्षा केन्द्र के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षीय संबोधन में रामअवतार नारसरिया ने कहा कि हमने शिक्षा क्षेत्र में मिले अपने दायित्वों का अक्षरशः पालन करते हुए सामाजिक चेतना का केंद्र सरस्वती शिक्षा केन्द्र बने, इसके लिए हमें निरंतर प्रयास करते रहना होगा।

प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र का संचालन मधुसूदन सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश समिति की सदस्या डॉ मंजू मिंज ने किया। इस अवसर पर विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, जनजातीय शिक्षा के प्रमुख रंथु उरांव, कलम हेम्ब्रम, डॉ रामकेश पाण्डेय, मनोज भारद्वाज, जीतेन्द्र तिवारी, राजेश कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।


**जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा**
द्वितीय तल्ला, लेफ्ट विंग, कोडरमा समाहरणालय भवन, कोडरमा – 825410
Email - ahdkoderma@gmail.com

–: आम सूचना :–
(नि:शुल्क टीकाकरण)

केन्द्रीय योजना पशु स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LH&DCP) अन्तर्गत गौवंशीय पशुओं एवं भैंस में होने वाले FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग) एवं LSD (Lumpy Skin Disease) बीमारी के रोक – थाम हेतु दिनांक 19.05.2025 से 18.07.2025 तक नि:शुल्क FMD (खुरहा एवं मुहपका रोग) एवं LSD (Lumpy Skin Disease) टीकाकरण कार्यक्रम 2025–26 चलाया जाएगा। जिसमें कोडरमा जिला अन्तर्गत सभी गाय एवं भैंस में उक्त टीकाकरण करना आवश्यक है।

आप सभी पशुपालक भाईयों से अनुरोध है कि अपने आधार एवं मोबाईल नंबर से अपने पशुओं को पंजीकरण कराते हुए टैगिंग एवं टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु विभाग द्वारा प्रत्येक गाँव/पंचायत के लिए टीकाकर्मी घर – घर जाकर पशुपालकों से संपर्क कर नि:शुल्क टीकाकरण करेंगें।

अत: सभी पशुपालक भाई – बहनों एवं जनप्रतिनिधियों (प्रमुख, मुखिया वार्ड सदस्य) का सहयोग आपेक्षित है।

PR 352748 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा



**Office of the Civil Surgeon, Koderma**
Sadar Hospital, Koderma, Jharkhand - 825410.

Tender Reference No: _ (MMJAY) 'Date: / /2025

Very Short Tender Notice

On the basis of approval from Chairman, DHS on dated 07/03/25, Office of the civil surgeon, Koderma invites very short tender from eligible bidders for entering into rate contract for supply of medical equipment for sadar hospital Koderma. The detailed conditions can be obtained through the website https://koderma.nic.in or visit civil surgeon office building and copies of technical bid and financial bid can be downloaded from the website on and before declared due date and time. It is mandatory for the tenderer himself or his authorized representative to be present at the time of opening the tender and give presentation of items.

Tender for Medical Equipment

| Sl. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | 'Supply and Installation of Laparoscopic Machine (HD Camera System, Monitor, Light Source with rack/stand), Insuflator CO2, Bipolar (under Water cutting cautery machine with Seelar), Lithoclast with compressor, URO Flo Metry Machine, Lap Hand Instrument for General Surgery With Telescope 10MM, Ultrasound Machine & other essential items in Sadar Hospital of Koderma district' |
| 2 | Period of Work | 15 days |
| 3 | Date of Publication of Bid on the website | 18/05/2025 |
| 4 | Earnest Money Deposit (EMD) (Refundable) | Rs. 2,00,000.00 (Two Lakhs Only) in the form of EMD (Valid for at least 3 months from the last date of submission of the bid) duly pledged in favour of CS-AB MMJAY SADAR HOSPITAL Koderma . |
| 5 | Tender Cost/ Document Fee (Non – Refundable) | Rs 10,000.00 (Ten Thousand) (In the form of DD) in favour of the CS -AB MMJAY SADAR HOSPITAL Koderma |
| 6 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 26/05/2025 Time: 11:00 PM |
| 7 | Date and time of opening of Bid | Date: 26/05/2025 Time: 4:00 PM |
| 8 | Name of the officer inviting the tender | Civil Surgeon, cum CMO Koderma |
| 9 | Bid submission Place | JILA AYUSHMAN KENDRA, Sadar Hospital KODERMA, Room no 38 |
| 10 | Bid Opening Place | DDC CONFERENCE HALL, KODERMA |

PR 352817 (Health Med Edu and Family Welfare) 25-26 (D)

-Sd-
Civil Surgeon,
Koderma, Jharkhand



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT**
**BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI**

NOTICE INVITING QUOTATION NO-04/2025-26

Sealed quotations are invited for the work -

| S.No. | Name of Work | Cost of BOQ | Time of Completion |
|---|---|---|---|
| 1 | Revised Comprehensive AMC Campus Networking, IPAPBX System, CCTV Surveillance System Along with Audio Video System and IBMS installed at Jharkhand High Court, Dhurwa Campus, Ranchi | 10000.00 | One Year |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 02-06-2025 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-03-06-2025 at 3.00 p.m and will be opened on 03-06-2025 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be 2% of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card (4) Quotationer having similar nature of work experience.

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day. Duration of this work is One Year.

अधिक जानकारी के लिए Scope of Work और निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय के सूचना–पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR.NO.352769 Building(25-26):D

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No-02, Ranchi.



रजिस्ट्री सं. डी. एल.–33004/99 | REGD. NO. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.–अ.–14052025–263081
CG-DL-E-14052025-263081

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II – खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2062] नई दिल्ली, शुक्रवार, मई 9, 2025/वैशाख 19, 1947
No. 2062] NEW DELHI, FRIDAY, MAY 9, 2025/VAISAKHA 19, 1947

**सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय**
**अधिसूचना**
**नई दिल्ली, 9 मई, 2025**

**का. आ. 2107 (अ)**– केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के लातेहार जिले में NH75 के कि.मी. 97.515 से कि.मी. 130.6 तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2–लेन/4–लेन का बनाना आदि) के गाँव में अर्थात् मनिका अंचल अंतर्गत सिन्जो, मनिका, एजामांड, नामुदाग, दुन्दु, लाली, नदबेलवा एवं लातेहार अंचल अंतर्गत होटवाग, पाण्डेपुर, इचाक, नवाडीह एवं उदयपुरा, जिला–लातेहार, राज्य झारखंड के अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् काला कम डीएलएओ लातेहार को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध है और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

**अनुसूची**

**झारखंड राज्य के लातेहार जिले में NH75 के कि.मी. 97.515 से कि.मी. 130.6 के गाँवों में अर्थात् मनिका अंचल अन्तर्गत सिन्जो, मनिका, एजामांड, नामुदाग, दुन्दु, लाली, नदबेलवा एवं लातेहार अंचल अन्तर्गत होटवाग, पाण्डेपुर, इचाक, नवाडीह एवं उदयपुरा जिला–लातेहार, राज्य–झारखंड के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

जिला : लातेहार
https://egazette.gov.in
प्रकाशन तिथि: 9 मई, 2025

फाइल नंबर : NHAI/RO/RNC/JH/LA/3A]
शेख अमीनखान, निदेशक

https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/showFileCA.cshtml?notification_id=72429&file_id=48552
https://egazette.gov.in/(S(2ja5vvf2zt2c4xi22vk0rbeo))/ViewPDF.aspx

**समय संवाद**

बाजारवाद के आगे आप और हम हारते इसलिए हैं क्योंकि हम अपनी ईगो या अहंकार के गुलाम बने रहते हैं। ऐसा करना सुगम होता है क्योंकि ईगो के बहाव के साथ बहना आसान है। समाज व्यक्तियों से बनता है और जब ज्यादातर लोग उसी बहाव में बहते दिखते हैं तो समाज भी उसी बहाव में बहता दिखता है। और जैसे ही समाज बहता दिखता है बाजारवाद की लहर में, हम अपने बहने को सही मान लेते हैं। लेकिन ध्यान रहे, बहाव के साथ मुर्दा लाशें ही बहती हैं और इसी चाल को भेड़ चाल कहते हैं। बहाव के खिलाफ तैरने के लिए हुनर और हिम्मत चाहिए। नौसेना में तो बाकायदा इसकी ट्रेनिंग होती है, वो भी समुद्र में। खैर, अब कंज्यूमर किंग तो बना दिया गया है। महीने के अंत में मिलना वही बंधी तनख़्वाह है।

# बाजार आज राजा है शेष सभी गुलाम

**मनोज शर्मा**

**वहीं** बाजारवाद में सामान पहले बनाया जाता है, और जरूरतें फिर पैदा की जाती हैं।

इसे ऐसे समझिए कि जब आपकी जरूरत साफ पीने योग्य पानी है, तो बाजारवाद आपको बिसलेरी का पानी पीने को बाध्य करेगा। समझाया जाएगा ये प्योर है, सबसे अच्छा है, सबसे साफ है। ऐसे ही, जब आपकी जरूरत तेल, साबुन, मंजन है, तब बाजारवाद आपको समझायेगा कि फलाना ब्रांड का तेल, साबुन, मंजन लेना चाहिए क्योंकि वो सबसे अच्छा है, बेहतरीन क्वालिटी का है। खैर, बात वापस अपने मुद्दे की। चर्चा ईगो पर पहुंची थी। तो फि लहाल बाजारवाद आपकी-हमारी ईगो का मसाज ऐसे कर रहा है कि हमें-आपको कंज्यूमर इज किंग कर राजा घोषित कर रहा है। एक आभासी दुनिया में राजा बना रहा है।

अब आपको राजा घोषित कर दिया गया तो आपको राजा की परिभाषा पर पूरा भी उतरना पड़ेगा। मतलब राजसी तरीके से रहना और खर्चा करना। खर्च करने के लिए बाजारवाद ने आपके लिए सामान पहले ही बना कर रख लिए हैं, मसलन सबसे अच्छा



तेल, मंजन, शैम्पू।

तो अब आप राजा बनने के एहसास में राजसी खर्च करने लगे। भले ही आपको जरूरत न हो, आपने नयी जरूरतें बना लीं। मसलन कोई खास क्रीम या कोई स्पेशल फूड। और उन जरूरतों को पूरा करने और राजा सा दिखने के चक्कर में आपने अपने आर्थिक संसाधनों का दोहन शुरू कर दिया। और अब आपके इस किंग होने के एहसास के चलते, आपके परिवार की आदतें भी वैसी बनने लगीं। अब आपके बच्चे भी प्रिंस और प्रिंसेज बन गए। अब राजा साहब और रानी साहिबा सुबह से शाम या रात तक दफ़्तरों में काम करते हैं चुपचाप क्योंकि अब वो राजा सा दिखने के लिए दफ़्तर के गुलाम बन चुके हैं। नौकरी नहीं तो राजसी शौक और जीवनशैली कैसे मैनिज करेंगे? और राजा भी अब अमूमन वीकेंड पर ही बन पाते हैं, या बहुत हुआ तो दफ़्तर के बाद कभी-कभी शामों को जब ईगो मसाज के लिए राजा साहब, क्वीन और प्रिंस और प्रिंसेज के साथ किसी रेस्टोरेंट में राजसी खाने के अनुभव के लिए जाते हैं।

इस सब के बीच वो बाजारवाद का चेहरा खी-खी कर छिप कर हंस रहा होता है। बिल्कुल वैसे ही, जैसे आप हैरत से हंसेंगे अगर आप सड़क पर किसी परिवार को राजसी वेशभूषा में टहलता और नॉर्मल सा बिहेव करता देखेंगे। आपको पता है वो राजा नहीं, न किसी फि ल्म की शूटिंग चल रही है, और न कोई फैंसी ड्रेस शो। आपके मूँह से शायद निकले ह्यये पगला गए हैं क्या?

बस ठीक ऐसा ही बाजारवाद को बढ़ाती ब्रांड्स को लगता है। वो हँसते हैं आप पर मन ही मन क्योंकि आप उसी फजी राज परिवार से हैं जैसा सड़क पर आपने घूमता देखा। वो हँसते हैं आपको देख कर क्योंकि आप उनके जाल में फंस उनकी जेब गरम कर रहे हैं। और वो ब्रांड्स आपके सामने अब और ज्यादा जोश और संजीदगी से बताते हैं कि आप जो कर रहे हैं वो सही है क्योंकि आपके ह्यपरिवार की सेहत और सुरक्षा और खुशीह्व के लिए वो सब जरूरी है। और आप फिर इमोशनल गेम में उनके फंस गए।

खैर, अब राजा साहब ने इतना प्रचार कर दिया अपने राजा होने का कि वो अगर अपने नॉर्मल रूप में घूमेंगे को उन्हें अजीब लगेगा और शायद शर्मिंदा महसूस करेंगे। इसलिए अब राजा साहब ओढ़े रहते हैं वही घिसा हुआ राजसी चोला जिसके पीछे से झाँकती है असलियत।

वैसे न जाने क्यों राजा साहब का सुनते ही शादियों में गेट पर खड़े उन चमकीले कपड़ों और नकली मूंछों और भाले लिए राजसी सुरक्षा कर्मी याद आ गए। जिन्हें मेजबान ने शायद किसी राजसी आभास के लिए खड़ा किया था लेकिन असलियत आपको पता होती है। अंदर न राजा होता है न रानी, और प्लेट पर मिलती है वही पुड़ी-पनीर और ग्लास में होता है वही पानी। सब सोच कर हंसी आ रही है।अब अगर नार्मल बाजार से खरीदारी करते तो जाहिर है ज्यादा तनख़्वाह बचती, ज्यादा तसल्ली रहती, और टेंशन कम रहते क्योंकि जेब में बच रहा है ज्यादा कैश। (पत्रकारिता विभाग रांची विवि)

# धार्मिक निष्ठा हर काल में हिन्दूओं का रक्षक

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**समाज** की मजबूती प्रेम से संभव है। अगर किसी व्यक्ति को जंगल में अकेले भेज दिया और सभी साधन उसके पास हो तब भी वह खुश नहीं रहता है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है, यह सभी जानते हैं और शौक से गुलामी भी की जाए तो बुरी नहीं लगती है। उन्होंने कहा कि तन, मन और धन के समर्पण की बात की जाती है। तन और धन का समर्पण ज्यादा कठिन नहीं है लेकिन मन का समर्पण सबसे कठिन है। कंचन तजना सरल है सरल त्रिया का मोह, लेकिन मन जो मान से बना है और उसे मांद से समझना आसान होता है। उसमें जीव सबसे ज्यादा घिरा होता है। इसमें सबसे ज्यादा लोग फंसते हैं। जिसने मन का समर्पण कर दिया वह मान-अपमान से उपर हो जाता है।

लक्ष्मण का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि लक्ष्मण का मन राम को समर्पित था। लक्ष्मण ने जितनी बार क्रोध किया वह राम के अपमान पर किया, चाहे चित्रकूट में भरत पर, गंगा पार कराते निसाध पर, धनुषभंग के क्रम में परशुराम पर। जीव सबसे ज्यादा मान अपमान में फंसता है और इससे ही अहंकार पैदा होता है। इस मन को हम प्रेम के माध्यम से ही समर्पित करते हैं।

भारतीय समाज में जब प्रेम था तब भारत दुनिया का सबसे समृद्ध और सुदंर देश था। भारतीय मन कभी हिंसक और साम्रज्यवादी नहीं रहा। मौर्य वंश के बाद गुप्त वंश तक लगभग 800 वर्षों तक पूरे विश्व में भारत का डंका बजता रहा। यूरोपीय देश भारत से व्यापार करते थे। लोग बहुत समृद्ध थे। प्रेम और त्याग की भावना से भरे थे। यूरोपीय देश अरब होकर भारत से व्यापार करते थे। अरब के लोगों को इस व्यापार के कारण भारत की समृद्धि की जानकारी मिली।

इस कारण नादिरशाह, तैमूरलंग जैसे कई अरबी शासकों ने भारत पर आक्रमण कर लूट-पाट की और लौट गये। दूसरी ओर भारत की समृद्धि के कारण यूरोपीय देशों ने भारत तक आने को समुद्री मार्ग खोजना चाहा क्योंकि अरब देशों में चुंगी अधिक हो गयी। इसी क्रम में कोलंबस 1498 में निकला और अमेरिका की खोज हो गयी, जिसे रेड इंडियंस कहा गया। फिर वास्कोडिगामा ने भारत की खोज की। अंग्रेजों ने इसी समृद्धि के कारण देश को गुलाम बना लिया। दुनिया की सबसे अच्छी आबोहवा भारत के गंगा युमना के मैदानी क्षेत्र और पंजाब के पंचनद क्षेत्र की है। समतल मैदान, उपजाउ भूमि, धर्म में आस्था रखने वाले लोग। दूसरे विश्व युद्ध में ब्रिटेन तबाह हो गया और भारत को आजाद करना उसकी बाध्यता हो गयी। इस बीच मुगलों ने शासन किया और उन्हें भारतीय समाज ने सहजता से स्वीकार किया। उस काल में भी धार्मिक निष्ठा हमारी सुरक्षा कवच के तौर पर काम करती है। समाज को एक करने में धर्म का महत्वपूर्ण योगदान है। पूरे विश्व में ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम की स्थापना प्रेम बढ़ाने के लिये ही की गयी है जिससे धर्म की स्थापना स्वतः होती है। श्री राम का जीवन संतोष, प्रेम, त्याग और तप का जीवन था। यही कारण है कि आज भी भारतीय जीवनशैली एक मात्र संतोष प्रधान है। जो दिया अच्छा दिया। न्यायालय के उपर दयालय की कल्पना है। ईश्वर और कुदरत के बीच का सूक्ष्म अंतर भारतीय संतों ने दुनिया को बताया। स्वामी सदगुरु शिवर्धमानंदजी ने कहा था कि भारत समृद्ध था और फिर देश को समृद्ध होने से कोई नहीं रोक सकता है। कोई भी संप्रदाय देश की मूल भावना से हटकर कार्य करें तो असंतोष पनपेगा इसलिए सभी को देश के मूल भावना का, मूल प्रकृति का सहयोगी वृति का ख्याल रखना चाहिए।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थानः छोटका राजपुर, बक्सर, बिहार)

# ड्राई आई सिंड्रोम से बचें

**रितु ढिल्लों**

**आंखें** कुदरत का अनमोल रतन हैं। इनका ध्यान रखें। लंबे समय तक लैपटॉप और मोबाइल का इस्तेमाल करने से बच्चों में ड्राई आई सिंड्रोम की समस्या आम हो गई है। यूं तो पहले भी टीवी ज्यादा देखने वाले बच्चों में ऐसी परेशानी देखी जाती थी, लेकिन कोविड-19 के चलते बच्चों की पढ़ाई ऑनलाइन होने से यह समस्या बढ़ गई। बच्चे ही नहीं, बड़े भी ड्राई आई सिंड्रोम का शिकार हो रहे हैं। लेकिन मोबाइल और लैपटॉप के अंधाधुंध प्रयोग ने बच्चों को ऐसा बांधा कि लगातार एक ही जगह पर नजरें टिकाए रहने से न तो उनकी आंखों का व्यायाम हो पाता है और न ही बीच-बीच में जरूरी आराम मिल पाता। समय के हिसाब से ऑफिस या स्कूल के काम का भले ही अंदाज बदला हो, लेकिन अपनी आंखों का ध्यान हर किसी को रखना चाहिए।

कोशिश करें कि समय-समय पर आपकी आंखों को आराम मिले और लगातार आप किसी स्क्रीन की तरफ देखते नहीं रहें।

**क्या हैं लक्षण**

आंखों में जलन और खुजली होने के साथ ही दृष्टि धुंधली होने लगती है। ऐसा भी देखा गया है कि आंखों से पानी आना भी ड्राई आई सिंड्रोम का लक्षण हो सकता है। सामान्यतः आई सिंड्रोम के लक्षण हैं-आंखों में जलन (इचिंग) महसूस होना, आंखें भारी होना, आंखे शुष्क होना, आंखें लाल होना, दृष्टि धुंधली होना। ऐसी समस्या आए तो चिकित्सक से परामर्श लें। इस समस्या से बचाव के लिए विटामिन-ए युक्त चीजों का अधिक सेवन करें। साथ ही पेय पदार्थ अधिक लें। बच्चों को अनावश्यक रूप से मोबाइल का इस्तेमाल करने से रोकें। चिकित्सक की सलाह के बिना आंख में कुछ भी न डालें।

**इस सिंड्रोम के कारण और निदान**

मुख्य कारणों में शामिल हैं, लंबे समय तक डिजिटल डिवाइस का इस्तेमाल करना, ज्यादा समय तक एसी में रहना, लगातार कॉन्टेक्ट लैंस का प्रयोग करना, फैटी एसिड वाले भोजन का न करना, बहुत ज्यादा किताबें पढ़ना। आई सिंड्रोम की परेशानी से बचने के लिए जरूरी है कि लगातार स्क्रीन के सामने न रहें, ब्रेक लेते रहें, विटामिन-ए युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें, पेय पदार्थों का सेवन अधिक करें, तंबाकू और एल्कोहल के प्रयोग से बचें और साबुत अनाज, फल और सब्जियों का सेवन करें।

# ओरल हेल्थ को लेकर रहें सजग

**मिताली जैन**

जब भी ओरल हेल्थ की बात होती है तो आमतौर पर लोग दिन में दो बार ब्रश करना ही पर्याप्त समझते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। आपके दांतों के साथ-साथ जीभ की सफाई करना भी उतना ही जरूरी है। हालांकि कई बार जीभ की क्लीनिंग को पूरी तरह से इग्नोर किया जाता है। जिसके कारण जीभ पर एक सफेद परत जम जाती है। जिसके कारण ना सिर्फ मुंह से बदबू आती है, बल्कि इसे बैक्टीरियल इंफेक्शन होने व अन्य कई समस्याएं होने का खतरा भी रहता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप अपनी जीभ की सफाई किस तरह से बेहद आसानी से कर सकते हैं-



**लहसुन**

आमतौर पर जब लहसुन को भोजन में शामिल किया जाता है और आप उसका सेवन करते हैं तो इससे मुंह से स्मेल आती है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह आपकी जीभ की सफाई में भी मददगार है। दरअसल, जब इसे कच्चा खाया जाता है तो यह बैक्टीरिया को खत्म करता है, जिससे जीभ जल्दी ही क्लीन हो जाती है।

**एलोवेरा का करें इस्तेमाल**

हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार, एलोवेरा में एंटी-इंफलेमेटरी व हीलिंग प्रॉपर्टीज होती हैं। यह जीभ और मसूड़ों पर कीटाणुओं को मारने में मददगार साबित हो सकता है। इसके इस्तेमाल के लिए एक बड़ा चम्मच एलोवेरा का रस मुंह में लें और इसे कुछ मिनटों के लिए घुमाएँ, और इसे थूक दें। फिर अपने मुंह को गर्म पानी से कुल्ला करें। आप इसे दिन में कई बार दोहरा सकते हैं।

**नमक आएगा काम**

जीभ साफ करने के लिए नमक सबसे अच्छा और सस्ता उपाय है। यह आपकी जीभ से गंदगी व डेड स्किन सेल्स को बेहद आसानी से हटाता है। इसके लिए आप जीभ पर कुछ नमक छिड़कें और एक मिनट के लिए टूथब्रश से हल्के से ब्रश करें। फिर अपने मुंह को पानी से कुल्ला। दिन में दो बार दोहराएं। आपको पहली बार में भी अंतर नजर आएगा।

**हल्दी**

हल्दी किचन में इस्तेमाल किया जाने वाला महज एक मसाला नहीं है, बल्कि यह मुंह के लिए एंटीसेप्टिक दवाओं का एक उत्कृष्ट विकल्प है। इसके इस्तेमाल के लिए आप नींबू और हल्दी को मिलाकर एक पेस्ट बनाएं। अब 2 मिनट के लिए जीभ पर इस पेस्ट को रगड़ें। आखिरी में गर्म पानी से अच्छी तरह कुल्ला करें।

# अब शेरनी की दहाड़ है...



**पल्लवी सिंह**


देखें वीर अनेक,
अब शेरनी की दहाड़ है।
एक आसमान की बिजली

दूसरी भूकंप की आगाज है।।

विंग कमांडर व्योमिका सिंह
कर्नल सोफिया कुरैशी
भारत माता की शान है।।

सिंदूर मिटाने वाले आतंकी,
तुझे एक चुटकी सिंदूर की कीमत बताएंगे
तुझसे भारत माता की जय के नारे लगाएंगे।

इंदिरा ही थी वह नारी,
हर भारतीय के दिल में बसी है मां काली ।।
आतंकी, रोते हुए तुने हमें छोड़ा था,
सुनो हम हिंद की नारी हैं,
हिम्मत ही सुहाग हमारा,
मातृभूमि के खातिर, कुर्बान है जहां सारा ।।



कलमा पूछ के मारने वाले,
तुझे कलमा का मतलब बताएंगे
जय श्री राम के नारे लगवाएंगे।।
मत भूलो पाकिस्तान,
1971 में तेरे टुकड़े हुए ।

और कहा था तुने मोदी को जाकर बताओ'
आ गए हैं तुझे मिटाने
भारत की सीमा को अफगानिस्तान से मिलाने,
जय मां भवानी,
जय हिंद, जय हिंद की सेना ।।

# जाने कहां गये वो दिन...



अब चिट्ठियों का जमाना लद गया है। पहले लोग डाकिया और अपनी सुविधा के लिये अपने घर में लेटर बॉक्स लगाया करते थे। राजधानी रांची के कोकर स्थित बैंक कॉलोनी के एलसी विश्वास के घर पर लगा यह लेटर बॉक्स अपनी प्रासंगिकता खोकर अंतिम दिन गिन रहा है। इस तस्वीर को अपने कैमरे से उतारा है हमारे सुधी पाठक और खबर मन्त्र के स्थापना काल से जुड़ें **जीवीएस शास्त्री ने।** अगर आपको भी इस तरह के मानवीय दिलचस्पी की तस्वीर नजर आये तो हमें अवश्य प्रेसिंत करें।

हम आपकी तस्वीर और नाम के साथ उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।




# आइये ट्रेकिंग करें इन गर्मियों में

**रमेश पठानिया**

अगर आप हाइकिंग, ट्रेकिंग में रुचि रखते हैं तो हिमाचल एक खूबसूरत विकल्प है। कुल्लू मनाली में कई खूबसरत ट्रेक हैं जो अप्रैल, मई और जून के महीने में किये जा सकते हैं। यह सब इतने कठिन भी नहीं हैं। जैसे कुल्लू से बिजली महादेव, थार्ट से माहुट या माहुटी नाग। आज जिस ट्रेक पर आपको लेकर चल रहा हूं, वह माहुटी नाग मंदिर का ट्रेक है। कुल्लू से बिजली महादेव के रास्ते जाते हुए आप थार्ट से यह ट्रेक शुरू कर सकते हैं वाइल्ड एडवेंचर कैंप से एक पगडंडी जाती है। जो आपको एक खूबसूरत चरागाह, सारी पधर तक ले जाती है। चीड़, देवदार के पेड़ों के बीच के मनमोहक चरागाह देखते ही बनती है। बलखाती पगडंडी पुराने देवदार के गगनचुम्बी पेड़ों के बीच से होकर गुजरती है। बीच में विशालकाय चट्टाने हैं और कहीं कहीं गुफाएं हैं, जिनमें बारिश या मुसीबत के समय आप शरण ले सकते हैं। यह गुफायें कितनी पुरानी है इसका कोई अनुमान नहीं है। लिखणु जोत होते हुए आप पाहुरुआड़ पहुंचते हैं जहां इतनी बड़ी चट्टानें हैं कि आप उनका आकार देखकर हैरान हो जायेंगे। वहां से पार्वती घाटी का विहंगम दृश्य दिखता है। इसके आसपास कई गुफाएं हैं जिनमें जाना खतरे से खाली नहीं है। उनकी लम्बाई-चौड़ाई का कोई अनुमान भी नहीं लगाया जा सकता।

इसकी ट्रेक खासियत यह है कि चारों और से घने पेड़ों से घिरा है और कई चट्टानों पर ब्राह्मी भाषा में कुछ शिलालेख भी हैं। बड़ी चट्टानों पर पानी के निशान हैं, जो कितने पुराने हैं इनका कोई अनुमान नहीं है। यहां पर जैसे-जैसे ऊंचाई बढ़ती जाती है, कोणधारी पेड़ों की संख्या और प्रकार भी बदलते जाते है। जैसे चीड़, देवदार, रई तोश, कायल और रखाल के बड़े पेड़ मिलते हैं। इन सब की लकड़ी भवन निर्माण में प्रयोग की जा सकती है। रखाल एक ऐसा पेड़ है जिसकी छाल और पत्तों से चाय बनती है, जो स्वास्थ्य के लिये बहुत लाभकारी है इसे ग्रीन-टी भी कह सकते हैं। फ्लाण बसंत में पहाड़ पर खिले वाला पहला फूल है। मार्च-अप्रैल में अगर आप भाग्यशाली हैं तो आप को बर्फ भी मिल सकती है। 6 किमी इस ट्रेक में जब आप बैरिंग टॉप पहुंच कर चारों और नजर घुमाएंगे तो आपको सारी पहाड़ियां जो आपको कुल्लू से बहुत ऊंची लगती हैं बहुत बोनी दिखाई देंगी।

बैरिंग टॉप के बाद डेढ़ किमी चलने के बाद आप सीधे माहुटी नाग के मंदिर के पहले दर्शन करते हैं। छोटा-सा लकड़ी का मंदिर है नाग देवता का जिसके पास जाना मना है। देवभूमि में बहुत से मंदिरों में एक सीमा तक ही आप जा सकते हैं कुछ में प्रवेश खास उत्सव के समय ही किया जा सकता है। धार्मिक मान्यताएं यहां की शैली और परम्परा में हैं।

**पर्यावरण की चिंता**




साभारः कॉटून मूवमेंट डॉट कॉम

# गर्भपात और पूर्व प्रसव से बचने वाली दवाईयों से कैंसर का खतरा

**प्रिया शर्मा**

कई बार गर्भवती महिलाऐं गर्भपात और समय से पूर्व प्रसव से बचने के लिए दवाइयों का सेवन करती हैं। लेकिन इससे लंबे समय में उनके साथ-साथ उनके गर्भ में पल रहे बच्चे पर भी नकारत्मक प्रभाव पड़ता है। गर्भपात या समय से पूर्व बच्चे का जन्म रोकने के लिए दी जाने वाली एक दवा का महिला के गर्भाशय पर बुरा प्रभाव पड़ता है, जिससे बच्चे में कैंसर का खतरा अधिक है। यह निष्कर्ष ह्यूस्टन स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास हेल्थ साइंस सेंटर के साइंटिस्टों की तरफ से की गई रिसर्च में सामने आए है। यह निष्कर्ष अमेरिकन जर्नल ऑफ अब्स्टेटिक्स एंड गाइनकोलाजी में प्रकाशित हुए है।

साइंटिस्ट्स के मुताबिक, 17-ओएचपीसी (17-डलढउ) नामक दवा एक सिंथेटिक प्रोजेस्टोजन है, जिसका इस्तेमाल 1950-1960 से लेकर वर्तमान समय में भी पूर्व प्रसव रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं को दी जाती है। प्रोजेस्टेरोन गर्भावस्था के दौरान गर्भ को बढ़ने में मदद करता है और इसके साथ ही गर्भवती महिला में प्रारंभिक संकुचन की रोकथाम करता है, जिसकी वजह से ही गर्भपात का खतरा बढ़ता है। इस अध्ययन की लेखिका, कैटलिन सी मर्फी के मुताबिक, गर्भावस्था के दौरान दवा लेने वाली महिलाओं से पैदा हुए बच्चों में सारी उम्र कैंसर का रिस्क सामान्य बच्चों की तुलना में दोगुना बना रहता है।

क्या कहते हैं एक्सपर्ट्स

अध्ययन के शोधकताओं ने बताया कि 1960 में या उसके बाद पैदा हुए लोगों में कोलोरेक्टल यानी आंत और मलाशय कैंसर, पैंक्रिएटिक कैसर, थायराइड कैंसर समेत कई अन्य बीमारियां देखी गईं लेकिन इसका कोई ठोस कारण किसी को पता नहीं था। इसी के मद्देनजर शोधकताओं ने जून 1959 से जून 1967 के बीच एक योजना के तहत जिन



महिलाओं ने प्रसव-पूर्व देखरेख की सेवाएं लीं, उनके डेटा के साथ ही कैलिफोर्निया कैंसर रजिस्ट्री के डेटा की भी समीक्षा की।

स्टडी का निष्कर्ष

इस अध्ययन में शोधकताओं ने 18,751 से लोगों के आंकड़ों का अध्ययन किया, जिसमें से 1,008 लोगों को कैंसर हुआ था और इन लोगों में से 234 लोग गर्भावस्था के दौरान दवा 17-ओएचपीसी के संपर्क में आए थे। वयस्क होने पर कैंसर ग्रसित होने वाले लोगों की संख्या दोगुनी थी, जो गर्भावस्था के दौरान इस दवा के संपर्क में आए थे। खास बात यह कि 65 प्रतिशत लोग 50 साल से कम उम्र में ही कैंसर पीड़ित हुए।

केटलीन सी मर्फी ने बताया कि स्टडी में पाया गया कि गर्भावस्था के दौरान इस दवा के इस्तेमाल से बच्चों का शुरूआती विकास बाधित हो सकता है, जिससे दशकों बाद कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि स्टडी में इस दवा के प्रयोग से सिंथेटिक हार्मोन का प्रभाव भी देखने को मिला। उन्होंने आगे कहा कि जो प्रक्रिया या बदलाव हमारे साथ गर्भ में होते हैं, वे कई दशकों बाद कैंसर के विकास के लिए महत्वपूर्ण जोखिम कारक हैं। उन्होंने कहा कि 17-ओएचपीसी लेने का कोई लाभ नहीं है और यह दवा समय से पहले जन्म के जोखिम को भी कम नहीं करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने अक्तूबर 2020 में प्रस्ताव दिया था कि इस विशेष दवा को बाजार से वापस ले लिया जाए।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सौदा बस्ती पारटांड के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना के बाद भुरकुंडा पुलिस शव को अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। जानकारी के अनुसार रीवर साइड दुमहानी कॉलोनी निवासी तेजुवा महतो ( 43 वर्ष) मोटर साइकिल जेएच 02 एन–5249 से बड़ी बेटी अशकी देवी के ससुराल बीचा से वापस लौट रहा था। इसी क्रम में सौदा बस्ती पारटांड मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर सडक किनारे डिवाइडर से जा टकराया। घटना में तेजुवा महतो के सर में गंभीर चोटें आई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को भुरकुंडा सीसीएल आदर्श क्षेत्रीय अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही भुरकुंडा ओपी के एसआई अविनाश कुमार भुरकुंडा सीसीएल अस्पताल पहुंचे। जहां शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक अपने पीछे पत्नी रेखा देवी, दो पुत्री और एक पुत्र सहित भरापुरा परिवार छोड़ के गया है। इधर घटना की जानकारी मिलते ही मृतक का परिवार भुरकुंडा अस्पताल पहुंचा। परिजनों की चित्कार से पुरा अस्पताल गमगीन हो गया। मृतक राजमिस्त्री का काम करता था।

### नयामोड़ में जदयू की बैठक आज

**कुजू।** जनता दल युनाइटेड की बैठक रविवार को नयामोड़ कार्यालय में होगी। यह जानकारी जदयू जिला अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू ने दी। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष सह रामगढ़ जिला प्रभारी कुमेश्वर महतो शामिल होंगे। उन्होंने बैठक में जिला के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को शामिल होने का आग्रह किया।

### शिक्षा में सुधार की जरूरत : रामेश्वर




**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जय भारत मंच के प्रांतीय अध्यक्ष रामेश्वर गोप ने शनिवार को कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था बदहाल है और गरीब तबके के बच्चों के लिए आज भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एक सपना बनी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में समान शिक्षा का अधिकार केवल कागजों पर है, जबकि जमीनी स्तर पर इसकी स्थिति चिंताजनक है। रामेश्वर गोप ने कहा कि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी स्कूलों की हालत खराब है। कहीं शिक्षक नहीं हैं तो कहीं भवन जर्जर स्थिति में है। बच्चों को न तो अच्छी किताबें मिलती हैं और न ही तकनीकी संसाधन। उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि वह ऐसी नीति बनाए जिससे समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के बच्चों तक भी वही शिक्षा पहुंचे जो शहरों में रहने वाले बच्चों को मिल रही है। श्री गोप ने कहा कि जब तक झारखंड में हर बच्चे को समान अवसर और बेहतर शिक्षा नहीं मिलेगी, तब तक विकास की बात अधूरी रहेगी।

### वर्ल्ड हाइपरटेंशन डे पर कार्यक्रम




**रामगढ़।** विश्व रक्तचाप दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिला के सदर अस्पताल, रामगढ़ के परिसर में डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन, एवं डॉ० तुलिका रानी, जिला कुष्ठ निवारण सह नोडल पदाधिकारी एनसीडी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सिविल सर्जन ने कहा कि स्वस्थ आहार, नियमित व्यायाम, स्वस्थ वजन स्तर का रखरखाव, शराब और धूम्रपान नहीं करें। डॉ. तुलिका रानी जिला कुष्ठ निवारण सह नोडल पदाधिकारी, रामगढ़ ने कहा कि तनाव, उच्च रक्तचाप के कुछ संभावित लक्षण सिर दर्द, छाती में दर्द, थकान, सांस लेने में कठिनाई, चक्कर आना और मूत्र में रक्त इत्यादि नियमित रूप से दवा लेना और डॉक्टर कि सलाह लेते रहनी चाहिए। समारोह में मुख्य रूप से पदाधिकारी, चिकित्सा पदाधिकारी, डीएस, डीएमडब्लू, डीटीओ , डीपीएम , डीएएम , डीडीएम , एनपीपीसीएफ कंसलटेंट आदि शामिल हुए ।

### नये परियोजना पदाधिकारी का स्वागत



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना में नए परियोजना पदाधिकारी रामेश्वर मुंडा के पदभार ग्रहण के बाद करमा परियोजना एसटी एससी बीसी कॉओडिनेशन काउसिल ने बुके देकर व अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत किया। साथ परियोजना से जुड़े समस्याओं को उनके समक्ष रखा। जिसपर परियोजना पदाधिकारी ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। जबकि सभी को कोलियरी हित एवं मजदूर हित के लिए कार्य करने का भरोसा दिलाया। स्वागत करने वालों में राजकुमार महतो, मिश्रलाल मुंडा, सुरेश कुमार मांझी, राजेंद्र मुंडा, सदस्य तरुण कुमार रंजन, अली मोहम्मद, मो जान, भारती देवी, तिर्ती देवी, सुनीता देवी, मनोज कुमार, श्रवण कुमार, राकेश कुमार मुख्य रूप से शामिल थे।

### यज्ञ के दूसरे दिन धार्मिक अनुष्ठान



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा के सयाल मोड़ स्थित मां शीतला मंदिर प्रांगण में स्थापित मां दक्षिणेश्वर काली मंदिर के 25वां स्थापना दिवस के अवसर पर चल रहे तीन दिवसीय यज्ञ अनुष्ठान के दूसरे दिन शनिवार को पुरोहित द्वारा कई धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराये गये। इस दौरान वाराणसी और रांची से आये आचार्यों के द्वारा पुरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच सासशती पाठ, पूजन–अनुष्ठान की गई। वहीं यज्ञ मंडप का परिक्रम और संध्या आरती में श्रद्धालु महिला–पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी रही। पूजा में बतौर यजमान ननकू महतो व रुबी देवी, राजन नायक व मधु देवी, रोशन नायक व सरस्वती देवी, विजय वर्मा व पूनम देवी, संतोष चौरसिया व रतनी देवी, उपेन्द्र प्रसाद व रीना देवी सपत्नी शामिल हुए। पूजा के दौरान आराध्य देवी–देवताओं के भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इधर संध्या में प्रवचन का आयोजन का किया गया। जिसमें आचार्य शिव शंकर पांडेय ने अपनी अमृतवाणी की वर्षा में श्रद्धालुओं को डुबोये रखा। उन्होंने प्रवचन के माध्यम से धर्म, आस्था और जीवन मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला।


# कोयला तस्करों की अंधी कमाई

## फर्जी पत्रकारों और खाकी के गठजोड़ ने गंझुनिया को बना दिया कोयला हब

**खबर मन्त्र संवाददाता**

हजारीबाग/पतरातू। गंझुनिया में कोयला तस्करी का गोरखधंधा इस कदर हावी है कि इलाके के लोग दहशत में जी रहे हैं। इस अवैध कारोबार को बढ़ावा देने के लिए तस्करों ने एक पूरा नेटवर्क खड़ा कर रखा है। सूत्रों के अनुसार, इस रैकेट को संचालित करने के लिए 'मैनेजमेंट गुरु' के नाम से कुख्यात ऋषि कुमार ने फर्जी पत्रकारों और कुछ 'खाकी' वालों को अपने शिकंजे में ले रखा है।

सूत्र बताते हैं कि गंझुनिया के अवैध कोल डिपो में ऋषि कुमार के साथ एकरामुल अंसारी नामक व्यक्ति भी शामिल है। यह अवैध धंधा कई महीनों से फल-फूल रहा है और पुलिस की आंखों के सामने संचालित हो रहा है। बताया जा रहा है कि ऋषि कुमार कोयला तस्करों के लिए वह पुल साबित हो रहा है, जो पुलिस और फर्जी पत्रकारों के बीच कड़ी के रूप में काम करता है। अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, ऋषि कुमार का 'मैनेजमेंट' का तरीका बेहद शातिराना है। वह पहले फर्जी पत्रकारों को मोहरा बनाकर खबरें दबवाता है और विरोधियों को धमकाने का काम करता है। इसके बाद, वह



पुलिस के कुछ कथित 'मैनेज्ड' कर्मियों को मोटी रकम पहुंचाकर पूरे रैकेट को सुरक्षित रखता है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही। लोग कहते हैं कि तस्करों और पुलिस के इस गठजोड़ ने गंझुनिया को अवैध कोयला कारोबार का गढ़ बना दिया है। मांडू विधायक तिवारी महतो से जब इस मामले पर प्रतिक्रिया लेनी चाही तो उन्होंने फोन पर बात करने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि यह मुद्दा काफी संवेदनशील है और वह इस पर फोन पर कुछ नहीं कह सकते।

अब देखने वाली बात यह है कि क्या प्रशासन इस गठजोड़ पर लगाम कस पाएगा या फिर ऋषि कुमार का 'मैनेजमेंट' कोयला तस्करों को बचाने में कामयाब रहेगा।

# रामगढ़ में सरकारी भूमि होगा अतिक्रमण मुक्त : उपायुक्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिले के सभी क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया है। इसके तहत सर्वप्रथम स्थल निरीक्षण कर अतिक्रमित भूमि को चिन्हित करने एवं इसके उपरांत अभियान चलाकर भूमि आदि को अतिक्रमण मुक्त करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शनिवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार द्वारा उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो सहित अन्य अधिकारियों के साथ रामगढ़ अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया वहीं भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया। उपायुक्त रामगढ़ अंतर्गत रांची रोड मरार पहुंचे जहां उन्होंने अतिक्रमण हटाने के

### डीसी, डीडीसी व अधिकारियों ने कई इलाकों का किया निरीक्षण



तहत चल रहे कार्यों का जायजा लिया। मौके पर उपयुक्त ने अच्छे तरीके से अतिक्रमण हटाने एवं आगे भी किसी प्रकार का अतिक्रमण न होने देने का निर्देश दिया। रांची रोड मरार के उपरांत उपायुक्त माण्डू प्रखंड अंतर्गत कुज्जु मुरपा के सरना टोली पहुंचे जहां उन्होंने स्थल पर अतिक्रमण का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने अधिकारियों को जल्द से जल्द स्थल से अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने अधिकारियों से पतरातू प्रखंड अंतर्गत बुजुर्ग जमीरा क्षेत्र में अतिक्रमण की जानकारी लेते हुए अतिक्रमण हटाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान चलाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, गोपनीय प्रभारी रविंद्र कुमार गुप्ता, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद मनीष कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ प्रभात शंकर, अंचल अधिकारी रामगढ़ सुदीप एक्का सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में शामिल हुईं श्रेया

**रामगढ़।** आर्मी पब्लिक स्कूल, रामगढ़ कैंट की कक्षा दसवीं की छात्रा श्रेया मेहता ने अद्वितीय वैज्ञानिक सोच और नए प्रयोग के बल पर इंस्पायर अवार्ड्स-मानक योजना 2023-24 के अंतर्गत अपनी उपलब्धि हासिल की। यह प्रतियोगिता 16 मई को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार, नई दिल्ली के तत्वाधान में माध्यमिक शिक्षा निदेशालय, रांची द्वारा राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी-सह-प्रोजेक्ट प्रतियोगिता का आयोजन अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव, जिला विद्यालय, रांची में आयोजित किया गया। जिसमें श्रेया मेहता ने राष्ट्रीय स्तर की प्रदर्शनी एवं परियोजना प्रतियोगिता के लिए चयनित होकर विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र को गौरवान्वित किया है। झारखंड राज्य के सैकड़ों विद्यालय से 42000 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया जिसमें केवल 15 विद्यार्थियों का चयन इस प्रतिष्ठित मंच के लिए हुआ है।

### बिजली के खंभों से टकराया हाइवा, तीन पोल क्षतिग्रस्त

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा हॉस्पीटल कॉलोनी स्थित बिजली सब स्टेशन मोड़ के समीप शनिवार तड़के एक अनियंत्रित हाइवा (जेएच 02 एएक्स-5468 ) बिजली खंभों से जा टकराई। जानकारी के अनुसार सुबह करीब 3 बजे चालक ने सामने से आ रही बोलेरो को बचाने की कोशिश में नियंत्रण खो दिया और हाइवा सीधे बिजली के तीन खंभों से टकरा गया। हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है, लेकिन तीन विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हादसे के बाद बिजली विभाग ने सुरक्षा के लिहाज से लाइन को बंद कर दिया। 33 हजार वोल्ट का संरक्षण तार पोल से अलग होकर सड़क पर लटक गया, जिससे खतरा और बढ़ गया। दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को क्रेन की मदद से हटाया गया, लेकिन सड़क पर दोनों ओर लंबी गाड़ियों की कतार लग गई। करीब आठ घंटे तक बिजली आपूर्ति बंद रहने से जलापूर्ति व्यवस्था भी पूरी तरह ठप हो गई। इससे लोगों को पेयजल संकट का सामना करना पड़ा और जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

### कुजू : मुरपा में अतिक्रमण हटाने आये अधिकारियों का ग्रामीणों ने किया विरोध

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कुजू।** रामगढ़ अनुमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर कुजू पूर्वी पंचायत के मुरपा के खाता संख्या 86 एवं प्लॉट नंबर 799 किस्म-गैरमजरूआ आम/खास भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर शनिवार को प्रभारी अंचल निरीक्षक सह दंडाधिकारी रामरतन पांडेय कुजू पुलिस साथ जेसीबी लेकर पहुंचे। जहां उनको ग्रामीणों का भारी विरोध का सामना करना पड़ा। विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि उस भूमि पर हमलोग सैकड़ों वर्ष पूर्व से निवास कर रहे है। अब जिला प्रशासन के द्वारा अचानक से हमलोगों के घरों को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए पहुंचा है, जो सरासर गलत है। ग्रामीणों ने कहा कि प्रशासन द्वारा बिना सूचना नोटिस के ही आज हमलोगों के घरों को तोड़ने उद्देश्य के साथ जेसीबी लेकर पहुंची, जिससे हमारे परिवार के लोग काफी डरे सहमे है। जिला प्रशासन के द्वारा हमारे घरों को तोड़ा गया तो हम सभी लोग सामूहिक रूप से आत्मदाह करने को बाध्य होंगे,



जिसकी सारी जिम्मेवारी जिला प्रशासन की होगी। ग्रामीणों ने उपायुक्त से इस मामले को गंभीरता पूर्वक संज्ञान लेते हुए पहल करने का आग्रह किया है। इधर ग्रामीणों के भारी विरोध के बाद अतिक्रमण हटाने आये अधिकारी जेसीबी के साथ बैरंग लौट गये। विरोध कर रहे ग्रामीणों में डॉ मनोज अगरिया, मुकेश अगरिया, दिलीप अगरिया, अशोक अगरिया, बलराम अगरिया, कारू अगरिया, जानकी अगरिया, सोहर अगरिया, छोटन अगरिया, रामचंद्र अगरिया, पवन अगरिया, सोनू अगरिया, मोनू अगरिया, सावन अगरिया, योगेंद्र अगरिया, संदीप अगरिया, दीपक अगरिया, सूरज अगरिया सहित काफी संख्या में महिला-पुरूष ग्रामीण शामिल थे।

### परवरिश स्कूल में शिक्षक व अभिभावक की बैठक

**कुजू।** परवरिश एडुकेयर स्कूल कुंदरियाबांध (कुजू) में वर्ग पीजी से लेकर वर्ग 9वीं तक यूनिट वन का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसे लेकर शनिवार को शिक्षक व अभिभावक की बैठक हुई। बैठक में बच्चों और अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं, मौजूद अभिभावक अपने बच्चों का परीक्षा परिणाम देखकर काफी संतुष्ट दिखे। वहीं, अभिभावकों ने शिक्षकों का प्रयास की सराहना की और विद्यालय के प्रति सकारात्मक विचार बताया।बैठक के दौरान अभिभावकों ने कहा कि परवरिश सिर्फ इसका नाम नहीं है, ये हमारे बच्चों का सही मायने में परवरिश भी करता है। वहीं,नए अभिभावक भी शामिल होकर स्कूल की उपलब्धियों से अवगत हुए। विद्यालय के कंप्यूटर लैब और स्मार्ट क्लास से काफी प्रभावित रहे। अभिभावकों के सकारात्मक सोच से विद्यालय के शिक्षक और विद्यालय को काफी प्रोत्साहन मिला। अभिभावकों ने बताया कि कुजू क्षेत्र में यह परवरिश विद्यालय एक बेहतर विकल्प के रूप में श्रेष्ठ स्थान बना रहा है, जिसमें हम अपने बच्चों को बेफिक्र होकर अच्छी शिक्षा दिला सकते हैं। निदेशक शैलेंद्र कुमार और प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने मौजूद अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यालय को और प्रगति के पथ पर ले जाने का प्रण लिया। मौके पर काफी संख्या में अभिभावक शामिल रहे।

# लायंस क्लब ने शीतला मंदिर में किया भंडारा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने इस शनिवार को भी भुरकुंडा के पटेलनगर सयाल मोड़ स्थित मां शीतला देवी मंदिर में नर सेवा नारायण सेवा कार्यक्रम के तहत भव्य भंडारा किया। सर्वप्रथम पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर मां को लड्डू का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद भव्य भंडारा का आयोजन कर लायंस क्लब के लोगों द्वारा फूड फॉर हंगर के तहत लगभग 400 लोगों को खिचड़ी रूपी प्रसाद खिलाकर आशीर्वाद लिया गया। बताया गया कि प्रत्येक सप्ताह लायंस परिवार के सदस्यों द्वारा व्यक्तिगत सहयोग से इस तरह का आयोजन किया जाता रहा है। मौके पर क्लब की अध्यक्ष लायन रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी और कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद



ने बताया की लायंस क्लब भुरकुंडा समाज के निचले स्तर पर जीवन यापन कर रहे लोगो को ध्यान में रखकर समाजिक उत्थान का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि गरीबों को भोजन कराना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। जरूरतमंदों की सेवा ही क्लब का उद्देश्य भी है, जो निरंतर जारी रहेगा। लायंस परिवार ने ऐसे नेक और सामाजिक कार्यों में सबों को सहयोग करने की अपील की। वहीं लायन अजय सिंह के पुत्र आदर्श कुमार के जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर खुशियां बांटी गई। साथ ही जन्मदिन की बधाई दी गई। इधर परमानेंट प्रोजेक्ट वैक्सीनेशन के तहत लायंस

### 400 लोगों ने किया भोजन, राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का कराया टीकाकरण

क्लब द्वारा भुरकुंडा ट्रैक्टर स्टैंड स्थित राज नर्सिंग होम में गर्भवती महिलाओं व दर्जनों शिशुओं का स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा निःशुल्क टीकाकरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब की अध्यक्ष रेखा वर्णवाल, सचिव अंजू देवी, कोषाध्यक्ष शिवा प्रसाद, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ डॉ राजेंद्र महतो, जिला चेयरपर्सन अशोक सिन्हा, जिला चेयरपर्सन अखिलेश शर्मा, पूर्व अध्यक्ष माला शर्मा, लायन विजयेत कुमार, लायन डॉ एमके मंजुल, सुबेदार एचएन यादव, लायन दीनबंधु सिंह, लायन विजय वर्णवाल, एमजेएफ संजय जयसवाल, लायन भूपेंद्र सिंह सैनी उर्फ जीबू लायन अजय सिंह आदि सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### दौलत महतो कॉलेज में टीएलएम प्रतियोगिता



**विष्णुगढ़।** बनासो स्थित दौलत महतो मेमोरियल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को बी.एड. सत्र 2024–26 के द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं के बीच टीएलएम (टीचिंग लर्निंग मटेरियल) प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रशिक्षुओं की रचनात्मकता, नवाचार और शिक्षण कौशल को प्रोत्साहित करना था। प्रशिक्षुओं ने अपनी शिक्षण सामग्री के माध्यम से विषयों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रितेश कुमार ने कहा कि रयह प्रतियोगिता प्रशिक्षुओं के लिए अपनी रचनात्मकता और शिक्षण कौशल को प्रदर्शित करने का एक सशक्त मंच है।र विशिष्ट अतिथि नरेश कुमार मिश्रा ने टीएलएम को शिक्षण की कला को प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण बताया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार चतुर्वेदी ने प्रशिक्षुओं की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा, रआप सभी ने जिस निष्ठा और रचनात्मकता के साथ अपने–अपने विषयों को प्रस्तुत किया, वह प्रशंसनीय है। मुझे विश्वास है कि आप सभी भविष्य में उत्कृष्ट शिक्षक बनेंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय की आईक्यूएसी कॉर्डिनेटर डॉ. कुमारी स्वर्णा मिश्रा, सहायक प्राध्यापक बबली कुमारी, डॉ. ओमकार नाथ शर्मा, अशोक कुमार झा, जयपाल राणा, भुवनेश्वर कुमार महतो सहित समस्त शिक्षकगण एवं प्रशिक्षु उपस्थित थे।

### मंत्री इरफान अंसारी से मिले महमूद आलम



**विष्णुगढ़।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय महासचिव एवं मांडू विधानसभा के भावी विधायक महमूद आलम ने 15 मई को राज्य सरकार के कैबिनेट मंत्रियों से मुलाकात कर आंदोलनकारियों की लंबित मांगों को रखा। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से उनके सरकारी आवास पर मिलकर एक मांग पत्र सौंपा। महमूद आलम ने मांग पत्र में आंदोलनकारियों के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, मान–सम्मान पेंशन, चिकित्सा सुविधा, रेलवे सुविधा और अबुआ आवास योजना की मांगों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य के निर्माण में आंदोलनकारियों का बड़ा योगदान रहा है, लेकिन आज भी उन्हें अपने हक के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने आश्वासन दिया कि वे इन मांगों को प्राथमिकता से कैबिनेट में उठाएंगे। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री हफीजुल हसन अंसारी ने भी कहा कि वे आंदोलनकारियों के हित में हर संभव प्रयास करेंगे। महमूद आलम ने सरकार से आग्रह किया कि जल्द से जल्द इन मांगों पर अमल करते हुए आंदोलनकारियों को उनका हक दिलाया जाए। इस दौरान कई आंदोलनकारी नेता और समर्थक मौजूद थे।
१७ हे पी ३ : महमूद आलम ने मंत्रियों से की मुलाकात

### तेज आंधी-बारिश से पदमा में भारी तबाही



पदमा। शनिवार दोपहर अचानक आई तेज आंधी और बारिश ने पदमा प्रखंड क्षेत्र में जमकर तबाही मचाई। दोपहर करीब 2 बजे मौसम ने अचानक करवट ली और तेज हवाओं के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। हवाओं की रफ्तार इतनी तेज थी कि कई पेड़ जड़ से उखड़ गए। रोमी बंगला चौक पर स्थित कई दुकानों के कारगेट सेट उड़ गए। करमा गांव में एक विशाल इमली का पेड़ एक 709 गाड़ी और जेसीबी मशीन पर गिर गया, जिससे दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। तिलेडीह में एक पेड़ अल्टो कार के ऊपर गिरा। सड़क किनारे खड़े एक टेलर वाहन पर भी एक विशाल आम का पेड़ गिरने से वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई जनहानि नहीं हुई। बाजार क्षेत्र की दर्जनों दुकानों की छतें उड़ गईं और कई दुकानें आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गईं, जिससे दुकानदारों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। तेज हवाओं के कारण बिजली के खंभे गिर जाने से पूरे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। इस दौरान पदमा–इटखोरी मुख्य मार्ग पर एक घंटे तक यातायात बाधित रहा।

### मां विंध्यवासिनी कॉलेज में रस्साकशी टूर्नामेंट



पदमा। कर्मटांड़ स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में एकदिवसीय रस्साकशी टूर्नामेंट हुआ। खेल प्राध्यापक एवं रेफरी अविनाश कुमार के निर्देशन में आयोजित इस टूर्नामेंट में कुल चार टीमों ने हिस्सा लिया। बी.एड. सत्र 2 और सत्र 4 के छात्र–छात्राओं की कुल चार टीमों ने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन किया। लड़कियों के मुकाबले में सेमेस्टर 2 की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। विजेता टीम में प्रिया पांडे, रूबी, गुनगुन कुमारी, प्रिया वर्मा, श्वेता, संजना, स्नेहलता, शिल्पी, निशांजलि, वर्षा और सनम शामिल थीं। वहीं, लड़कों के मुकाबले में सेमेस्टर 4 की टीम विजेता बनी, जिसमें सोनू कुमार, राजीव रंजन, अमरदीप, कामेश्वर, महेंद्र, अजय, मनीष, प्रभात, अमित, धनंजय, अक्षय और राकेश शामिल थे। लड़कियों में सेमेस्टर 4 और लड़कों में सेमेस्टर 2 की टीमें उपविजेता रहीं। समापन समारोह में महाविद्यालय के निदेशक रवि प्रकाश और उपसचिव अजीत कुमार ने विजेता एवं उपविजेता टीमों के सदस्यों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में उद्घोषक की भूमिका प्रो. जितेंद्र झा ने निभाई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए रेफरी अविनाश कुमार के योगदान की सराहना की गई। समारोह हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।
१७ हे पी ५ : रस्साकशी टूर्नामेंट का आयोजन

### आंधी में उड़ा बरसोत कृषक पाठशाला का शेड

बरही। शनिवार दोपहर में आयी तेज आंधी पानी में बरही के बरसोत स्थित सरकारी कृषि फॉर्म सह कृषक पाठशाला का शेड उड़ गया। इसके साथ ही फार्म में लगी सब्जी फसल टमाटर, कद्दू, तरबूज, भिंडी और बोदी भी बर्बाद हो गया। बरसोत कृषि फार्म के तीन शेड उड़कर करीब तीन चार सौ मीटर दूर खेतों में जा गिरा। शेड कॉनक्रेट सीट से बना था। निर्मित शेड गौ पालन, पिगरी और गोदाम का था। कृषक पाठशाला के संचालक नंदकिशोर प्रसाद ने बताया कि तीनों शेड पूरी तरह से बर्बाद हो गया। कॉनक्रेट सीट टूट गया है। शेड में लगे लोहे का एंगल भी मुड़ गया है। खेतों में लगी सब्जी टमाटर, कद्दू, तरबूज, भिंडी और बोदी भी आंधी पानी के कारण बर्बाद हो गया।

### बरही : आटो व बाइक में टक्कर, एक घायल

बरही। रानीयुवां पंचायत अंतर्गत जीतपुर ग्रामीण सड़क पर एक आटो व बाइक में टक्कर हुई। जिसमें कूटमा गांव का 26 वर्षीय युवक बीरेंद्र हांसदा घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों के मदद से बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि बीरेंद्र हांसदा के साथ बाइक पर बैठे रिश्तेदार बड़कीटांड़ बरकट्ठा निवासी को भी चोट लगी है।

### रसोईयाधमना में वज्रपात से बच्चा घायल

बरही। बरही में दोपहर बाद मौसम ने अचानक करवट बदल ली। तेज हवा गरज–चमक के साथ बरही में रिमझिम बारिश हुई। इसी दौरान रसोईयाधमना पंचायत अंतर्गत लश्करी नदी के पास अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुई। वहीं नदी की तरफ घूमने गया लश्करी ग्राम निवासी मो. जिब्राइल का 14 वर्षीय पुत्र गुलाम मुस्तफा को हल्का झटका लगा, जिसमें वह घायल हो गया।

# तेज हवा में दर्जनों पेड़ गिरे, विद्युत आपूर्ति वाधित

**तेज हवा में दर्जनों पेड़ गिरे**
**वज्रपात में दो पशुओ की मौत**

**खबर मन्त्र संवाददाता**


वज्रपात में मृत पशुओं के साथ दुखी किसान।

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र में शनिवार को तेज हवा व वर्षा के साथ हुई वज्रपात में जीदु गांव के किसान सीतराम ओहदार के दो पशुओं की मौत हो गई। वहीं कई गांव में पेड़ गिरने से विद्युत आपूर्ती वाधित हो गई। इचादाग पंचायत के मुखिया रामधान बेदिया ने बताया कि किसान के दोनो पशु घर के बाहर बने कच्चे गोहाल में बंधा था। दोपहर चार बजे के वर्षा के साथ हुई वज्रपात की चपेट में दोनो पशुओं की मौत हो गई। मुखिया द्वारा किसान को मुआवाजा दिलाने का अश्वासन दी गई है। बताया गया कि तेज हवा के कारण आसपास गांव में कई पेड़ गिर गए। बिजली तार व पोल भी छति हुई है। जिसके कारण इचादाग व जिदु सहित कई गांव की विद्युत आपर्ति वाधित हो गई। दूसरी ओर सदमा चंदरा पंचायत में भी तेज हवा से कई लोगों के एस्वेटस छत उड़ गए। वहीं कई गांव में पेड़ गिरने से बिजली पोल व मकान की छतिग्रस्त हो गए है। क्षेत्र के समाज सेवी बाबुलाल महली बताया सदमा स्थित अचानक आई तेज हवा में एक क्लिनीक का छत जब उड़ा, उस समय चिकित्सक सत्येंद सिंह क्लिनीक में ही बैठा था। छत उड़ने के बाद भिगते हुए अपनी जान बचाई। इसके अलावे दयानंद ठाकुर की सैलून की भी छत उड़ गई है। बताया गया सबसे ज्यादा छति मायापुर गांव में हुई है। क्षेत्र के कई गांव की विद्युत आपूर्ति वाधित हैं।

## आंधी-तूफान में पेड़ गिरने से घर क्षतिग्रस्त

**सिकिदिरी।** शनिवार की शाम अचानक् आंधी-तूफान के साथ हुई तेज वर्षा से सिकिदिरी के सांडी गांव निवासी होरीलाल साहू के घर पर एक विशाल पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने से घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत थी कि हादसे के समय घर में कोई नहीं था। बगल के लोग भी इस हादसे में बाल-बाल बच गए। जबकि, सांडी गांव के ही फरहान अंसारी के घर का पूरा छप्पर उड़ गया। घर में रखे अनाज और अन्य सामान भी पूरी तरह बर्बाद हो गया है। फरहान अंसारी ने बताया कि आंधी-तूफान में लगभग 40 हजार रुपए का नुकसान हुआ है।घटना की सूचना मिलते ही पंचायत समिति सदस्य अनिल कुमार महतो व कांग्रेस के रांची जिला महासचिव अमाल खान मौके पर पहुंच कर प्रभावित लोगों को सरकार पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।



## स्पीड न्यूज

### झिरी विवेकानंद कॉलोनी से छात्रा लापता

**पिता ने थाने में दी अर्जी**
**पुलिस कर रही है जांच**



रातू। थाना क्षेत्र के झिरी स्थित विवेकानंद कॉलोनी, रोड नंबर-6 निवासी दिलीप सिंह की 13 वर्षीया पुत्री अंकिता कुमारी शनिवार की दोपहर से लापता हो गयी है। परिजनों के मुताबिक, वह समीप की राशन दुकान में सामान खरीदने गयी थी। आधे घंटे बाद भी जब घर नहीं लौटी, तो लोग उसे खोजने के लिये निकले। लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। वह संत स्टीफेंस स्कूल, पंडरा में 8 वीं की छात्रा है। मामले को लेकर उसके पिता की ओर से रातू थाने में अर्जी दी गयी है। थानेदार आरएन सिंह ने बताया कि बच्ची की बरामदगी के लिये लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

### अबुआ आवास योजना के 341 लाभुकों को शुभ गृह प्रवेश कराया



नामकुम। शनिवार को प्रखंड के टाटी पूर्वी पंचायत सचिवालय में अबुआ आवास योजना का प्रखंड स्तरीय गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेश कच्छप ने योजना के 54 लाभुकों को कलश एवं अबुआ आवास का प्रतीकात्मक चाबी देकर शुभ गृह प्रवेश कराया। मौके पर विधायक ने कहा कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास योजना धरातल पर साकार हो रही है। लाभुकों के चेहरे की खुशी और चमक बता रही है कि उन्होने क्या पाया है। विधायक श्री कच्छप ने कहा कि योजना के तहत सरकार लाभुको को दो लाख रुपए तथा मनरेगा से 95 दिन की मजदूरी लगभग पच्चीस हजार रुपए का मिलाकर कुल तीन कमरे का पक्का आवास दे रही है। वहीं बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि सभी का सपना होता है उसका एक पक्का का अपना घर हो,आज यहां पर लाभुको के चेहरे की चमक बता रही है कि उनका वह सपना साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि नामकुम प्रखंड में कुल 341 लाभुकों का जनप्रतिनिधियों के द्वारा शुभ गृह प्रवेश कराया गया। वहीं मौके पर प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप ने ग्रामीणों से प्रत्येक महीने की 26 तारीख को पंचायत सचिवालय आकर सरकार द्वारा चल रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर उसका लाभ उठाने की अपील की। मौके पर मुख्य रूप से प्रमुख आशा कच्छप, उप प्रमुख वीणा कुमारी, माधुरी देवी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह, महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, रमेश कुमार, अरविंद लोहरा, विधायक प्रतिनिधि माधो कच्छप, शैलेश मिश्रा, पंचायत के जन सेवक, पंचायत सचिव तथा अबुआ आवास के लाभुक उपस्थित थे।

### विद्यासागर स्कूल के बच्चों ने वाटर पार्क का किया भ्रमण

बेड़ो। विद्यासागर पब्लिक स्कूल में चल रहे समर कैंप के दूसरे दिन शनिवार को विद्यालय के बच्चों ने फन स्पॉट वाटर पार्क का भ्रमण कराया गय। जहां उन्होंने विभिन्न जल क्रीड़ाओं और राइड्स का जमकर लुत्फ उठाया। मौके पर विद्यालय के निदेशक ललन सिंह ने कहा कि ग्रीष्म अवकाश के दौरान बच्चों को इस तरह की मनोरंजक गतिविधियों में शामिल करना विद्यालय का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि वाटर पार्क की इस यात्रा का आयोजन बच्चों को गर्मी से राहत दिलाने के साथ-साथ उन्हें एक यादगार और शानदार अनुभव प्रदान करना था। वहीं वाटर पार्क में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के स्लाइडों, वाटर पोलो और रेन डांस का आनंद लिया।

## रातू : प्रखंड के हुरहुरी में वज्रपात से बच्चे की मौत

**12 साल का था रिजवान**
**मां ने दर्ज कराया संहा**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रातू।** थाना क्षेत्र के हुरहुरी में शनिवार की शाम करीब 4 बजे वज्रपात से स्व सलीम अंसारी के पुत्र 12 वर्षीय रिजवान अंसारी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सुचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर रिम्स भेज दिया। रविवार की सुबह पोस्टमार्टम के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया जायेगा। मामले को लेकर उसकी मां शबनम खातून की ओर से रातू थाने में संहा दर्ज कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, मृतक दो भाइयों में बड़ा था। वह छोटे भाई रेहान अंसारी के साथ घर में था। मां मजदूरी करने गयी थी। चार बजे तेज हवा और गरज के साथ बारिश होने लगी। रिजवान, समीप के खेत में बंधी बकरी को लाने गया और रेहान दरवाजे में खड़ा होकर बारिश से बच रहा था। इस बीच हुये वज्रपात ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। लेकिन, बकरी को खरोच तक नहीं आयी।

**गांव में पसरा मातम**

खबर पाकर शबनम घर लौटी और पुत्र की मौत से बेसुध हो गयी। वह बार-बार बेहोश हो रही थी। परिजनों का भी रो-रोकर बुरा हाल है। देखते ही देखते उसके आंगन में सैकड़ों की भीड़ जमा हो गयी। परिवार के सदस्यों के विलाप से सबकी आंखे नम थी। बताते चलें कि एक साल पहले रिजवान के पिता की सडक हादसे में मौत हो गयी थी। पीड़ित परिवार इससे उबर भी नहीं पाया था कि रिजवान चल बसा।

## हाथियों ने फसल को किया नष्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सोनाहातू।** प्रखंड क्षेत्र के तिलाईपिडी गांव के किसान कमलाकांत महतो के खेत में लगे एक एकड़ में सब्जी के फसल को हाथियों ने नष्ट कर दिया है। कमलाकांत के खेत में लगातार हाथी फसल नष्ट करते है। ये तीसरी बार है जो फसल नष्ट हाथियों ने किया है। लगातार फसल नष्ट होने से किसान ने वन विभाग को मुआवजा की मांग किया है। हेसाडीह, पापरीदा, सावडीह, बांधडीह आदि गांवों में रोजाना हाथियों का झुंड फसल नष्ट कर रहे है।

**हाथी मित्र व्हाट्सएप ग्रुप से ग्रामीण होते है सतर्क**

प्रखंड के हर गांव में हाथियों से खतरा है। कब किस रास्ते में मुलाकात हो जाय कहना मुश्किल होता है। ये स्थिति में प्रखंड में हाथी मित्र के कुछ सदस्यों ने व्हाट्सएप पर हाथी मित्र नाम के कई ग्रुप का संचालन करते हैं। इन ग्रुपों में शाम होते ही हाथी से संबंधित गतिविधियों का खबर मिलने लगती है। किस रास्ते से हाथी निकल रहे हैं, शाम के बाद किस गांव में हमला बोल सकते हैं। ऐसी खबरों से ग्रामीणों को जागरूक किया जाता है। हाथी मित्र ग्रुप के कारण ही गांव में जान माल की क्षति में कमी आई है। देर रात तक इन ग्रुप में हाथी की गतिविधियों की जानकारी दिया जाता है।

## लिटिल हैन्ड्स ओलम्पियाड में शारदा ग्लोबल के बच्चों का शानदार प्रदर्शन




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ओलम्पियाड परीक्षाएँ प्रतिस्पर्धी परीक्षाएँ हैं, जो बच्चों की छिपी प्रतिभा और कौशल को उजागर करने में मदद करती है। इन प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं का उद्देश्य प्रत्येक छात्र के प्रदर्शन का मूल्यांकन करना और तार्किक सोच के साथ अवधारणा आधारित शिक्षा प्रदान करना है। इस 'लिटिल हैन्ड्स ओलम्पियाड' में छोटे बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया और 14 ट्राफीज, 27 मेडल्स जीतकर एवं द्वितीय रैंक से लेकर 10 वें रैंक प्राप्त कर बढ़ाया विद्यालय का मान। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान माहिका महतो, द्वितीय स्थान वाण्या सिंह, सियोना सिंह, तृतीय स्थान शिवांगी शर्मा, चतुर्थ स्थान सार्विका, पंचम स्थान यशस्वी वर्मन को प्राप्त हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरुप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने बच्चों को बधाई देते हुए आगे और अच्छे प्रदर्शन की कामना की। उन्होंने कहा कि इन छोटे-छोटे बच्चों के छोटे-छोटे कदम उन्हें सफलता की राह पर अग्रसित करते हैं।

## आजादी के सात दशक बाद भी सड़क की राह ताकता बेड़ो का बंजारा गांव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बंजारा गांव जाने वाली रास्ता।


बंजारा गांव जाने वाली रास्ता।

**बेड़ो।** देश को आजाद हुए सात दशक बीत चुके हैं। देश डिजिटल इंडिया की तरफ बढ़ रहा है। वही कई गांव ऐसे हैं, जहां आज भी विकास की किरण नहीं पहुंची है। ऐसा ही हाल प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली पंचायत के बंजारा गांव का हैं। जहां आजादी के सात दशक व पंचायती राज एक दशक बीतने के बाद भी आज तक गांव तक पहुंचने के लिए सड़क ही नहीं बनी है ग्रामीणों का कहना है कि हर बार चुनाव के समय नेताओं के द्वारा सड़क बनाने का आश्वासन दिया जाता है, लेकिन चुनावों के बाद कोई भी नेता गांव की तरफ नहीं देखता है। लोगों ने बताया कि पदाधिकारियो से लेकर कई नेताओं और मंत्रियों को भी गांव में सड़क निर्माण के लिए आवेदन दिया। लेकिन इसके बावजूद भी आज तक प्रशासन ने गांव में सड़क निर्माण के लिए कोई पहल नहीं किया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्षा के दिनों में उन्हें जंगल को चिरते हुए कच्ची पगडंडियों के सहारे बच्चे स्कूल व कॉलेज और हमें बाजार एवं प्रखंड कार्यालय पहुंचना पड़ता है। आजादी के दशकों बाद भी सड़क नहीं बनने से इस गांव की दर्जनों की आबादी आज भी अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि जब भी चुनाव आता है तो बड़े-बड़े नेता वोट मांगने के लिए गांव पहुंचते हैं। ग्रामीणों के द्वारा सभी नेताओं के समक्ष सड़क का मुद्दा उठाया जाता है। लेकिन आश्वासन के अलावा हमें कुछ भी नहीं मिला।

## समर कैंप बच्चों को शिक्षा व मस्ती का अवसर

### बच्चों की सर्वांगीण विकास में समर व खेल इवेंट जरूरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**


समर कैंप में शामिल विद्यार्थी।

**ओरमांझी।** आरोही इंटरनेशनल स्कूल आनंदी ओरमांझी में गर्मी की छुट्टी से पूर्व शनिवार को आयोजित समर कंप बच्चों के लिए शिक्षा के साथ मस्ती का अवसर मिला। समर कैंप के लेकर विद्यालय के छात्र-छात्राएं काफी उत्सहित थें। कैंप में शिक्षा से जुड़ी कई इवेंट में बच्चों को मस्ती करने का अवसर मिला। वहीं बच्चें काफी उत्साह व उमंग के साथ इवेंट में क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, टेनिस बालीबाल के साथ पठन सामग्री व वाटर बाटल आदि प्रतियोगिता में शामिल हुए। विद्यालय के निदेशक मनीलाल महतो सचिव बिनीता कुमारी व प्राचार्य जुगेश महतो ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कहा बच्चों का सवंर्गीन विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ विद्यालय में खेल प्रतियोगिता व समर कैंप का आयोजन जरूरी है। बच्चों की चंचलता व मन मस्तिष्क को शिथिर मनाए रखने के लिए इस प्रकार का इवेंट जरूरी है। इससे बच्चें मानसिक रूप से मजबूत होने के साथ, उन्हें पढ़ाई के प्रति रुचि जगती है। बच्चों के साथ शिक्षकों में भी समर कैंप व खेल प्रतियोगिता के प्रति काफी उत्साह देखा गया।

## पुलिस ने अवैध शराब भट्टी को किया ध्वस्त

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**सिल्ली।** शनिवार के दिन सिल्ली पुलिस ने चातमबाड़ी गांव में अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त किया। ग्रामीणों की शिकायत के बाद सिल्ली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई किया। इधर इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ सूचना मिली थी जिसके तहत कार्रवाई करते हुए अवैध शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया और अवैध शराब बनाने और बेचने वालों के खिलाफ आगे भी निरंतर कार्रवाई जारी रहेगा। अभियान में अवर निरीक्षक उदय कुमार सिंह, आर के यादव समेत सशस्त्र बल भी मौजूद रहे। मौके पर अशोक पाहान, सुरेंद्र पाहान, घलटू मुंडा, भाग्यवती देवी, गीत देवी, एवं जितमनी देवी समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

## 10वीं एवं 12वीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा के टॉपर्स का सम्मान

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**ओरमांझी।** जिला के ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल के टापर्स के सम्मान में आज दिनांक 17.05.2025 को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विदित हो कि विद्यालय की छात्रा सुश्री कृत्तिका सिंह ने 12वीं की परीक्षा में 96.4 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया जबकि 10वीं बोर्ड परीक्षा में सुश्री वैभवी झा 94.4 प्रतिशत अंक के साथ विद्यालय की टॉपर रही। 10वीं एवं 12वीं के पाँच-पाँच छात्रों को विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया जिसमें 12 वीं की छात्रा सोनाक्षी गुप्ता, उन्नति सिंह, छात्र नवीन कुमार शर्मा तथा आदित्य धवन थे। जबकि 10वीं की छात्रा अंजला नाजिर एवं छात्र निशांत कुमार शर्मा तथा पंकज कुमार पांडेय को सम्मानित किया गया। संबोधन के क्रम में कलकत्ता पब्लिक स्कूल के उपाध्यक्ष सह-सचिव श्री प्रभाष कुमार झा ने बताया कि विद्यालय गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु प्रतिबद्ध है। सीबीएसई में मान्यता के उपरांत विगत वर्षों में 10वीं, 12वीं परीक्षा में सफल, प्रथम श्रेणी प्राप्त तथा 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त छात्रों का ब्योरा देते हुए बताया कि इस वर्ष 2025 में विद्यालय का प्रदर्शन निर्शिचत रूप से अत्यंत ही उत्साहवर्द्धक रहा। हमारे 137 छात्र में से सिर्फ एक कंपार्ट देंगे। विद्यालय का शैक्षणिक माहौल छात्रों के लिए अत्यन्त ही अनुकूल है और परिणामस्वरूप 12वीं के तीनों टॉपर तथा 10वीं दो टॉपर छात्राएँ है। सफलता का शत-प्रतिशत श्रेय छात्रों की लगन, मेहनत अभिभावकों के सक्रिय सहयोग एवं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को देते हुए भविष्य के लिए शुभकामानाएँ दी। प्राचार्या श्रीमती प्रियम्दा झा ने अपने उद्बोद्धन में सफल छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आज से आप सभी अपने जूनियर छात्रों के लिए रोल मॉडल एवं मार्गदर्शक होंगे। आज का दिन छात्रों का है और आशा करती हूँ कि आगामी वर्षों में विद्यालय उतरोत्तर बेहतर प्रदर्शन करेगा। विद्यालय के रेक्टर श्री मिथिलेश कुमार मिश्र ने सफल छात्रों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता का प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान है इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए आईआईटी, नीट, क्लैट, कैट, पीसीएस, यूपीएससी, आदि की परीक्षाओं में जब हमारे छात्र सफल होंगे, तब हम अपने आपको गौरवान्वित महसूस करेंगे। हम छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं। विद्यालय के उप प्राचार्य श्रावणी गुप्ता सहित शिक्षकगण अनुराधा चटर्जी, पुरूषोत्तम पांडेय, श्याम कुमार, गौरव श्रीवास्तव, रूबी सिंह, अनुज कुमार तिवारी, राजेश यादव, राज पांडेय, अनुपमा किरण, प्रिया मेहता, आरती सिन्हा, संतोष कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। मंच संचालन अनुराधा चटर्जी ने किया।

## खबर एक नजर में

### चेकिंग अभियान में पिकअप से चार क्विंटल डोडा जब्त, आरोपी फरार

**रातू।** सीनियर एसपी चंदन कुमार के निर्देश पर पुलिस ने शनिवार की सुबह कमड़े में वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक पिकअप वेन से करीब 4 क्विंटल डोडा जब्त किया गया, लेकिन आरोपी उन्हें चकमा देकर फरार गये। उसकी जब्ती सूची बना ली गयी है। इसकी अनुमानित कीमत 20 लाख बताई जा रही है। खेप खूंटी से रिंग रोड होते हुये रांची लाया जा रहा था। मामले को लेकर नारकोटिक एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। जानकारी के मुताबिक, श्री कुमार को सुचना मिली थी कि खूंटी से पिकअप वेन में लदे डोडे रांची लाये जा रहे हैं। उन्होंने आठ सदस्यीय टीम का गठन किया। टीम की ओर से कमड़े में चेकिंग अभियान चलाया गया। इस बीच उक्त पिकअप आकर रुकी और उसमें सवार तस्कर और चालक गाड़ी छोड़ भागने में सफल रहे। उनकी गिरफ्तारी के लिये छापेमारी कर रही है।

### पंचमुखी हनुमान मंदिर की प्रथम वार्षिक महोत्सव


कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

**ओरमांझी।** प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में स्थित पंचमुखमी हुनमान मंदिर हेंदेबिली की प्रथम वार्षिक उत्सव को लेकर शनिवार को गांव की 201 मंहिलाओं द्वारा कलश निकाली गई। बाजे-गाजे के साथ मंदिर परिसर से निकली कलश यात्रा, गांव भ्रमण करते हुए गढ़तालाब जलाशय पहुंची। जहां पंडित रामेश्वर दास द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर कलश में जलभरावा गया। कलश यात्रा में शामिल लोग हनुमान पताका लिए जय हनुमान जयश्रीराम की जयकारा लगा रहे थें। एक दिवसीय इस धार्मिक आयोजन की जानाकरी देते हुए आयोजन समिति के मीडिया प्रभारी किशोर भंडारी ने बताया कलाश यात्रा के बाद शाम छह बजे से 12 घंटे का अखंड हरिनाम कीर्तन का आयोजन भी किया गया है। रविवार की सुबह छह बजे कीर्तन समाप्ती के बाद से भंडारा का आयोजन होगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से मुखिया दशमी मिंज, पंसस जुलिता देवी, उपमुखिया बसंती सरदार, ग्रामप्रधान बहुर पाहन, रामश्वर महतो, जयप्रकाश महतो, श्रीकांत भंडारी, श्यामलाल भंडारी, किशोर भंडारी, सुधीर महतो, संजय भंडारी, लालमोहन करमाली, छेक्कन पाहन, जगलाल भंडारी, मोतीलाल भंडारी, सुनीता देवी, सीमा देवी, सरस्वती देवी, मालती देवी काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### राहे प्रखंड में अबुआ आवास योजना के लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया


गृह प्रवेश कराते बीडीओ और अन्य।

**राहे।** प्रखंड के सताकी, लोवाहातू, राहे, होटलो, दोकाद, और नावाडीह पंचायत के दस अबुआ आवास योजना के लाभुकों को प्रखंड प्रशाशन के द्वारा विधिवत पूजन के बाद गृह प्रवेश कराया गया। बीडीओ अशोक कुमार, जिप सदस्य बादल महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, संबंधित पंचायत के मुखिया, वार्ड सदस्य प्रखंड की टीम ने सभी लाभुकों के घर जाकर पूजन कराया और गृह प्रवेश कराया। प्रखंड प्रशासन ने जब गरीब परिवारों को एक साथ पक्के मकान में गृह प्रवेश कराया तो उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। बीडीओ अशोक कुमार ने कहा कि घर का सपना हर परिवार के लिए सबसे महत्वपूर्ण होता है। हर इंसान अपने परिवार के लिए सिर छिपाने के लिए अपना घर जरूर चाहता है। झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना से गरीबों का यह सपना साकार हो रहा है। बीडीओ ने अन्य लाभुकों से भी अपील किया है कि जिन्हें आवास योजना का लाभ मिला है जल्द से जल्द निर्माण कार्य को पूरा करे।

### डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़मू में समर कैंप का आयोजन



**बुढ़मू।** शनिवार को डीएवी पब्लिक स्कूल बुढ़मू में समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप में बच्चों के रचनात्मक विकास के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ वाटर गेम्स, जुम्बा रेन डांस, डांसिंग, सिंगिंग, आर्ट व क्राफ्ट प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता के भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। बच्चों ने फन गेम्स और बॉल पासिंग गेम्स में भी भाग लिया। प्राचार्य रविकांत शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि समर कैंप बच्चों के सर्वांगिण विकास का सुंदर माध्यम है। बच्चें इसमें नये कौशल सीखते है और उनके अंदर सहयोग और आत्मविश्वास की भावना का संचार होता है। मैट्रीक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देकर सम्मानित किया गया। कैंप को विद्यालय के चेयरमैन सुनील कुमार यादव और सचिव कुमार अमित ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार का सराहनीय योगदान रहा।

### संत माईकल + 2 स्कूल मुरी में वाटर मेलन डे कार्यक्रम का आयोजन



**मुरी।** संत माईकल +2 स्कूल मूरी में आज दिनांक 17/05/2025 शनिवार को वाटर मेलन डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वर्ग नर्सरी से वर्ग दो तक के बच्चों को सम्मिलीत किया गया। बच्चे इस मौके पर लाल हरी पोशाक पहनकर शामिल हुए। इस मौके पर विद्यार्थीओ ने वाटर मेलन से सम्बन्धित तरह-तरह के पोस्टर, चार्ट, चित्रकारी इत्यादी बना कर विद्यालय लेकर आए थे। इस कार्यक्रम के दौरान सभी विद्याथीओं के बीच तरबूज का वितरण किया गया जिसे बच्चो ने बड़ी आनंद के साथ खाया। कार्यक्रम में स्कूल के निदेशक श्री राकेश कुमार ने बच्चो के बीच वाटर मेलन खाने के फायदे और इसकी खूबी के बारे में जानकारी साझा किए और यह भी बताया कि वाटर मेलन में पानी की अत्यधिक मात्रा पाई जाती है जो शरीर के लिए बहुत ही लाभदायक है। इस मौके पर विद्यालय के प्राधानाचार्य श्री सि. एल. प्रजापति ने कार्यक्रम की सराहना कि साथ ही बच्चो का उत्साह भी बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षीका रीना साहु ने किया साथ ही विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं श्वेता सिंह, दिपीका कुमारी, प्रतिमा कुमारी , प्रशांत गोराई, प्रिती सिंह, श्वेता सिंह पांडे, सिमरन अफसाना आदि मौजूद थे।

### अबुआ आवास पूर्ण कर चुके 32 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया


अबुआ आवास का चाबी सौंपते।

**इटकी।** इटकी प्रखंड में शनिवार को अबुआ आवास पूर्ण कर चुके 32 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। प्रखंड के कूर्गी पंचायत में तीन लाभुकों को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर एसी डीआरडीए सुदर्शन मुर्मू द्वारा फीता काटकर और चाबी सौंप कर गृह प्रवेश कराया गया। इसके अलावे इटकी पूर्वी पंचायत में 8, इटकी पश्चिमी में 4, कुंदी में 4, कुल्ली में 6, गढ़गांव में 5 और मल्टी पंचायत में 2 लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। अबुआ आवास का चाबी पाकर लाभुकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार का सर छिपाने के लिए अपना घर का सपना था। आज झारखंड सरकार की अबुआ आवास योजना से यह सपना साकार हो रहा है। मौके पर बीडीओ प्रवीण कुमार, जिप सदस्य रीना देवी, प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज राजा, मुखिया रमेश महली, बीएसओ हेमंत एक्का, पंचायत समिति सदस्य आसफा नाज, बीपीआरओ रहीस मलिक, सुधाकर कुजूर, पार्वती मुंडाइन, गीता देवी व बेलाल अंसारी सहित अन्य मौजूद थे।

# उपायुक्त ने किया विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण

➲ शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वरोजगार के साथ लोगों की समस्याओं को दूर करना हो पहली प्राथमिकता: उत्कर्ष गुप्ता

खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता के द्वारा शनिवार को महुआडांड़ प्रखंड का दौरा कर विभिन्न विकास योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान पंचायत-अक्सी में निमार्णाधीन एकलव्य विद्यालय, लखीपुर का जायजा लिया गया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता और प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नव निर्मित आश्रम विद्यालय, बोहटा का निरीक्षण के क्रम में इसे जल्द से जल्द संचालित करने का निर्देश दिया गया। अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय, महुआडांड़, प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय, महुआडांड़ का निरीक्षण कर विधि व्यवस्था का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त के द्वारा कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, महुआडांड़ का निरीक्षण कर बच्चों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं व व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय का भ्रमण करते हुए परिसर में स्वच्छता, भोजन, विद्युत, पेयजल आदि का जायजा लिया। मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता और क्रियान्वयन की जांच करते हुए उपायुक्त ने स्वयं मध्याह्न भोजन


दिशा निर्देश देते उपायुक्त।

खाकर उसकी जांच की। एमडीएम के तहत दैनिक मेनू के अनुसार भोजन देने का निर्देश दिया गया। शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए स्कूल प्रबंधन व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा-निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही नहीं होनी चाहिए और आमजन को समय पर, गुणवत्तापूर्ण उपचार मिले, यही राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अलावे उपायुक्त के द्वारा महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत भ्रमण कर आम बागवानी, अबुआ आवास योजना व अन्य संचालित योजनाओं के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी और बीपीओ को लंबित योजनाओं में प्रगति लाने का सख्त निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की वित्तीय अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान उन्होंने महुआडांड़ प्रखण्ड में जीरा फूल राइस प्रोसेसिंग, पैकेजिंग अधिष्ठान को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्य करने हेतु निर्देशित किया। इसके पश्चात महुआडांड़ प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में बैठक कर प्रखंड अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा, जेएसएलपीएस अंतर्गत संचालित समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। इस दौरान उन्होंने कृषक पाठशाला का निरीक्षण कर अधिकारियों को कई दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए प्रवीण कुमार गगराई, अपर समाहर्ता रामा रविदास, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, सिविल सर्जन डॉ अवधेश कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ बिपिन कुमार दुबे, वरीय पदाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अल्का हेंब्रम, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में अग्निहोत्र कार्यक्रम संपन्न



**लातेहार।** शहर के धर्मपुर रोड स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर में शनिवार को अग्निहोत्र कार्यक्रम किया गया। इसी प्रकार आगे भी प्रत्येक शनिवार को कक्षा अरुण, उदय, प्रभात (वाटिका) के छात्र-छात्राओं तथा आचार्य एवं दीदी के द्वारा संपन्न कराया जायेगा। हवन प्राचीन काल से सनातन संस्कृति का एक अभिन्न अंग रहा है, जिसे विद्या भारती में अग्निहोत्र के नाम से जाना जाता है। हवन में प्रयुक्त होने वाले हवन सामग्री, घी, कपूर आदि में औषधीय गुण होते हैं जो हमारे शरीर के साथ-साथ आस-पास के वातावरण से हानिकारक बैक्टीरिया को नष्ट कर, वहाँ के वातावरण को शुद्ध और स्वच्छ करता है। अग्नि होत्र आध्यात्म, विज्ञान और समग्र सृष्टि की कल्याण की कामना तथा प्रकृति में विद्यमान पंच महाभूत की मंगल कामना के लिए करते हैं। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी आचार्य दीदी उपस्थित रहे।

## चंदवा: सीएचसी में व्यवस्था सुदृढ़ करने को लेकर अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक


बैठक करते अधिकारी।

**चंदवा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा सभागार में शनिवार को अस्पताल प्रबंधन समिति की बैठक बीडीओ चंदन प्रसाद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी एवं खामियों को दूर करने को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया। बीडीओ ने डॉक्टरों एवं कर्मियों से अपनी दायित्व का निर्वाहन पूरी निष्ठा के साथ करने की बात कही। बीडीओ ने सीएचसी प्रभारी डॉ. नीलिमा कुमारी से समय समय पर एएनएम की बैठक लेने, प्रसव के दौरान प्रकार की लापरवाही न बरतने का निर्देश दिया। बैठक में सीएचसी प्रबंधन की ओर से एम्बुलेंस में चालक की कमी, अस्पताल में जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी गई। जिस पर बीडीओ ने मामले को लेकर विभागीय अधिकारियों को पत्राचार करने की बात कही। बैठक में प्रखंड उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विजय दुबे, पूर्व सांसद प्रतिनिधि महेंद्र साहू, डॉ. तरुण जोश लकड़ा, शिक्षा विभाग प्रतीक सिन्हा समेत कई अन्य मौजूद थे।

# डीजल और क्रशर का पाट्र्स चोरी करते धराये चोर

खबर मंत्र संवाददाता

**बारियातू।** थाना पुलिस ने चार अपराधकमीर्यों को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। साथ ही उनके निशानदेही पर 400 लीटर डीजल सहित क्रैशर का पार्ट्स एवं चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को बरामद की है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार ने बातया की थाना कांड संख्या-27/25, दिनांक- 15.05.2025 धारा-334 (2) /305 (ए) बीएनएस दिनांक 15 मई को बारियातू थाना अंतर्गत ग्राम बानालात में एक क्रशर के गेट का ताला तोड़कर क्रैशर का पार्ट्स एवं 400 लीटर डीजल तथा रुपये चोरी कर लेने से संबंधित आवेदन प्राप्त हुआ था। तत्वरित काण्ड दर्ज करते हुए अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में काण्ड में संलिप्त 04 अपराधकर्मी को


गिरफ्तार अपराधी।

पकड़ा गया। जिनसे पुछताछ के उपरांत उक्त चारों चोरों ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए चोरी किये गये क्रैशर का पार्ट्स व 80 लीटर डीजल एवं चोरी में प्रयुक्त पिकअप वाहन को बरामद किया गया। चोरों का सरगना गिरफ्तार राहुल राम एक शातिर अपराधकर्मी है इसके द्वारा पूर्व में मगध कोलयरी में लेवी मांगने एवं टण्डवा थाना क्षेत्र में लूटपाट करने के आरोप में जेल जा चुका है। साथ ही टण्डवा थाना में इसके विरुद्ध चोरी के भी काण्ड दर्ज हैं। राहुल राम के द्वारा बड़कागांव थाना क्षेत्र से चोरी किये गये एक बड़ा जेनरेटर (डीजीसेट) का इंजन व पार्ट भी बरामद किया गया है महिन्द्रा कंपनी का पिकअप गाड़ी रजि सं जेएच 02 बीपी 2190 महिन्द्रा कंपनी का पिकअप गाड़ी (बिना रजिस्ट्रेशन नंबर का) टाटा कंपनी के जेनरेटर का इंजन व अन्य पार्टस एवं क्रैशर का दांता पांच पीस तथा 40-40 लीटर का डीजल से भरा दो गिलन डीजल बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों मे राहुल राम, उम्र 21 वर्ष, पिता महादेव राम, राजकुमार भुईयाँ, उम्र 20 वर्ष, पिता स्व नकुल भुईयां, दोनों ग्राम कोयद, थाना- टण्डवा, जिला- चतरा निवासी, आशिष कुमार साहु, उम्र 29 वर्ष, पिता विशेश्वर साव, ग्राम बरकुटे, थाना टण्डवा, जिला चतरा, कुन्दन कुमार सिंह, उम्र करीब 18 वर्ष, पिता कपिल कुमार सिंह, ग्राम मनातु, थाना बारियातु, जिला लातेहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त राहुल राम का अपराधिक इतिहास बालूमाथ थाना काण्ड संख्या 195/21, दिनांक 16.09.2021, धारा-385/387 भादवि एवं टण्डवा थाना काण्ड संख्या 12/23, दिनांक 11.01.2023, धारा- 392 भादवि टण्डवा थाना काण्ड संख्या 213/23, दिनांक 26.09.2023, धारा- 341/323/504/506/34 भादवि दर्ज है।

## विधायक ने ग्रामीणों की सुनी समस्या


जनसुनवाई करते विधायक।

**बारियातू।** स्थानीय विधायक प्रकाश राम ने गोनिया पंचायत के ग्राम नावाडीह, चुम्बा, गढ़गोमा, बीरबीर, छाताबर एवं बारा सहित विभिन्न गावों मे अपने समर्थकों के साथ क्षेत्र दौरा कर ग्रामीणों का जन समस्या को सुनी। ग्रामीणों ने विधायक राम को अपने क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें मुख्य रूप से लगभग सभी क्षेत्रों में शिक्षा, सड़क, तथा पानी का काफी समस्या विधायक के सामने बताया। चुम्बा मध्य विद्यालय में शिक्षक की कमी को ग्रामीणों ने मुख्य समस्या को विधायक के समक्ष रखा जिसमें विधायक राम ने ऑन द स्पॉट जिले के अधिकारी से बात कर 2 दिन के अंदर 2 शिक्षक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं अन्य कुछ छोटी मोटी समस्याओं को भी ऑन द स्पॉट जिले के अधिकारियों को अवगत करा कर समाधान कराया गया। कई समस्याओं के लिए ग्रामीणों को 19 मई दिन सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार बारियातू में लगाने वाले जनता दरबार में अपने-अपने शिकायतों को लिखित आवेदन लेकर आने को अपील किया। मौके पर देवनन्दन प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, योगेंद्र सोनू प्रजापति, किशोर प्रसाद, अनिल यादव, विजय भुइयां, महावीर उरांव, जगदीश उरांव, महेंद्र यादव, उपेंद्र राणा, राजेंद्र राणा, दिनेश प्रजापति, प्रकाश प्रजापति, सहित काफी संख्या में ग्रामीण महिला पुरूष शामिल थे।

## लातेहार में एक दिवसीय भर्ती कैंप 19 मई को


नियोजन पदाधिकारी।

**लातेहार।** झारखण्ड राज्य के युवक युवतियों को निजी क्षेत्र में सुनहरा रोजगार अवसर प्रदान करने के उदेश्य से जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार द्वारा सोमवार, 19 मई को प्रात: 10:00 बजे से अपराह्न 3:30 बजे तक जिला खेल स्टेडियम परिसर में एक दिवसीय भर्ती कैम्प आयोजित किया जा रहा है। उक्त भर्ती कैम्प में भाग लेने के लिए निम्न दस्तावेज अनिवार्य हैं। झारखण्ड नियोजनालय में पंजीकृत नियोजन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्रों की छायाप्रति, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, स्थानीय निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति, बायोडाटा की दो प्रति। जिनका पंजीकरण नहीं हुआ है, वे https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर ऑनलाइन पंजीकरण करा सकते हैं या नियोजन कार्यालय/प्रज्ञा केंद्रों में उपस्थित होकर पंजीकरण कराएँ।

**जिला नियोजन पदाधिकारी का आह्वान :** जिला नियोजन पदाधिकारी संतोष कुमार ने लातेहार जिला के समस्त युवक-युवतियों से अपील करते हुए कहा है कि वे इस भर्ती कैम्प में अवश्य भाग लें और अपनी योग्यता एवं इच्छानुरूप रोजगार प्राप्त कर अपना भविष्य सुरक्षित और सुवर्णिम बनायें। विशेष सूचना: अधिक जानकारी के लिए जिला नियोजन कार्यालय, लातेहार के सूचना पट्ट एवं जिला की आधिकारिक वेबसाइट https://latehar.nic.in/ देख सकते हैं।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता पहुंचे जालिम गांव

### दुखन प्रसाद की हत्या की निष्पक्ष जांच हो : प्रतुल शाह देव



खबर मंत्र संवाददाता

**लातेहार।** शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव लातेहार के सुदूर क्षेत्र में स्थित जालिम गांव पहुंचे। प्रतुल ने पीड़ित परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाया। ग्रामीणों ने शाहदेव को बताया कि जालिम गांव में पुलिस ने दुखन प्रसाद सहित अनेक पुरुष और महिलाओं की बर्बरता से पिटाई की थी। ग्रामीणों ने बताया कि इसी मार के कारण बुजुर्ग दुखन राम की मौत हो गई। परिजनों ने अपने चोट के निशान भी दिखाए। प्रतुल ने इस घटना को अत्यंत ही दुर्भाग्यपूर्ण बताया और मांग की कि दुखन राम की हत्या की निष्पक्ष जांच हो। प्रतुल ने कहा कि सादे कपड़े में रात 11 बजे आए पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि इस घटना को अंजाम देनेवाले पुलिस पदाधिकारी और सिपाहियों पर इस को तत्काल प्रभाव से ड्यूटी से हटाते हुए निलंबित किया जाए। प्रतुल ने कहा कि पुलिस का रात के 11:00 गांव में सादे कपड़ों में घुसना भी पुलिस मैनुअल का भी उल्लंघन है।

**सड़क जाम में पत्रकारों सहित अनेक निदोर्षों पर दर्ज मुकदमा वापस हो**

प्रतुल ने कहा इसके बाद जब आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम किया तो पुलिस ने उन पर लाठी चार्ज किया है। इस लाठी चार्ज के भी जांच की आवश्यकता है कि क्या इतना कठोर कार्रवाई की आवश्यकता थी या फिर ग्रामीणों को समझा पूछ कर जाम समाप्त किया जा सकता था। प्रतुल ने कहा की सड़क जाम के मामले में पुलिस में मुकदमा दर्ज करते हुए अनेक निदोर्षों को और दो पत्रकारों को भी अभियुक्त बनाया। प्रतुल ने इस मुकदमे को वापस लेने की मांग की। कहा कि वह इस मुद्दे को लातेहार जिला के पुलिस अधीक्षक एवं उच्च अधिकारियों के सामने भी उठाएंगे। आज इस अवसर पर लातेहार के पूर्व मंडल अध्यक्ष रितेश प्रसाद, घनश्याम प्रसाद, आशीष शाह देव, आदि भी उपस्थित है।


## बरवाडीह में अघोषित बिजली कटौती चरम पर उपभोक्ताओं में आक्रोश

**बरवाडीह।** प्रखण्ड क्षेत्र में अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का जनजीवन बेहाल कर दिया है। दिन-रात में कई-कई घंटे बिजली गायब रहती है, जिससे आमजन, खासकर छात्र, व्यवसायी और किसान बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि बिना पूर्व सूचना के घंटों बिजली काट दी जाती है। इस भीषण गर्मी में न तो पंखा चल पा रहा है और न ही बच्चों की पढ़ाई सुचारू हो पा रही है। व्यवसायिक वर्ग भी ग्राहकों की कमी से परेशान है, क्योंकि लगातार कटौती के चलते इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक मशीनें ठप पड़ी रहती हैं। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों का गुस्सा अब उबाल पर है। उन्होंने क्षेत्रीय सांसद और लातेहार के उपायुक्त से बिजली विभाग की इस मनमानी पर तुरंत रोक लगाने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि स्थिति में सुधार नहीं हुआ तो वे सड़क पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

# बालूमाथ के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र रहते हैं बंद, लाभुक परेशान

खबर मंत्र संवाददाता

**बालूमाथ।** राज्य सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों में प्रत्येक माह करोड़ों रुपए खर्च कर रही है। ताकि बच्चों को कुपोषण होने से बचाया जा सके एवं महिला एवं नवजात शिशुओं का नियमित स्वास्थ्य जांच हो सके। लेकिन बालूमाथ प्रखंड के अधिकांश आंगनबाड़ी केंद्र एक-एक महीने तक बंद रहता है। सिर्फ खानापूर्ति के लिए टीकाकरण के दिन आंगनबाड़ी सेविका केंद्र पहुंचती है। और टीकाकरण कराया जाता है। कुछ आंगनबाड़ी केंद्र में टीकाकरण भी सही समय से नहीं होता है। ताजा उदाहरण शनिवार को देखने को मिला जहां आंगनबाड़ी केंद्र नगड़ा, आंगनबाड़ी केंद्र भैंसादोन, बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय से सटे बड़का बालूमाथ, आंगनबाड़ी केंद्र जरी बंद पाया गया। नगडा ग्राम के ग्रामीण कमलेश यादव समेत कई लोगों ने बताया कि आंगनबाड़ी


बन्द पड़ा आंगनबाड़ी केन्द्र।

सेविका वसुधा देवी द्वारा महीने में एक-दो दिन केंद्र को खुलता है। एवं सरकार द्वारा बच्चों को दी जाने वाली पोषक आहार डकार लेती है। यही हाल जरी ग्राम सेविका सुनीता देवी का भी यही हाल है जरी गांव के ग्रामीण मोहम्मद आफताब, बड़का बालूमाथ के ग्रामीण नंदन कुमार वही भैसादोन के ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि बाल विकास परियोजना पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षिका के समय-समय पर अनुश्रवण नहीं करने के कारण आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका मनमानी पर उतर आई है। ग्रामीणों ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के तहत जीरो से पांच वर्ष तक के बच्चे को पोषाहार एवं बुनियादी शिक्षा खेल-खेल के माध्यम से देने का प्रावधान है। वहीं गर्भवती महिला एवं नवजात शिशुओं को टीकाकरण कराया जाता है ताकि आंगनबाड़ी के पोषक क्षेत्र में महिला बच्चे का स्वास्थ्य की जांच हो सके। एवं सरकार द्वारा मिलने वाली पौष्टिक आहार को बच्चों के बीच खिलाया जाए ताकि बच्चों कुपोषित होने से बच सके। लेकिन आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका एवं पदाधिकारी की लापरवाही के कारण आंगनबाड़ी केंद्र खानापूर्ति बनकर रह गया। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब भी इसका हम लोगों के द्वारा विरोध किया जाता है। तो आंगनबाड़ी सेविका द्वारा या धमकी दिया जाता है कि जहां भी जाना है। तुम लोग जा सकते हो नीचे से ऊपर तक सब सेटिंग है। इस संबंध में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी सोमा उरांव ने कहा कि पोषण ट्रैकर के तहत हाजिरी बना रहा है। फिर भी मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## चंदवा में लचर बिजली व्यवस्था से लोग परेशान

**चंदवा।** चंदवा शहरी क्षेत्र की आम जनता इन दिनों लचर बिजली व्यवस्था से काफी परेशान है। देवनद विद्युत शक्ति उपकेंद्र से जुड़े चंदवा टाउन की बिजली बिना किसी पूर्व सूचना के दिन हो या रात बार बार काटी जा रही है। पड़ रही भीषण गर्मी व 40 डिग्री की तपिश के बीच अघोषित बिजली कटौती लोगो के पारा को चढ़ाने का काम कर रही है। लोगों ने कहा कि रोजाना कभी रोटेशन तो कभी फॉल्ट एवं किसी न किसी कार्य की बात कह चंदवा कि बिजली काटी जा रही है। इसकी सूचना न ही विभाग के अधिकारी देते है व न ही कर्मी सही से जानकारी देते हैं, जिस कारण लोगो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जिले के उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं विभाग के अधिकारियों से बिजली व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने की मांग की है। इधर मामले को विभाग हेल्पलाइन पर संपर्क किए जाने पर बताया गया कि क्षेत्र में अभी 220 एलटी केबलिंग का काम चल रहा है। इस कारण बिजली काटी जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि केबलिंग का काम दिन में होता है, तो रात में बार-बार बिजली काटे जाने का औचित्य क्या है।

## आमने-सामने की टक्कर में दो लोग हुए घायल

**मनिका।** मनिका थाना के नामुदाग गांव के पास राष्ट्रीय मार्ग-39 पर दिन शनिवार को ट्रक, बाइक और कार वाहन के आमने-सामने की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। वहीं सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनिका पहुंचाया गया, जहां पर चिकित्सकों के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक लातेहार की ओर से आ रही थी, वहीं विपरीत दिशा से कार और बाइक आ रहे थे, इसी क्रम में वाहनों का अचानक संतुलन खराब हो गया और तीनों वाहनों का आमने-सामने की टक्कर हो गई। वहीं इस दुर्घटना की जानकारी मिलने के तुरंत बाद ही मनिका पुलिस की टीम दुर्घटना स्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन करते हुए दुर्घटनाग्रस्त सभी वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया।

## चापानल ठीक करने के दौरान बिजली की चपेट में आए ससुर-दामाद

**कांडी।** थाना क्षेत्र के कांडी गांव में शनिवार सुबह करीब 10 बजे एक दर्दनाक हादसा होते-होते टल गया। गांव के 50 वर्षीय सुरेश साव और उनके 30 वर्षीय दामाद चंदन कुमार गुप्ता 11 हजार वोल्ट की बिजली तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को तत्काल 108 एम्बुलेंस से मझिआंव रेफरल अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। घटना उस समय घटी जब सुरेश साव अपने दामाद के साथ घर के पास एक खराब चापानल को ठीक कर रहे थे। वे लोहे के पाइप को बोरिंग में डाल रहे थे, तभी वह ऊपर से गुजर रहे 11 हजार वोल्ट के तार से छू गया। तार से छूते ही भयानक करेंट दोनों को लगा, लेकिन संयोगवश पाइप फिसलकर नीचे गिर गया, जिससे दोनों की जान बच गई। स्थानीय लोगों ने बताया कि जिस स्थान पर यह हादसा हुआ वहां 11 हजार वोल्ट का हाई टेंशन तार सीमेंट के छोटे पोल पर लगा हुआ है, जिसकी ऊंचाई बहुत कम है। कांडी पंचायत के मुखिया विजय राम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिजली विभाग के एसडीओ से संपर्क कर सीमेंट पोल को ऊंचे लोहे के पोल से बदलने की मांग की। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में जितने भी छोटे पोल हैं, उन सभी को जल्द ही बदला जाएगा।

## दो अलग-अलग घटनाओं में चार लोग घायल

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉ रंजन दास ने प्राथमिक उपचार के बाद तीन लोगों को गढ़वा रेफर कर दिया। पहली घटना मकरी के मुख्य पथ पर तीखे मोड़ के पास घटी, जहां दो ऑटो के बीच सामने से टक्कर हो गई। इस हादसे में चंदू यादव (मकरी मारवाड़ी टोला), पूनम देवी और हरिद्वार यादव (रोहनिया निवासी) घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। घटना के बाद दोनों ऑटो चालक मौके से फरार हो गए। दूसरी घटना भवनाथपुर के टीकर टोला की है, जहां घरेलू विवाद के चलते राम सुबक उरांव को उनकी पत्नी यशोदा देवी और पुत्र धनु सिंह ने लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलते ही थाना के एएसआई उपेंद्र राम मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों के अनुसार, तीनों गंभीर घायलों को बेहतर इलाज के लिए गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

# रेस्टोरेंट मालिक पर फायरिंग से व्यवसायियों में आक्रोश गिरफ्तारी की मांग को लेकर दिया आंदोलन की चेतावनी

एजेंसी

**गढ़वा।** शहर के डफाली मोहल्ले में गुरुवार की रात्रि विराट रेस्टोरेंट के मालिक सन्नी केशरी पर हुए गोलीकांड की घटना ने स्थानीय व्यवसायियों को झकझोर कर रख दिया है। अपराधियों के बेखौफ होकर इस प्रकार की वारदात को अंजाम देना और 48 घंटे बीतने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक कोई ठोस कार्रवाई न किया जाना, स्थानीय लोगों और व्यवसाइयों के बीच आक्रोश का कारण बन गया है। शनिवार को शहर के कई प्रमुख व्यवसायियों और सामाजिक कार्यकताओं ने संयुक्त रूप से प्रेस वार्ता कर घटना की कड़ी निंदा की और पुलिस प्रशासन को चेताया कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वैश्य समाज समेत अन्य व्यवसायी वर्ग दुकानें बंद कर सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। व्यवसायियों ने कहा कि गढ़वा जैसे शांतिप्रिय शहर में लगातार आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही हैं, जो चिंता का विषय है। मौके पर चंदन जायसवाल ने कहा कि हम समाज


प्रेस कॉन्फ्रेंस करते व्यवसायी।

के बीच रहकर शांति से कारोबार करते हैं, लेकिन अब हमारे जीवन और परिवार की सुरक्षा खतरे में है। अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसकी गारंटी होनी चाहिए।

संतोष केशरी ने कहा कि यह घटना केवल एक व्यवसायी पर नहीं, पूरे शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर हमला है। पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। बताया जा रहा है कि रेस्टोरेंट के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में अपराधी की तस्वीर स्पष्ट रूप से सामने आई है, फिर भी अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह पुलिस की निष्क्रियता को दशार्ता है, जिससे अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ प्रतीत हो रहा है। व्यवसायियों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि व्यवसायिक क्षेत्रों में गश्ती बढ़ाई जाए, अपराधियों की त्वरित गिरफ्तारी की जाए और व्यवसायियों को सुरक्षा देने के लिए ठोस कदम उठाया जाए। मौके पर आशीष अग्रवाल, राजेश जायसवाल उर्फ. फंटूश, विजय केशरी, पंचम सोनी, सुरेश हलवाई, दिव्य प्रकाश केशरी, राजू केशरी, संजय सिंह, सोनू केशरी आदि लोग उपस्थित थे।

## बीपीओ पर गंभीर आरोप, जनप्रतिनिधियों ने की हटाने मांग

**केतार।** प्रखंड के प्रमुख चंद्रावती देवी एवं कई पंचायत मुखिया ने मनरेगा बीपीओ नीरज कुमार पाल पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें तत्काल हटाने की मांग की है। उनका आरोप है कि बीपीओ पदस्थापन के बाद से ही जांच-पड़ताल के नाम पर गरीब लाभुकों को डराकर उनसे अवैध रूप से पैसे वसूले जा रहे हैं। इसको लेकर एक माह पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं उप विकास आयुक्त को शिकायत दी गई थी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से बीपीओ का मनोबल बढ़ गया है। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि बीपीओ बिचौलियों के माध्यम से योजनाएं स्वीकृत करने के बदले मोटी रकम वसूलते हैं। हाल में 15 डोभा व तालाब योजनाओं को पंचायत समिति की जानकारी और अनुमोदन के बगैर ही स्वीकृत कर दिया गया। इसे नियम विरुद्ध और जनप्रतिनिधियों का अपमान बताया गया है।

## डीसी ने की समीक्षा बैठक, योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का दिया निर्देश


बैठक करते डीसी।

**गढ़वा।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में श्री बंशीधर नगर के प्रखंड सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की गई। बैठक में जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी, मुखिया एवं प्रखंड प्रमुखगण शामिल हुए। बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण), अबुआ आवास, पेयजल एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, राशन कार्ड का ई-केवाईसी, समाज कल्याण, पेंशन, शिक्षा, कृषि, कल्याण विभाग, जेएसएलपीएस समेत विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर योग्य लाभुक तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी बीडीओ को पंचायत स्तर पर नियमित बैठकें कराने का सख्त निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा करते हुए डीसी ने जनप्रतिनिधियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाएं ताकि गरीबों को मुफ्त इलाज मिल सके। राशन कार्ड के ई-केवाईसी को लेकर डीसी ने कहा कि इससे डुप्लीकेट कार्ड समाप्त होंगे और असली लाभुकों को योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। मनरेगा और आवास योजना पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को योजना से जोड़ते हुए अधिक से अधिक लोगों को 100 दिन का रोजगार और पक्का आवास मुहैया कराया जाए। राजस्व संग्रहण पर भी जोर देते हुए डीसी ने संबंधित अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजस्व से प्राप्त धनराशि से ही विकास योजनाओं का संचालन संभव है। इस दौरान स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत पेयजल एवं कचरा प्रबंधन पर भी चर्चा हुई। बिनय कांत रवि ने बताया कि खुले में शौच से मुक्ति की स्थायित्व बनाए रखना जरूरी है। बैठक में डीडीसी पशुपतिनाथ मिश्रा, एसी राज महेश्वरम, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, भू अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, आपूर्ति पदाधिकारी रामगोपाल पांडेय, पंचायती राज पदाधिकारी प्रवेश कुशवाहा सहित कई पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



# प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखने उतरेगी दिल्ली



एजेंसी

**जयपुर।** इंडियन प्रीमियर लीग 2025 में रविवार के डबल हेडर में पहला मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच जयपुर में खेला जाएगा। यह मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला जाएगा। पीबीकेएस की टीम 11 में से सात जीत और 15 अंकों के साथ प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने के बहुत करीब है, वहीं आरआर की टीम 12 मैचों में सिर्फ तीन जीत के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो चुकी है। आरआर और पीबीकेएस के बीच अब तक 29 आइपीएल मैच हो चुके हैं, जिसमें आरआर को 17 जबकि पीबीकेएस को 12 में जीत मिली है। जयपुर में भी हुए दोनों टीमों के बीच छह मुकाबलों में आरआर 5-1 से आगे है। वहीं 2022 से हुए दोनों देशों के बीच हुए छह मुकाबलों में आरआर की टीम 4-2 से आगे है। आंकड़ों के मुताबिक आरआर का पलड़ा इस मैच में भारी रह सकता है, लेकिन फॉर्म निश्चित रूप से पीबीकेएस के साथ है। आइपीएल 2025 रुकने से पहले यशस्वी जायसवाल




शानदार फॉर्म में थे और इस सीजन वह पांच अर्धशतकों के साथ कुल 473 रन बना चुके हैं, जो कि इस सीजन को उनके करियर का दूसरा सबसे सफल आइपीएल सीजन बनाता है। हालांकि उन्हें पीबीकेएस के स्ट्राइक गेंदबाज अर्शदीप सिंह परेशान कर सकते हैं, जिन्होंने जायसवाल को छह आइपीएल पारियों में दो बार आउट किया है। यशस्वी, अर्शदीप के खिलाफ सिर्फ 18 की औसत और 124 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं।

### जायसवाल को इससे है परेशानी

पीबीकेएस के ऑलराउंडर मार्कस स्टॉयनिस का अभी तक आइपीएल में फिर से आना तय नहीं है, लेकिन अगर वह टीम से जुड़ते हैं तो वह भी जायसवाल को परेशान कर सकते हैं। स्टॉयनिस, जायसवाल को पांच आइपीएल पारियों में तीन बार आउट कर चुके हैं। इसके अलावा मार्को यानसन ने भी जायसवाल को चार टी20 पारियों में दो बार आउट किया है। जायसवाल की तरह इस सीजन पीबीकेएस के कप्तान श्रेयस अय्यर का भी फॉर्म बहुत शानदार रहा है और वह चार अर्धशतकों की मदद से इस सीजन 400 से अधिक रन बना चुके हैं। हालांकि उन्हें आरआर के स्ट्राइक तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से सावधान रहना होगा, जो अय्यर को सात में से दो टी20 पारियों में आउट कर चुके हैं। अय्यर, आर्चर पर सिर्फ 18 की औसत और 129 के स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं। आइपीएल 2025 जब रुका था, तब संजू सैमसन चोटिल थे और एकादश से बाहर चल रहे थे। हालांकि इस मिले ब्रेक के बाद अगर वह पूरी तरह से फिट होते हैं और एक्शन में वापसी करते हैं, तब भी पीबीकेएस के गेंदबाज उनकी वापसी को मुश्किल बना सकते हैं। युजवेंद्र चहल ने आइपीएल में सैमसन को 11 में से पांच पारियों में आउट किया है, जबकि सैमसन, चहल पर सिर्फ 106 के स्ट्राइक रेट और 10 की औसत से रन बना पाते हैं। यानसन और स्टॉयनिस भी सैमसन को दो-दो बार टी20 मैचों में आउट कर चुके हैं, जबकि इनमें से किसी के भी खिलाफ सैमसन का स्ट्राइक रेट 130 से अधिक नहीं है। अगर सैमसन इस मुकाबले के लिए वापस आते हैं तो आरआर के सामने मुश्किल खड़ी होगी कि उनकी तरफ से ओपनिंग कौन करे? सैमसन के बाहर होने के बाद जायसवाल-वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने आरआर के लिए बेहतरीन शुरूआत दी है और दोनों के बीच पांच पारियों में 61.8 की औसत और 197 के स्ट्राइक रेट से 309 रनों की साझेदारी हो चुकी है।

**बारिश के कारण टॉस के बिना रद्द हुआ मुकाबला, दोनों टीमों को दिए गए एक-एक अंक**

## बारिश ने केकेआर को प्लेऑफ की रेस से बाहर किया



**बेंगलुरु।** आइपीएल 2025 का रिस्टार्ट उम्मीदों के मुताबिक नहीं रहा। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की भिड़ंत कोलकाता नाइट राइडर्स से होनी थी। बारिश की वजह से इस मैच में टॉस भी नहीं हो सका। बेंगलुरु में पिछले कई दिनों से बारिश हो रही थी। इस मैच के दौरान भी बारिश की भविष्यवाणी की गई थी और वैसा ही हुआ। टॉस से पहले से बारिश शुरू हो गई। एक बार बीच में रुकी लेकिन फिर आ गई। अंत में अंपायर्स ने इस रद्द करने का फैसला किया। दोनों टीमों को 1-1 पॉइंट मिल गए हैं। बारिश की वजह से आरसीबी के खिलाफ मैच रद्द होने के साथ ही केकेआर का आइपीएल 2025 में सफर समाप्त हो गया है। पिछले सीजन टीम ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था लेकिन इस बार प्लेऑफ में भी नहीं जा पाई। 13 मैचों में 5 जीत के साथ केकेआर के 12 पॉइंट हैं। दूसरी बार टीम का मुकाबला बारिश की वजह से धुला है। इससे पहले पंजाब किंग्स के खिलाफ हुआ मैच भी पूरा नहीं हो पाया था।

## गुजरात के खिलाफ दिल्ली को जीत जरूरी

**गुजरात।** गुजरात रविवार को खेले जाने वाले डबल हेडर के दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स का सामना करेगी। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात की टीम फिलहाल 16 अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर है और प्लेऑफ में जगह बनाने से सिर्फ एक जीत दूर है। दूसरी ओर, डीसी 13 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर है और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क के टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों के लिए भारत न आने के फैसले ने उनके प्लेऑफ की संभावनाओं को कम कर दिया है। आइपीएल 2025 में जीटी की सफलता की नींव उनके शीर्ष तीन बल्लेबाजों कप्तान शुभमन गिल, बी साई सुदर्शन और जोस बटलर पर टिकी है। पहले दस ओवरों में इसका बल्लेबाजी औसत 92.7 है। सलामी बल्लेबाज गिल और सुदर्शन ने क्रमशः 508 और 509 रन बनाए हैं, जो पावर-प्ले में टिके रहने में शानदार रहे हैं, जिसके परिणामस्वरूप जीटी ने बल्लेबाजी पावर-प्ले में केवल सात विकेट खोए हैं, जो प्रतियोगिता में अब तक किसी टीम द्वारा खोए गए सबसे कम विकेट हैं। जबकि उनका रन प्रति



ओवर 9.1 है। गेंद के साथ, जीटी की दक्षता का नेतृत्व तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने किया है, जो वर्तमान में 20 विकेट लेकर विकेट लेने वालों की सूची में सबसे आगे हैं, जबकि साथी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (15 विकेट) और बाएं हाथ के स्पिनर आर साई किशोर (14 विकेट) ने उनका सराहनीय साथ दिया है।

## आरसीबी-केकेआर मैच से कोहली की 18 नंबर की जर्सी खरीदने की होड़



एजेंसी

**बेंगलुरु।** आरसीबी के प्रशंसक विराट कोहली के सम्मान में टेस्ट जर्सी पहनकर चिन्नास्वामी स्टेडियम पहुंचे हैं। कोहली ने हाल ही में टेस्ट करियर को अलविदा कहा था और आरसीबी के प्रशंसकों ने इसी कारण कोहली की 18 नंबर जर्सी पहनकर स्टेडियम में आने का फैसला किया। आरसीबी और केकेआर के बीच आइपीएल 2025 का मुकाबला हो रहा है, लेकिन बारिश के कारण इसमें टॉस भी नहीं हो सका है। बारिश के कारण भले ही मैच अब तक शुरू नहीं हो सका है, लेकिन स्टेडियम में कोहली के प्रशंसकों में गजब का उत्साह देखने मिला है। कोहली टेस्ट से संन्यास के बाद पहली बार मैदान पर उतर रहे हैं, लेकिन बारिश ने इसमें खलल डाल दिया है। चिन्नास्वामी में आमतौर पर आरसीबी के प्रशंसक टीम की लाल रंग की जर्सी में आते हैं, लेकिन शनिवार को यह स्टेडियम कोहली की 18 नंबर की टेस्ट जर्सी से भरा नजर आया।

## बीसीसीआइ मुख्यालय में बना 'SRT 100' बोर्ड रूम, तेंदुलकर हुए भावुक

**मुंबई।** भारत के दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने बीसीसीआइ को मुंबई स्थित मुख्यालय में उनके नाम पर 'एसआरटी 100' बोर्ड रूम नामित करने के लिए धन्यवाद दिया। तेंदुलकर ने शीर्ष पदाधिकारियों की मौजूदगी में इस बोर्ड रूम का उद्घाटन किया। तेंदुलकर ने कहा कि रोजर बिन्नी (अध्यक्ष), देवजीत सैकिया (सचिव), राजीव शुक्ला (उपाध्यक्ष), और रोहन गौंस देसाई (संयुक्त सचिव) सहित सभी बीसीसीआई पदाधिकारियों और अधिकारियों को दिल से धन्यवाद। 1989 में मेरा पहला पाकिस्तान दौरा और बीसीसीआइ का शुरूआती कार्यालय, जो सीसीआई ब्रेबोर्न स्टेडियम के सामने एक छोटे से कमरे में था, मुझे आज भी याद है।

## संत जॉन्स स्कूल स्पोर्टिंग यूनियन व जेएसएसपीएस जीते



**रांची।** छोटानागपुर एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) की ओर से आयोजित सीनियर डिवीजन फुटबॉल लीग की शुरूआत हो गई। पहले दिन खेले गए मुकाबले में संत जॉन्स स्कूल, स्पोर्टिंग यूनियन व जेएसएसपीएस, होटवार की टीम ने शानदार जीत दर्ज की। संत जॉन्स स्कूल ग्राउंड में खेले गए उद्घाटन मैच में संत जॉन्स ने कड़े संघर्ष के बाद सनराइज दलादिली की टीम को 2-1 से हराया। संत जॉन्स टीम के लिए 9वें मिनट में करमचंद उरांव व 24वें मिनट में प्रकाश ने गोल किया। दलादिली की ओर से 18वें मिनट में संगम मुंडा ने गोल मारा। वहीं, खेलगांव होटवार में खेले गए पहले मैच झारखंड स्टेट स्पोर्ट्स प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) ने लिटिल स्टार हुलहुंडू को 1-0 से पराजित किया। 60वें मिनट में सुशील सिंह ने टीम के लिए एक मात्र गोल किया। वहीं, चुट्टू व एकंबा का मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के बीच 1-1 अंक बांट दिया गया। संत जॉन्स स्कूल ग्राउंड में मुख्य अतिथि सीएए के कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रियो भट्टाचार्य व संत जॉन्स स्कूल के प्रिंसिपल फादर बिनोद टोप्पो एसजे ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर लीग का उद्घाटन किया। इस मौके पर सीएए के महासचिव आसिफ नईम, एचओआर मो. फरीद खान, आरके सेनापति, अशोक कुमार, रेंगु लाल आदि शामिल थे।

## दस दिवसीय निशुल्क विभिन्न खेलों का आयोजन



**रांची।** डी ए वी गांधीनगर में दस दिवसीय निशुल्क ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर विभिन्न खेलों का आयोजन हो रहा है, इसमें आज सभी प्रशिक्षणार्थियों को योग का अभ्यास कराया गया। साथ ही म्यूजिक, तबला डांस गिटार, हरमोनियम, ढोलक, के साथ बास्केटबॉल, नेटबॉल, कराटे, तथा बैडमिंटन के साथ और भी खेलों प्रशिक्षण लक्ष्मी कुमारी, श्रुति कुमारी, गोविंद झा, कौशल कुमार, स्वाति शिप्रा, नमिता के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। योग का अभ्यास स्वामी मुक्तिरथ जी के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर विधालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने स्वामी मुक्तिरथ जी को बुकें और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

## आज से होगा सीसीएल में ग्रीष्मकालीन क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन क्रिकेट एवं वॉलीबॉल प्रशिक्षण शिविर 18 मई से 31 मई 2025 तक गांधी नगर क्रीड़ांगण, कांके रोड, रांची में आयोजित किया जाएगा। यह शिविर सीसीएल के कर्मचारियों के 6 से 16 वर्ष के बच्चों और बच्चियों के लिए विशेष रूप से होगा।

### सीसीएल की प्रतिबद्धता

सीसीएल हर वर्ष ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करता है, जिससे कर्मचारियों के बच्चों को खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और एक स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जा सके। यह पहल सीसीएल की सामाजिक जिम्मेदारी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कर्मचारियों के परिवारों की भलाई के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

**शिविर के प्रमुख उद्देश्य**

1. **खेल कौशल का विकास :** बच्चों को क्रिकेट और वॉलीबॉल के मूलभूत कौशल जैसे सर्व, पास, सेट, हमला, ब्लॉक, बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में प्रशिक्षण प्रदान करना है।
2. **टीम वर्क और खेल भावना :** बच्चों में टीम वर्क, अनुशासन और खेल भावना का विकास किया जाएगा, जिससे वे जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं।
3. **स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा :** खेलों के माध्यम से बच्चों को शारीरिक फिटनेस और मानसिक स्फूर्ति के महत्व के बारे में बताया जाएगा।

**वार्म-अप और स्ट्रेचिंग :** प्रत्येक दिन की शुरूआत वार्म-अप अभ्यास और स्ट्रेचिंग से होगी।

**विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन :** अनुभवी कोचों द्वारा बच्चों को खेल की तकनीकी और सामरिक समझ में सुधार करने के लिए मार्गदर्शन किया जाएगा।

**मैत्रीपूर्ण मैच :** प्रशिक्षण के अंतर्गत बच्चों के बीच मैत्रीपूर्ण मैचों का आयोजन किया जाएगा, जिससे वे प्रतिस्पर्धी वातावरण में अपने कौशल का परीक्षण कर सकें।

## चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय हॉकी जूनियर टीम घोषित

**गोलकीपर निधि बनीं कप्तान**



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शनिवार को अर्जेंटीना के रोसारियो में 25 मई से 2 जून तक आयोजित होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की घोषणा कर दी। इस टीम की कप्तानी गोलकीपर निधि को सौंपी गई है, जबकि हिना बानो उपकप्तान की भूमिका निभाएंगी। यह टूर्नामेंट भारत के लिए आगामी जूनियर वर्ल्ड कप (दिसंबर 2025) की तैयारियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। टूर्नामेंट में भारत, अर्जेंटीना, उरुग्वे और चिली की टीमें भाग लेंगी, जहां हर टीम एक-दूसरे के खिलाफ दो-दो मुकाबले खेलेगी। इससे भारतीय टीम को अपनी रणनीतियों को परखने और टीम संयोजन को मजबूत करने का मौका मिलेगा। भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम के कोच तुषार खांडकर ने कहा कि हम इस दौरे के जरिए अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं, खासकर जब जूनियर वर्ल्ड कप सिर्फ छह महीने दूर है। इस टूर्नामेंट से खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव मिलेगा, जो उनके विकास में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि हम इन खिलाड़ियों को भविष्य में सीनियर टीम में शामिल करने की दिशा में भी काम कर रहे हैं। इसके लिए वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में प्रदर्शन करना बेहद जरूरी है।

भारत का पहला मुकाबला 25 मई को चिली के खिलाफ खेला जाएगा। इसके बाद भारतीय टीम 26 मई को उरुग्वे, 28 मई को अर्जेंटीना, फिर 30 मई को चिली, 01 जून को उरुग्वे और 02 जून को अर्जेंटीना से भिड़ेगी। टीम अन्य दोनों देशों से भी दो-दो मैच खेलेगी।

**भारतीय टीम इस प्रकार है**

गोलकीपर : निधि (कप्तान), एंगल हर्षा रानी मिंज।

डिफेंडर : ममिता ओराम, लालथनतलुआंगी, मनीषा, पूजा साहू, पार्वती टोपनो, नंदिनी, साक्षी शुक्ला।

मिडफील्डर : प्रियंका यादव, अनीशा साहू, रजनी केरकेट्टा, बिनिमा धन, खाइदम शिलैमा चानू, संजना होरो, सुप्रिया कुजुर, प्रियंका डोगरा।

फॉरवर्ड : हिना बानो (उपकप्तान), सोनम, सुखवीर कौर, गीता यादव, लालरिनपुई, कनिका सिवाच, कर्मनप्रीत कौर।

स्टैंडबाय खिलाड़ी : विद्याश्री वी, हुडा खान, मुनमुनी दास, सेलस्टिना होरो

## प्रथम राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट का समापन




खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड सरकार के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग अंतर्गत पहली बार राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिलों से 320 प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहली बार आयोजित हो रही राज्यस्तरीय कैरम प्रतियोगिता को लेकर छात्रों में उत्साह देखने को मिला। खेलगांव में आयोजित इस राज्यस्तरीय कैरम टैलेंट प्रतियोगिता में अंडर 17 और अंडर 19 आयु वर्गो के अंतर्गत एकल और युगल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में सिमडेगा और दुमका के छात्रों का दबदबा रहा। अधिकांश प्रतियोगिताओ में इन जिलों से चयनित छात्रों ने कैरम में अपने रणनीतिक कौशल का लोहा मनवाया।

अंडर 17 बालक वर्ग एकल प्रतियोगिता में गिरिडीह के अंकित मोदी को पहला स्थान, सिमडेगा के सूर्या साहू को दूसरा स्थान और पूर्वी सिंघभूम के विपुल महतो को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 17 बालिका वर्ग एकल प्रतियोगिता में सिमडेगा की सुलेखा कुमारी को पहला स्थान, दुमका की अविशा को दूसरा स्थान और गुमला की सरस्वती कुमारी को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 17 बालक वर्ग युगल प्रतियोगिता में खूंटी के जतिन कुमार साहू और शिवम स्वांसी ने पहला स्थान प्राप्त किया। देवघर के विद्याधर राणा और आयुष राणा ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। दुमका के मनोज और रितेश कुमार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग युगल प्रतियोगिता में चतरा की शाहीन खातून और निरपा कुमारी को पहला स्थान, गोड्डा की मीना कुमारी और उषा कुमारी को दूसरा स्थान और गढ़वा की साक्षी शर्मा और शिखा कुमारी को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 19 बालक वर्ग एकल प्रतियोगिता में रांची के जायेद अंसारी को पहला, पूर्वी सिंघभूम के प्रधान बागे को दूसरा और लातेहार के सागर कुमार को तीसरा स्थान मिला है। अंडर 19 बालिका वर्ग एकल प्रतियोगिता में सिमडेगा की खुशी कुमारी को पहला, जामताड़ा की आलिया फरहीन को दूसरा और कोडरमा की रुकसाना खातून को तीसरा स्थान मिला है।

अंडर 19 बालक वर्ग युगल प्रतियोगिता में साहिबगंज के मो. शमी अख्तर और मो. दानिश को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार मिला, दुमका के कृष कुमार और पंकज पाल को दूसरा स्थान मिला और सरायकेला के गौरव दास और सरूपा सोय को तीसरा स्थान मिला। अंडर 19 बालिका वर्ग युगल प्रतियोगिता में पलामू की अर्चना कुमारी और अंशु कुमारी को पहला, लातेहार की रानी कुमारी और पालक कुमारी को दूसरा, रांची की सीता कुमारी और रीता कुमारी को तीसरा स्थान मिला है।

# सिनर ने इटालियन ओपन फाइनल में बनायी जगह, अल्कराज से होगा सामना



एजेंसी

**रोम।** तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद वापसी कर रहे जैनिक सिनर ने इटालियन ओपन के फाइनल में धमाकेदार एंट्री कर ली है। शुक्रवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में उन्होंने अमेरिका के टॉमी पॉल को 1-6, 6-0, 6-3 से हराकर खिताबी मुकाबले का टिकट कटाया। अब फाइनल में उनका सामना स्पेनिश स्टार कार्लोस अल्कराज से होगा, जिन्होंने लोरेंजो मुसेटी को 6-3, 7-6(4) से हराकर पहली बार रोम फाइनल में जगह बनाई।

### 1976 के बाद पहली बार इतालवी खिलाड़ी के पास खिताब जीतने का मौका

सिनर अब इतिहास रचने से सिर्फ एक कदम दूर हैं। यदि वे जीतते हैं, तो 1976 में एड्रियानो पानाटा के बाद रोम मास्टर्स खिताब जीतने वाले पहले इतालवी पुरुष खिलाड़ी बन जाएंगे। इससे पहले, सिनर ने क्वार्टरफाइनल में कैस्पर रूड को करारी शिकस्त दी थी। हालांकि सेमीफाइनल के पहले सेट में वह अस्थिर नजर आए, लेकिन इसके बाद उन्होंने जबरदस्त वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया।



### अल्कराज का पलड़ा भारी, लेकिन सिनर की जीत का सिलसिला भी लाजवाब

सिनर और अल्कराज के बीच यह मुकाबला बीजिंग ओपन फाइनल (अक्टूबर 2024) के बाद पहली भिड़ंत होगी, जहां अल्कराज ने तीसरे सेट के टाईब्रेकर में जीत दर्ज की थी। दोनों के बीच अब तक 10 मुकाबले हुए हैं, जिनमें अल्कराज 6-4 से आगे हैं और उन्होंने पिछले तीन मैच लगातार जीते हैं। हालांकि, खास बात यह है कि बीजिंग में हारने के बाद से सिनर एक भी मैच नहीं हारे हैं और वे 26 मैचों की विजयी लय में हैं। आस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद यह उनका पहला टूर्नामेंट है। यह सीजन अल्कराज के लिए भी शानदार रहा है। उन्होंने मोंटे कार्लो मास्टर्स जीता, बार्सिलोना ओपन में रनर-अप रहे, और अब रोम फाइनल में हैं। हालांकि मड्रिड ओपन से उन्होंने चोट के कारण नाम वापस ले लिया था। फिलहाल वे दाहिने पैर पर एक लंबा ब्लैक ब्रेस पहनकर खेल रहे हैं, लेकिन खेल पर उसका खास असर नहीं दिख रहा।

### फिटनेस को लेकर चिंता

मैच के अंत में सिनर अपनी जांघ पकड़ते और दर्द में नजर आए। उन्होंने बाद में खुलासा किया कि तीसरे राउंड से उनके पैरों में ब्लिस्टर (छाले) हो गए हैं, जिससे मूवमेंट में परेशानी हो रही है। हालांकि उन्होंने कहा, कोई बहाना नहीं है। फाइनल में एड्रेनालिन के साथ काफी एनर्जी होगी। मैं पूरी तरह तैयार हूं।

स्पीड न्यूज

## डीवीसी चंद्रपुरा प्रबंधन ने स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर निकाला प्रभात फेरी

**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा मनाये जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शनिवार की सुबह प्रभात फेरी निकाला गया और शहर की सफाई की गई। इस अवसर पर डीवीसी के वरिष्ठ महाप्रबंधक और परियोजना प्रधान विजया नन्द शर्मा उप महाप्रबंधक दीपक कुमार राजीव रंजन ओझा कंचन स्मिता टोप्पो राजकुमार चौधरी अनुतोष एक्का अक्षय कुमार राम सुधिष्ट स्नेही भुवनेश्वर महतो प्रदीप श्रीवास्तव सरयू रविदास अमूल्य सिंह सरदार आर के निराला गिरधारी महतो सहित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवान विद्यालय के छात्र एवं अन्य लोगों ने यहां के प्लांट के मुख्य द्वार के समक्ष एकत्रित होकर प्रभात फेरी निकाला। प्रभात फेरी यहां के बाजार एवं कॉलोनी भ्रमण करते हुए निदेशक भवन तक पहुंची और शहर की सफाई की। मौके पर परियोजना प्रधान श्री शर्मा ने कहा कि स्वच्छता समाज और देश के उत्थान में अहम भूमिका रखता है । हम सभी को अपने आप को ही स्वच्छ रखना है तभी हमारा घर समाज और देश स्वच्छ होगा । उन्होंने कहा कि गंदगी को दूर कर हम बीमारी से बच सकेंगे और विकसित भारत के निर्माण में शामिल हो सकेंगे।

## जनवादी लेखक संघ ने किया गोष्ठी का आयोजन

**बोकारो।** जनवादी लेखक संघ बोकारो जिला द्वारा- आज के दौर में नफरत और उसका समाज पर प्रभाव के विषय पर सेक्टर 2 ए में आयोजित गोष्ठी के मुख्य वक्ता थे युवा कवि व आलोचक डॉ अच्युतानंद मिश्र। अध्यक्षता गोपाल प्रसाद ने की और संचालन कुमार सतेन्द्र ने किया। इस अवसर पर अच्युतानंद मिश्र ने कहा कि नफरत एक मजबूत और विनाशकारी भावना है जो किसी व्यक्ति- समूह या विचार के प्रति तीव्र नकारात्मक प्रतिक्रिया है। इसे संचार सूचनाओं ने बढ़ावा दिया है। खासकर मीडिया की भूमिका बेहद अफसोसजनक है। लोगों के बीच भ्रामक खबरें परोसी जा रही हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार प्रहलाद चन्द्र दास ओमराज अज्ञानी आरपी वर्मा कथाकार ललन तिवारी ने अपने विचार रखें। मौके पर कवि शांति भारत प्रदीप कुमार दीपक श्याम सुंदर केवट विक्रांत कुमार रामानंद सिंह अजय यतीश उपस्थित थे।

## शिशु मंदिर-विद्यालयों में प्रारंभ से ही पंचपदी शिक्षा पद्धति का समावेश है: राजेंद्र

**बोकारो।** विद्या भारती योजना के तहत विद्या विकास समिति के तत्वावधान में 3सी संकुल का संकुल स्तरीय एक दिवसीय आचार्य कार्यशाला पंचपदी अधिगम एवं कम्यूनिकेशन स्किल विषय पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर 9 डी बोकारो में संपन्न हुआ। इसमें 3सी संकुल से पांच विद्यालय 3सी- 9 डी - 2ए व बालीडीह एवं रितुडीह बोकारो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के आचार्य एवं दीदी जी सम्मिलित हुए। इस कार्यशाला की प्रस्तावना को रखते हुए संकुल संयोजक मार्कण्डेय पाण्डेय ने कहा कि आज ऐसे बालकों के निर्माण की आवश्यकता है जो ज्ञान-विज्ञान एवं अनुसंधान की परिकल्पना को एक साथ साध सके। जो राम के जैसा मयार्दा पुरुषोत्तम हो जो जनमानस को एक सूत्र में बांधकर राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाने का कार्य करे और दुश्मनों का भी सर्वनाश करे। 3सी विद्या मंदिर के सचिव राजकुमार सिंह ने कहा कि जो सीखता है वही सिखा सकता है। कार्यशाला के मुख्य रिसोर्स पर्सन 9 डी बोकारो के प्राचार्य एवं विद्या भारती उत्तर-पूर्व क्षेत्र तथा सीबीएसई के रिसोर्स पर्सन राजेंद्र कामत ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में समायोजित पंचपदी शिक्षा पद्धति को शिशु मंदिर के विद्यालयों ने प्रारंभ से ही अपनाया है। उन्होंने पंचपदी के पांच विषय अधीति (अध्यापन कार्य) बोध (कक्षाकार्य ) अभ्यास (गृहकार्य) प्रयोग (सह पाठ्य क्रियाएं) और प्रसार (स्वाध्याय और प्रवचन) पर विस्तार से चर्चा की। हमें राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक मॉडल विद्यालय बनना होगा जो दूसरे विद्यालयों के लिए प्रेरणादायी हो।

## उपराजधानी में उपडाकघर बैंक प्रणाली सुरक्षित नहीं

**काठीकुंड।** ग्रामीण डाक विभाग के उप डाकघर काठीकुंड के खाताधारक पासबुक संख्या- 8643....25 के जमाकर्ता सुशील सोरेन पिता यासान सोरेन गांव दलदली पोस्ट आमगाछी थाना काठीकुंड के रहने वाले हैं। खाताधारक ने समाज सेवी मोहम्मद इमामुल हक से विभाग से मदद की गुहार लगाई। जमाकर्ता वर्ष 2009 से 2014 तक कई किस्तों में डाकघर बचत खाते में कुल 80 हजार रुपए जमा किए थे जो खाते में विवरण उपलब्ध है। जमाकर्ता जब पैसे की निकासी के लिए पोस्ट ऑफिस बैंक उप डाकघर काठीकुंड गए तो विभाग के कर्मचारी ने बचत खाते में पैसे नहीं होने की बात कही। मो० इमामुल हक ने कहा मामला वर्ष 2009 से 2014 का है इस तरह की और भी खाताधारकों की समस्यायें हैं ग्रामीण गरीबों का रुपया बैंक प्रणाली के पास भी सूरक्षित नहीं है। ग्रामीण डाक विभाग के इस लापरवाही के लिए जिला उपायुक्त महोदय को विभाग के कर्मचारी पर कठोर कार्रवाई के लिए आस्वस्त करेंगे।

# चलन्त लोक अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में कोडरमा प्रखण्ड मुख्यालय में चलन्त लोक अदालत सह कानूनी जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने कहा कि समाज का कोई भी व्यक्ति साधन के आभाव में न्याय से वंचित नहीं रह सकता। लोगो के मौलिक अधिकारों के संरक्षण के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकार कृत संकल्पित है। उन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में लोगों को अवगत कराया तथा उन्होंने कहा कि कानून की जानकारी सभी को होनी चाहिए, कानून की जानकारी नहीं होने के कारण लोगों को बहुत सारी परेशानियों को झेलना पड़ता है। वहीं सचिव गौतम कुमार ने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिसके द्वारा समाज के सभी कुरीतियों को दुर किया जा सकता है तथा जागरूकता के माध्यम से ही लोग अपने अधिकारों को प्राप्त कर सकते हैं। वहीं सीओ हलधर प्रसाद सेट्ठी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा लोगों को हर प्रकार की कानूनी सहायता उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि लोग आपस में छोटी-छोटी बातों को लेकर झगड़ जाते है, जिसके कारण वे अपने समय एवं पैसे को बर्बाद करते है, लोगों को इनसे बचने की जरुरत है। मौके पर न्यायालयकर्मी संतोष कुमार सिंह, पारा लीगल वोलेनटियर सुभाष मिस्त्री, मनोज कुमार, मंटू कुमार राम, सोनाली सिन्हा, राम चन्द्र यादव, सुनील कुमार, प्रीति आर्या सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## जालसाजी कर जमीन हड़पने का आरोप

**दुमका।** जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र के शिउली बोना गांव के दृष्टिहीन आदिवासी बगाल मरांडी ने बीते शुक्रवार को डीसी के जनता दरबार में आवेदन देकर पत्थर माफियाओं से अपनी जमीन की सुरक्षा करने की गुहार लगायी है। बंगाल ने पत्थर माफिया मानिक चंद्र महेश्वरी एवं उनके सहयोगी सुरेंद्र टुडू पर जालसाजी कर शिउली बोना मौजा के जमाबंदी नंबर 16, प्लॉट संख्या 595/ 617/618 एवं 619 की संपूर्ण जमीन रकवा 20 बीघा का कागज तैयार कर खनन पट्टा स्वीकृति करने के प्रयास को रोकते हुए जमीन की सुरक्षा करने एवं उपरोक्त धोखाधड़ी करने वालों के विरुद्ध उचित कार्रवाई करने की गुहार लगायी है। बगाल का कहना है कि 23 दिसंबर 24 को उसने अनुमंडल पदाधिकारी एवं जिला खनन पदाधिकारी को भी इस आशय का आवेदन देकर जमीन की सुरक्षा की गुहार लगायी थी। उसे भय है कि उसकी संपूर्ण जमीन को पत्थर माफिया हड़प लेंगे। बगाल को डीसी से ही उसकी उम्मीद है कि वह गरीबों का कल्याण करने वाले हैं और दृष्टिहीन गरीब आदिवासी पर कृपा जरूर करेंगे।

# विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर साड़म में कार्यशाला का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमिया।** गोमिया प्रखंड के साड़म पश्चिमी पंचायत स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र साड़म में विश्व डेंगू दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आयुष चिकित्सक डॉ पूर्णेन्दु गोस्वामी, एमटीएस मनोज कुमार सोरेन, पिरामल फाउंडेशन के कुणाल कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। इस अवसर पर डॉ गोस्वामी ने बताया कि डेंगू बीमारी से बचने के लिए थोड़ी सी सावधानी एवं सामुहिक प्रयास की जरूरत है। डेंगू से ग्रसित व्यक्ति, विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श का पालन कर पूरी तरह ठीक हो सकता है। उन्होंने बताया कि घर के आसपास कहीं गंदा पानी का जमाव न होने दें, या फिर जमे हुए गंदे पानी में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव कर दें। घर में अगर फ्रीज, कूलर आदि चीजें हो तो, उसे कम से कम सप्ताह में एक बार जरूर सफाई करें। सोने के समय मच्छरदानी का उपयोग करें। पानी के बर्तन व टँकी को पूरी तरह ढक कर रखे। मच्छर के काटने से बचे एवं पूरे बाजू के कपड़े पहने। बताया कि इस तरह के छोटे छोटे सावधानियां का पालन कर डेंगू से बचाव किया जा सकता है। वहीं कार्यशाला के दौरान 25 फाइलेरिया रोगियों की जांच भी की गई, जहां फाइलेरिया रोगी को निःशुल्क दवा देने के साथ साथ उन्हें रुग्णता प्रबंधन के उपयोग करने का तरीका भी बताया गया। मौके पर स्थानीय मुखिया शोभा देवी, वार्ड सदस्य सावित्री देवी, एएनएम नीरा कुमारी, मो0 सफरुद्दीन, एमपीडब्ल्यू, क्षेत्र की सहिया सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कोयला उत्पादन लक्ष्य को हर हाल में पूरा करें : सीएमडी

**बेरमो।** सीसीएल के सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह ने बीएंडके क्षेत्र के एककेओसीपी और कारो परियोजना का निरीक्षण किया। सीएमडी श्री सिंह ने जीएम चित्तरंजन कुमार से कोयला उत्पादन और डिस्पैच से संबंधित जानकारी ली। साथ ही प्रोजेक्ट का नक्शा का अवलोकन करते हुए प्रोडक्शन में तेजी लाने का निर्देश दिया। इस मौके पर सीएमडी श्री सिंह ने कहा कि देश की ऊर्जा में कोयले की अहम भूमिका है। इसलिए लक्ष्य के अनुसार कोयले का उत्पादन और सम्प्रेषण करना है।

### बोकारो रोटरी ने संत जेवियर्स में किया

# सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण-शिविर का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने संत जेवियर्स स्कूल बोकारो स्टील सिटी में दूसरे सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर का सफल आयोजन किया जिसमें कुल 50 स्कूली छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु प्रथम डोज का टीका लगाया गया। यह शिविर रोटेरियन डॉ एससी मुंशी और उनकी विशेषज्ञ चिकित्सा टीम की कुशल निगरानी में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन क्लब अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में संत जेवियर्स स्कूल के इंटरैक्ट क्लब ने भी पूर्व अध्यक्ष चंद्रिमा रे के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्ण भागीदारी निभाई जिससे शिविर को संगठनात्मक मजबूती और युवाओं का सहयोग प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता डॉ एससी मुंशी और पूर्व अध्यक्ष प्रदीप नारायण के अलावा पूर्व अध्यक्ष चंद्रिमा रे पूर्व अध्यक्ष मनु श्रीवास्तव पुष्पा केजरीवाल अल्का गुप्ता शायनी जकारिया पूर्व अध्यक्ष पीए जकारिया अशोक जैन घनश्याम दास तथा प्रदीप रे आदि की सक्रिय भागीदारी रही। अध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने बताया कि इस श्रृंखला का तीसरा सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण शिविर रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के क्लब परिसर में आयोजित किया जाएगा।

### श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल में लगभग 1500 विद्यार्थियों ने भाग लिया

# चार दिवसीय समर कैंप सह प्रदर्शनी संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल सेक्टर 5 के प्रांगण में आयोजित ग्रीष्मकालीन कैंप में विभिन्न विषयों के प्रशिक्षणों के साथ-साथ अंतिम दिन प्रतिभागी बच्चों के द्वारा बनाई गई वस्तुओं की प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इस समर कैंप में विद्यालय के लगभग 1500 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों का शैक्षिक तथा सांस्कृतिक विकास और उनकी छुट्टियां को मजेदार बनाना है। 4 दिवसीय इस प्रशिक्षण सह प्रदर्शनी कार्यक्रम की गतिविधियों में फुटबॉल बास्केटबॉल वॉलीबॉल एथलेटिक शतरंज कैरम पाक कला कक्षाएं कला और शिल्प सॉफ्ट टॉय मेकिंग एरोबिक्स और जुम्बा समकालीन नृत्य ग्राफिक और एनिमेशन गीता चैंटिंग को शामिल किया गया था जिसमें खेल शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को खेल के नियम एवं उसके विभिन्न विषयों से अवगत कराया गया। घर में अभिभावकों की अनुपस्थिति एवं आत्मनिर्भर बनाने और पौष्टिक भोजन के विषय में जानने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को पाक कला की शिक्षा दी गई।

प्रशिक्षण के अंतिम दिन विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए विभिन्न विषयों पर सुंदर एवं आकर्षक कलाकृतियों की एक प्रदर्शनी भी आयोजित की गई। इस प्रदर्शनी के माध्यम से उन्होंने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ग्रीष्मकालीन अवकाश की बधाई देते हुए विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राजगोपालन ने कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री अय्यप्पा सेवा संगम के उपाध्यक्ष शशीचंद्रन करात एवं मोहनन आर नायर कोषाध्यक्ष बालाचंद्रन महासचिव ईएस सुशीलन बोर्ड ऑफ डायरेक्टर सुरेश कुमार केए डा सुरेश बाबू ने विद्यालय के सभी सदस्यों को ग्रीष्मावकाश की बधाई दी। विद्यालय की प्राचार्या पी शैलजा जय कुमार ने कहा कि इस समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ने-लिखने के साथ-साथ उनकी रुचियां एवं उनके व्यक्तित्व को निखारने के लिए किया जाने वाला एक प्रयास है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के उप प्रधानाचार्या उप प्रधानाचार्य शिक्षक- शिक्षिकाओं अभिभावकों विद्यार्थियों एवं सभी कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 40 डिग्री गर्मी में मशरूम उपजा रही हैं गोड्डा की महिलाएं, अदाणी फाउंडेशन से नि:शुल्क किट और ट्रेनिंग

# मिल्की मशरूम उत्पादन से महिलाएं बनी आत्मनिर्भर




खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** जहां एक तरफ गर्मी में खेती करना चुनौती बनता जा रहा है, वहीं गोड्डा की महिलाएं 'दूधिया सोना' यानी मिल्की मशरूम उगाकर न सिर्फ मौसम को मात दे रही हैं, बल्कि आत्मनिर्भरता की मिसाल भी पेश कर रही हैं। 45 डिग्री तापमान में भी यह खास किस्म का मशरूम शानदार उत्पादन दे रहा है। तपती गर्मी में खेती का नया विकल्प है मिल्की मशरूम मिल्की मशरूम की सबसे बड़ी खासियत यही है कि इसे तेज गर्मी में 35 से 40 डिग्री तापमान में भी आसानी से उगाया जा सकता है। जहां दूसरी फसलें इस तापमान में नष्ट हो जाती हैं, वहीं यह मशरूम 90 प्रतिशत नमी और बंद कमरे के वातावरण में तेजी से विकसित होता है। गोड्डा जिले की महिलाएं गर्मी के इस मौसम में भी मशरूम उगा रही हैं और अपने घर की आर्थिक स्थिति को मजबूत बना रही हैं। यह मुमकिन हो पाया है अदाणी फाउंडेशन की मदद से, जो महिलाओं को मुफ्त ट्रेनिंग और मशरूम उत्पादन के लिए जरूरी सामान मुहैया करवा रहा है। अदाणी पावर प्लांट के आस-पास के गांव मोतिया, डुमरिया, पटवा, रंगनिया, बक्सरा, नयाबाद, गंगटा आदि गांवों की 200 से अधिक महिलाएं अदाणी फाउंडेशन की ओर से ट्रेनिंग लेकर न केवल खुद मशरूम उगा रही हैं, बल्कि दूसरी महिलाओं को भी इसकी ट्रेनिंग दे रही हैं। इससे पूरे गांव की सामाजिक और आर्थिक तस्वीर बदल रही है। अदाणी फाउंडेशन की यह पहल ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण का बेहतरीन उदाहरण बन चुकी है। पटवा गांव की बिन्दु देवी पहले सिर्फ घर के कामों तक सीमित थीं, लेकिन अदाणी फाउंडेशन की ट्रेनिंग लेने के बाद अब वह मशरूम उत्पादन करके हर महीने 8 से 10 हजार रुपये तक कमा रही हैं। बिन्दु कहती हैं, पहले लगता था खेती सिर्फ पुरुषों का काम है, लेकिन अब मशरूम उत्पादन से मेरी खुद की पहचान बनी है।

मिल्की मशरूम की खासियत यह है कि इसे गर्मी में भी उगाया जा सकता है। एक छोटे से कमरे में 35-40 डिग्री तापमान और 90% नमी में यह अच्छी पैदावार देता है। मात्र 20-25 रुपये प्रति किलो की लागत से तैयार यह मशरूम बाजार में 200 से 400 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। यानी लागत का दस गुना तक मुनाफा संभव है। महिलाएं सबसे पहले भूसे को फॉर्मलीन और दवाओं से उपचारित करती हैं। फिर बीज मिलाकर पॉलिथीन की थैलियों में भरकर अंधेरे कमरे में रखती हैं। 20 दिन बाद केसिंग होती है, जिसमें मिट्टी और खाद मिलाकर हल्की सिंचाई की जाती है। लगभग 15 दिन में मशरूम उगने लगते हैं। मशरूम का स्वाद और पौष्टिकता ही नहीं, बल्कि इसके औषधीय गुणों के चलते भी इसकी मांग तेजी से बढ़ रही है। डॉक्टर भी कई बीमारियों में मिल्की मशरूम को खाने की सलाह देते हैं। गोड्डा के इन गांवों की महिलाएं ने साबित कर दिखाया है कि अगर सही मार्गदर्शन और संसाधन मिले, तो गर्मी जैसी चुनौती भी अवसर में बदली जा सकती है। मिल्की मशरूम गर्मियों में खेती का एक मजबूत विकल्प बनकर उभरा है, और ग्रामीण महिलाएं इसका पूरा लाभ उठाकर सामाजिक और आर्थिक बदलाव की कहानी लिख रही हैं।

## एक नजर में

## 11वें ग्रीष्मकालीन आवासीय नेटबॉल प्रशिक्षण शिविर

**गोड्डा।** गांधी मैदान में चल रहे 11वें ग्रीष्मकालीन आवासीय नेटबॉल प्रशिक्षण शिविर में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा के साथ आई टोली कैंप का हिस्सा बनी। बच्चों को खेलते देखा उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई और बच्चों को प्रोत्साहित किया। वहीं बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए कहा कि जिस प्रकार इस भीषण गर्मी में वह खेल के प्रति और खासकर नेटबॉल के प्रति अपनी उत्साह को दिखा रहे यह देखकर वह अचंभित हुए और गर्मी में सारे नेटबॉल के खिलाड़ियों को शीतल पेयजल पिलाकर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने नेशनल खिलाड़ी मोनालिसा सह कोच को आश्वासन दिया कि आगे आने वाले दिनों में नेटबॉल को उनका पूरा समर्थन रहेगा और किसी भी परिस्थिति में अगर वे रहे तो साथ खड़े रहेंगे। इनके साथ चलकर आए युवा मोर्चा संथाल परगना प्रमंडलीय प्रभारी रविंद्र तिवारी भी खिलाड़ियो का उत्साह देखकर काफी प्रभावित हुए। उन्होंने भी नेटबॉल को पूर्ण समर्थन देने की बात कही। साथ में मौजूद थे वहीं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सौरभ सुमन, भाजपा जिला महामंत्री मुरारी चौबे, जिला कोषाध्यक्ष राजेश भगत, जिला ओवैसी मोर्चा अध्यक्ष दीपक कुमार, लाल बहादुर सिंह, राजेश टेकरीवाल, आशीष यादव, पप्पू, भावेश, रोहित आदि मौजूद रहे साथ ही मिलकर शीतल पेयजल बच्चों को पिलाया।

## ठाकुरगंगटी में महर्षि मेंही आजीविका सखी मंडल की हुई बैठक

**गोड्डा/ ठाकुरगंगटी।** प्रखंड क्षेत्र के ठाकुरगंगटी ग्राम स्थित समूह की सचिव पूनम देवी के निवास पर शुक्रवार को महर्षि मेंही आजीविका सखी मंडल की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समूह की अध्यक्ष रंभा देवी ने किया। इस दौरान सभी के द्वारा साप्ताहिक बचत राशि को जमा किया गया। ऋण लेन देन के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। समूह संबंधी प्रार्थना किया गया। बैठक पंजी में सभी सदस्या द्वारा अपनी-अपनी उपस्थिति दर्ज की गई। अध्यक्ष रंभा देवी द्वारा सभी सदस्या को यह चेतावनी दी गई की जो सदस्या लगातार तीन बैठक में उपस्थित रहेंगी उनके बारे में प्रस्ताव लिया जाएगा। साथ ही साथ सभी सदस्यों को बैठक में ही साप्ताहिक बचत राशि और ऋण वापसी की राशि जमा करने का निर्देश दिया गया। कहा कि ग्रामीण विकास विभाग झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी द्वारा जो दिशा निर्देश दिया जाता है, शत प्रतिशत उसी के आधार पर समूह के सभी प्रकार के कार्यों का संचालन किया जाना है।यह भी कहा गया कि जिस सदस्या को ग्राम संगठन और संकुल स्तरीय संघ के साथ-साथ प्रखंड कार्यालय और बैंक से संबंधित कार्यों के लिए अधिकृत किया जाएगा संबंधित सदस्या को उक्त कार्यों का निष्पादन नियमानुसार समय पर करना होगा। बैठक पंजी, आय- व्यय पंजी के अलावे अन्य सभी पंजीयों का संधारण समय पर नियमानुसार करने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में चार सदस्या को व्यापार बढ़ाने के लिए 350000 की राशि बैंक से संबंधित सदस्या के बैंक खाते में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में अध्यक्ष रंभा देवी, सचिव पूनम देवी, कोषाध्यक्ष राखी झा, सदस्या शोभा देवी, रेखा देवी, वंदना कुमारी, कल्याणी देवी आदि सदस्या शामिल थी।

## देवरों ने भाभी को बेरहमी से पीटा, गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**गोड्डा/ बसंतराय।** घरेलू विवाद और पुरानी रंजिश के चलते बसंतराय थाना क्षेत्र के धपरा पंचायत अंतर्गत वादे गांव में शुक्रवार की संध्या एक महिला पर उसके देवरों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने धारदार हथियार और लाठी-डंडों से महिला को पीटकर बुरी तरह से घायल कर दिया जिसके बाद पीड़िता नूतन देवी को गंभीर हालत में गोड्डा के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार दोपहर पीड़िता नूतन देवी पर उनके देवर मुनीलाल यादव, लालू यादव और राजेश यादव ने हमला कर दिया। वहीं बताया जा रहा है कि इससे पहले भी इन आरोपियों ने महिला के ऊपर जानलेवा हमला कर महिला को खेत में फेंक दिया था, तब भी आरोपियों के विरुद्ध पुलिस की ओर से कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई थी और अब ये जानलेवा हमला दूसरी बार किया गया था। मिली जानकारी के अनुसार घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी मनीष यादव दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। लेकिन ग्रामीणों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए घंटों विरोध प्रदर्शन किया। वहीं ग्रामीणों की मांग थी कि दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, क्योंकि यह हमला दोहराया गया है और पुलिस ने पूर्व में भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया। थाना प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि घायल महिला को सदर अस्पताल भेजा गया है। मामले का आवेदन मिलने पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## बीएसएल में वित्त एवं वाणिज्य से सम्बंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में- वित्तीय विकास एवं वाणिज्यिक कौशल विषय पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों की तकनीकी जानकारी के साथ-साथ उनके वित्तीय एवं वाणिज्यिक कौशल को विकसित कर उन्हें व्यापारिक निर्णयों में सशक्त रूप से सहभागी बनाना था। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य महाप्रबंधक-ज्ञानार्जन एवं विकास सुश्री नीता बा तथा मुख्य महाप्रबंधक वित्त एवं लेखा निर्मल कुमार सिंह उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 33 अधिशासी ने भाग लिया। सीजीएम सुश्री नीता बा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम से अधिकतम लाभ उठाने पर बल दिया तथा उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी वातावरण में वाणिज्यिक दृष्टिकोण विकसित करना आवश्यक है। सीजीएम निर्मल कुमार सिंह ने इस कार्यक्रम को वर्तमान बदलते व्यावसायिक परिवेश में अत्यंत उपयोगी बताया।

## पेज एक का शेष

### पलामू के मनातू...

इसी सूचना के आलोक में पलामू के एसपी अभियान राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में एक सर्च अभियान शुरू किया गया। पुलिस जैसे ही जसपुर गांव के समीप जंगली क्षेत्र में पहुंची नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में गोली चलाना प्रारंभ की। दोनों तरफ से कई राउंड गोली चली। पुलिस को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। एसपी ने बताया कि नक्सली उन्मूलन के तहत सर्च ऑपरेशन जारी है। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ के बाद अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती की गयी है। उन्होंने बताया कि सर्च अभियान में पुलिस ने गोली, मोबाईल, खाद्य सामग्री के अलावे कई सामान बरामद किया है। पिछले 20 दिनों के अंदर शशिकांत के दस्ते के साथ पलामू पुलिस के यह दूसरी मुठभेड़ है। शशिकांत फिलहाल टीएसपीसी का दूसरा सबसे बड़ा कमांडर है।

### पाक की जासूस...

भारत लौटने के बाद ज्योति ने सोशल मीडिया के जरिये संवेदनशील जानकारी साझा की। हरियाणा के कैथल से देवेंद्र सिंह नामक युवक को भी गिरफ्तार किया गया। देवेंद्र सिख जत्थे के साथ पाकिस्तान गया था। वहां वह आईएसआई के संपर्क में आया। उसे हनी ट्रैप में फंसाकर पटियाला कैंट की तस्वीरें और वीडियो साझा करने को कहा गया। बार-बार पाकिस्तान की यात्रा की वजह से ज्योति मल्होत्रा भारत की सुरक्षा एजेंसियों की नजर में थी। वहीं देवेंद्र सिंह ने वहां के आर्मी कैंट क्षेत्र की तस्वीरें अपने मोबाइल फोन से खींचकर आईएसआई एजेंटों को भेजी थीं। इन तस्वीरों के अलावा आरोपी ने ऑपरेशन सिंदूर से जुड़ी जानकारी भेजी थी।

स्पीड न्यूज

## कान्स में अनुष्का सेन ने किया डेब्यू



**कान्स।** ग्लोबल स्टार अनुष्का सेन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल के रेड कार्पेट पर अपना डेब्यू कर एक नया कीर्तिमान रच दिया है। अनुष्का सेन अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली और होनहार अभिनेत्रियों में से एक हैं। कम उम्र में अपनी अभिनय प्रतिभा से लोगों का दिल जीतने वाली अनुष्का ने इंडस्ट्री में अपनी खास पहचान बनाई है।

## पाक में डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** अहमदिया समाज के वरिष्ठ डाक्टर शेख महमूद की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक हमलावर उनके क्लीनिक में घुसा और गोलियों की बौछार कर दी। हमलाकर मौके से फरार होने में सफल रहा। पिछले दो महीने में अहमदिया समुदाय के तीसरे व्यक्ति की हत्या है। जमात ए अहमदिया पाकिस्तान (जेएपी) के मुताबिक घटना पाकिस्तान में पंजाब प्रांत के सरगोधा में शुक्रवार देर शाम की है। डा. शेख महमूद अपने क्लीनिक पर थे। तभी उन पर हमला कर दिया गया।

## आरबीआइ 20 रुपये के नए नोट जारी करेगा

**नयी दिल्ली।** आरबीआइ जल्द ही महात्मा गांधी (नई) सीरीज में 20 रुपये मूल्यवर्ग के नए बैंक नोट जारी करेगा। इन नोटों पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। आरबीआई ने शनिवार को बताया है कि महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला में 20 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोट जारी किए जाएंगे, जिन पर गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे। बयान के अनुसार इन नोटों का डिजाइन हर तरह से महात्मा गांधी (नई) श्रृंखला के 20 रुपये मूल्यवर्ग के बैंक नोटों जैसा ही है।

## यूपी : मथुरा में पकड़े गये 90 बांग्लादेशी

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के नौहझील थाना क्षेत्र में दो ईंट-भट्ठों पर काम कर रहे 90 बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस और एलआईयू ने शुक्रवार रात को गिरफ्तार किया है। कई प्रदेशों में मजदूरी करते हुए यहां पहुंचे थे। ये लोग यहां पर पिछले पांच महीने से काम कर रहे थे। एसएसपी श्लोक कुमार ने शनिवार को बताया कि अवैध रूप से भारत में रहने वालों को चिन्हित किया जा रहा था।

## मुंबई में चार करोड़ की ड्रग्स जब्त, दो गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच की टीम ने जोगेश्वरी बस डिपो के पास चार करोड़ रुपये की दो किलोग्राम ड्रग्स सहित दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपितों की पहचान अब्दुल करीम नजीर शेख (44) और यासीन अली शेख (29) के रुप में की गई है। दोनों के पास से 2 किलोग्राम ड्रग्स बरामद कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

आप के 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

## आप के 15 पार्षदों ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के शीर्ष नेतृत्व से नाराज 15 निगम पार्षदों ने शनिवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। आप के वरिष्ठ पार्षद मुकेश गोयल ने कहा कि हमारे 15 पार्षदों ने पार्टी से इस्तीफा दिया है और अलग दल इंद्रप्रस्थ विकास पार्टी बनाई है। पिछले ढाई साल में हम लोगों का काम नहीं कर पाये।

# नूर खान एयरबेस पर गिरी थी मिसाइल

### पाकिस्तान के पीएम शहबाज ने आखिरकार कबूला सच, रात ढाई बजे मुनीर ने बताया था

एजेंसी

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने पहली बार कबूल किया है कि भारतीय सेना की ओर रावलपिंडी में नूर खान एयरबेस पर 9 -10 मई की रात को एयर स्ट्राइक किया गया था। भारतीय सेना ने एयर स्ट्राइक में कई पाकिस्तानी एयरबेस पर मिसाइल हमले किए थे। शरीफ ने यह बयान यौम-ए-तशाकुर (धन्यवाद) नामक भव्य समारोह में अपने भाषण के दौरान दिया। इस्लामाबाद में प्रतिष्ठित स्थल द मॉन्यूमेंट में आयोजित समारोह के दौरान, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने घटनाक्रम की श्रृंखला का विवरण दिया और कहा कि इसके बाद हमने भारत के प्रति अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की। पीएम ने अपने संबोधन में नूर खान एयरबेस पर भारतीय मिसाइल हमले को लेकर भारत के दावे को स्वीकार किया। शरीफ ने

**9-10 मई की रात भारतीय सेना ने की थी एयर स्ट्राइक**

कहा कि 9 और 10 मई की रात करीब 2:30 बजे सेना प्रमुख ने मुझे फोन कर बताया कि भारत ने अपने बैलिस्टिक मिसाइलों के जरिए हम पर हमला किया है। एक मिसाइल नूर खान एयरबेस पर गिरी और कुछ अन्य मिसाइलें अन्य इलाकों में गिरी हैं। उन्होंने कहा कि सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने भारत की ओर से की गई एयर स्ट्राइक का पूरी ताकत से जवाब देने की अनुमति मांगी थी। भारत की एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन, और मिसाइल हमलों के जरिए हमले किए। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के भाषण में शांति वार्ता के आह्वान पर भी प्रकाश डाला गया। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी मित्र देशों का बहुत आभारी हूं, जो



दुनिया के इस हिस्से में शांति और युद्धविराम को बढ़ावा देने में बहुत मददगार रहे हैं। शरीफ ने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने में मदद के लिए सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, कुवैत, ईरान, तुर्की, चीन, ब्रिटेन और अन्य देशों को धन्यवाद दिया। उन्होंने संकट के अंतिम समय में हस्तक्षेप करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विशेष प्रशंसा की। पीएम ने कहा कि मैं राष्ट्रपति ट्रंप को उनके नेतृत्व के लिए धन्यवाद देना चाहूंगा, और उनके इस दृष्टिकोण के लिए भी कि दक्षिण एशिया में जल्द से जल्द शांति बहाल होनी चाहिए। उनके पथ-प्रदर्शक और रणनीतिक नेतृत्व ने काम किया और दो देशों के बीच होने वाले घातक युद्ध को टाल दिया।

## दोनों देशों के बीच तनाव चरम पहुंच गया था : ट्रंप

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत और पाकिस्तान से बातचीत करना और उन्हें (पूर्ण युद्ध) के कगार से वापस लाना उनकी इतनी बड़ी सफलता है कि उसका उचित श्रेय उन्हें कभी नहीं मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बहुत नफरत है और तनाव उस स्तर पर पहुंच गया था जहां अगला चरण संभवतः परमाणु इस्तेमाल था। ट्रंप ने शुक्रवार को फॉक्स न्यूज से एक साक्षात्कार में कहा कि यह मेरी इतनी बड़ी सफलता है कि इसका उचित श्रेय मुझे कभी नहीं मिलेगा। वे बड़ी परमाणु शक्तियां हैं। उनमें जरा भी समानता नहीं है। वे आक्रोशित थे। साक्षात्कार के दौरान ट्रंप से पश्चिम एशिया की उनकी यात्रा से पहले की विदेश नीति की कुछ सफलताओं का जिक्र करते हुए पूछा गया कि क्या उन्होंने भारत और पाकिस्तान को फोन किया था। ट्रंप ने जवाब दिया कि हां, मैंने किया था। साक्षात्कार लेने वाले ने कहा कि यह एक सफलता है। ट्रंप ने कहा कि क्या आपने देखा कि यह (संघर्ष) किस दिशा में जा रहा था? यह जैसे को तैसा की तरह था। यह गहराता जा रहा था। मेरा मतलब है कि मिसाइलों का इस्तेमाल बढ़ता जा रहा था। दोनों मजबूत हैं। लिहाजा अगले जिस चरण पर यह पहुंचने वाला था, आप जानते हैं कि वह क्या है?

# भारत 100 % टैरिफ कम करने को तैयार

### ट्रंप ने किया दावा, जल्द होगा समझौता

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर 100 प्रतिशत शुल्क कम करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने वाला है। हालांकि, ट्रंप ने फॉक्स न्यूज को दिए साक्षात्कार में कहा कि उन्हें प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए कोई जल्दबाजी नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बार-बार यह दावा किया है कि भारत अमेरिकी वस्तुओं पर सभी शुल्क कम करने की पेशकश कर रहा है। ट्रंप ने एक



बार फिर भारत को दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक बताया। उन्होंने कहा कि वे व्यापार करना लगभग असंभव बना देते हैं। क्या आप जानते हैं कि वे अमेरिका के लिए अपने शुल्क में 100 प्रतिशत कटौती करने को तैयार हैं। जब उनसे पूछा गया कि भारत के साथ समझौता कब तक होगा, तो अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि जल्द ही होगा। मुझे कोई जल्दी नहीं है। देखिए, हर कोई हमारे साथ सौदा करना चाहता है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल प्रस्तावित व्यापार समझौते के लिए वार्ता की प्रगति का आकलन करने के लिए इस समय वाशिंगटन में हैं। उम्मीद है कि वह अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जैमीसन ग्रीर के साथ बातचीत करेंगे।

## पीएसएलवी-सी61 का प्रक्षेपण आज

**चेन्नई।** पीएसएलवी-सी61/ ईओएस-09 मिशन के रविवार को प्रक्षेपित करने के लिए 24/25 घंटे की उल्टी गिनती शनिवार सुबह शुरू हो गई। यह मिशन पृथ्वी की निगरानी क्षमताओं को बढ़ाएगा और विशेष रूप से भारत के सीमावर्ती क्षेत्रों की हाई-रिजॉल्यूशन रडार इमेजरी प्रदान करेगा। इसरो के सूत्रों ने बताया कि उल्टी गिनती शुरू हो गई है। सूत्रों ने कहा कि यह 24 घंटे है या 25 घंटे, इस बारे में अपडेट किया जाएगा। यह इसरो का 101वां मिशन है। चार चरणों वाला 44.5 मीटर लंबा पीएसएलवी-सी61, जिसका भार 321 टन है, अपनी 63वीं उड़ान में, रविवार सुबह 0559 बजे श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से प्रथम लॉन्च पैड से उड़ान भरेगा, जिसमें 1,692.24 किलोग्राम वजनी पृथ्वी अवलोकन उपग्रह ईओएस-09 होगा।

## लालू के खिलाफ कोर्ट ने जारी किया इश्तेहार

**सिवान में आचार संहिता उल्लंघन मामले में नहीं हुये थे उपस्थित**

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** सिवान के एमपी-एमएलए कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के खिलाफ एक इश्तेहार जारी किया है। इस इश्तेहार के जरिये कोर्ट ने उन्हें ससमय पेश होने का आदेश दिया है। लालू प्रसाद आचार संहिता उल्लंघन के एक पुराने मामले में पिछले कई सुनवाई में उपस्थित नहीं हुए थे। इस कारण कोर्ट ने उनके खिलाफ यह इश्तेहार जारी किया है। दरअसल, कोर्ट में उपस्थिति को लेकर जमानतीय और गैर-जमानतीय वारंट जारी होने के बाद भी यदि आरोपी उपस्थित नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध इश्तेहार जारी किया जाता है। एक पुराने मामले



में न्यायालय ने उन्हें ससमय कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है। लालू यादव से जुड़ा यह मामला 2011 का है। सिवान जिले में दरौंदा थाना के विधानसभा क्षेत्र में 2011 में उपचुनाव हुआ था, जिसमें राजद उम्मीदवार परमेश्वर राय, लालू यादव के पार्टी से चुनाव लड़ रहे थे। इसी बीच चुनाव प्रचार-प्रसार के दौरान उनपर अचार संहिता 144-188 धारा लगा था।

## मुंबई में आइएसआइएस के फरार दो गुर्गे गिरफ्तार

**मुंबई।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शनिवार को एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल करते हुए दो फरार आरोपियों अब्दुल फैयाज शेख और तल्हा लियाकत खान को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन आईएसआईएस के स्लीपर मॉड्यूल के प्रमुख सदस्यों के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी महाराष्ट्र के पुणे में आईईडी के निर्माण और परीक्षण से जुड़े 2023 के एक मामले से जुड़े हैं। केंद्रीय एजेंसी ने पहले उनकी गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले को 3 लाख रुपये का नकद इनाम देने की घोषणा की थी। आव्रजन ब्यूरो ने आरोपियों को मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रोका, जब वे इंडोनेशिया के जकार्ता से आए थे, जहां वे छिपे हुए थे। उन्हें एनआईए ने गिरफ्तार किया।

# प्रधानमंत्री 29 मई को ही आयेंगे पटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बिहार दौरे के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। बदले हुए कार्यक्रम के अनुसार प्रधानमंत्री अब दो दिवसीय बिहार दौरे पर आएंगे। पीएम मोदी 29 मई को ही पटना पहुंच जाएंगे। 29 को वो पटना में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन करेंगे, जबकि 30 मई को विक्रमगंज में जनसभा को संबोधित करेंगे। पहले उनका कार्यक्रम एक दिन का तय था, लेकिन अब इसे विस्तारित कर दो दिन का कर दिया गया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शनिवार को बताया कि पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक दिवसीय दौरे पर बिहार आने वाले थे, लेकिन अब उनके कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। पहले केवल बिक्रमगंज में एकदिवसीय कार्यक्रम तय था, लेकिन अब पीएम दो दिन के प्रवास

**▸▸ जेपी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन और छह एयरपोर्ट करेंगे शिलान्यास मोदी**



पर बिहार आ रहे हैं। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार की उड़ान योजना के अन्तर्गत बिहार में जो 10 नये एयरपोर्ट बनने हैं, उनमें से मधुबनी, मुजफ्फरपुर, वाल्मीकि नगर, बीरपुर, सहरसा और मुंगेर में बनने वाले छह एयरपोर्ट का शिलान्यास भी करेंगे।

## गाजा में इजराइल ने शुरू किया 'ऑपरेशन गिदोन'

**यरुशलम।** इजराइल ने गाजा पट्टी में ऑपरेशन गिदोन रथ नामक एक नया सैन्य अभियान शुरू किया है, जिसका उद्देश्य हमास पर दबाव बनाकर बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करना है। इस अभियान की घोषणा शनिवार को इजराइली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने की। उन्होंने कहा कि यह ऑपरेशन ₹पूरी ताकत₹ के साथ संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने पहले ही संकेत दिया था कि गाजा में हमास को समाप्त करने और बंधकों को छुड़ाने के लिए दबाव और तेज किया जाएगा। यह सैन्य अभियान ऐसे समय में शुरू किया गया है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपना मध्य पूर्व दौरा समाप्त किया, लेकिन इस बार वे इजराइल नहीं गए। ट्रंप की यात्रा से पहले कुछ उम्मीदें थीं कि इससे संघर्ष विराम या मानवीय सहायता बहाल हो सकती है, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 24 घंटे में इजराइल हमलों में 150 से अधिक लोगों की मौत हुई है। कुल मिलाकर, 18 मार्च को संघर्षविराम टूटने के बाद से 3,000 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

# थरूर ने स्वीकारी पाक की पोल खोलने की जिम्मेदारी

**ऑपरेशन सिंदुर**

**कांग्रेस की सूची में नहीं था शशि थरूर का नाम**

### सात सांसदों का डेलिगेशन जायेगा विदेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सरकार द्वारा शुरू किए गए वैश्विक प्रचार अभियान में सांसदों के चयन को लेकर सियासत गरमा गई है। कांग्रेस पार्टी की ओर से भेजी गई सूची में नाम नहीं होने के बावजूद शशि थरूर ने सरकार का न्योता स्वीकार कर लिया है और सात में से एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने को तैयार हो गए हैं। वहीं, एनसीपी सांसद सुप्रिया सुले ने भी सरकार का निमंत्रण स्वीकार कर लिया है। शनिवार को जैसे ही संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने इस बहुपक्षीय प्रचार अभियान की रूपरेखा पेश की, थरूर ने तुरंत सरकार के



निमंत्रण को स्वीकार करते हुए एक्स पर लिखा कि मुझे भारत सरकार द्वारा पांच प्रमुख वैश्विक राजधानियों में एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने का सम्मान मिला है, ताकि हालिया घटनाओं पर भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया जा सके। जब बात राष्ट्रीय हित की हो और मेरी सेवाओं की आवश्यकता हो, तो मैं पीछे नहीं हटूंगा। जय हिंद। थरूर को पार्टी द्वारा नामित नहीं किया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने इसके कुछ देर बाद ट्वीट कर जानकारी दी कि कांग्रेस अध्यक्ष ने सरकार को चार नामों की सूची भेजी थी, जिनमें आनंद शर्मा, गौरव गोगोई, सैयद नासिर हुसैन और अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के नाम शामिल थे।

रिजिजू ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के खिलाफ भारत की कड़ी प्रतिक्रिया के संदर्भ में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विश्व के प्रमुख देशों, विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों में भेजे जाएंगे। ये प्रतिनिधिमंडल भारत की आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति व राष्ट्रीय एकजुटता को वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित करेंगे।

इन नेताओं को दी गई जिम्मेदारी : शशि थरूर (कांग्रेस), रविशंकर प्रसाद (भाजपा), संजय कुमार झा (जदयू), बैजयंत पांडा (भाजपा), कनिमोझी करूणानिधि (डीएमके), सुप्रिया सुले (एनसीपी), श्रीकांत एकनाथ शिंदे (शिवसेना)।

## ऑपरेशन सिंदूर में कितने विमान खोये, सरकार बताए : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर की शुरूआत में पाकिस्तान को सूचना देने का अपराध किसने किया और इसके कारण हमने कितने विमान खोये हैं। गांधी ने कहा कि सबसे बड़ा अपराध यह है कि युद्ध की शुरूआत में पाकिस्तान को सूचना देने का काम किसने किया और इस सूचना को बांटने के लिए कौन अधिकृत था।






# पटना रेलवे स्टेशन के समीप जाम से मिलेगी मुक्ति

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना जंक्शन के पास सब-वे का शुभारम्भ और स्मार्ट सिटी के तहत पटना के जीपीओ गोलंबर के नजदीक बने मल्टी मॉडल हब का उद्घाटन किया। पटना जंक्शन के सामने एक 440 मीटर लंबा अंडरग्राउंड सब-वे और इसके ऊपर तीन मंजिला मल्टीलेवल पार्किंग बनाई गई है। इसमें रेस्टोरेंट, एटीएम से लेकर दुकानें तक हैं। जीपीओ गोलंबर से पटना जंक्शन गोलंबर वाया न्यू मार्केट एरिया में पीक आवर में गाड़ियां रेंगती रहती है। पटना जंक्शन पर गाड़ियों की पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था भी अब तक नहीं थी। अभी जीपीओ गोलंबर के पास ही बस स्टैंड और ऑटो स्टैंड भी



है। ऐसे में लोगों को स्टेशन आने और जाने में काफी परेशानी हो रही थी। इसके उद्घाटन के बाद अब जंक्शन के पास से खुलने वाली बसों को यहीं पार्क किया जाएगा। ऑटो को भी यहीं खड़े करने की व्यवस्था होगी। आम जन के लिए यह रविवार , यानी 18 मई से शुरू होगा। मल्टी मॉडल हब और टनल की देखरेख की जिम्मेदारी स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ही होगी। इसके रखरखाव और देखरेख के लिए

**▸▸ नीतीश ने किया सब-वे और मल्टी मॉडल हब का उद्घाटन**
**▸▸ 400 मीटर भूमिगत टनल से पहुंचेगे पटना जंक्शन**

टेंडर के माध्यम से एजेंसी का चयन किया जाएगा। सुरक्षा के लिहाज से हर जरूरी बंदोबस्त किए गए हैं। हर एंट्री और एग्जिट पॉइंट पर सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है। आग से बचाव के लिए हर मंजिल पर सेंट्रलाइज्ड फायर इस्टिंग्विशर का सेटअप तैयार किया गया है। पूरे टनल में सेंट्रलाइज्ड एसी का सेटअप किया गया है। टनल में सीसीटीवी कैमरे, लाइट्स, डिस्प्ले स्क्रिन और साउंड सिस्टम भी है। साउंड सिस्टम के जरिए लोगों को इस बात की जानकारी दी जाएगी कि टनल के किस गेट के जरिए किस साइड बाहर निकला जा सकता है। टनल में तीन एंट्री और एग्जिट गेट बनाए गए हैं। इससे जीपीओ गोलंबर और इस्कॉन टेंपल की तरफ से लोग आसानी से पटना जंक्शन पहुंच सकते हैं। गाड़ियों की बेहतर पार्किंग के साथ स्टेशन आने-जाने में भी लोगों को सहूलियत होगी। सब-वे से पैसेंजर्स को महावीर मंदिर जाने में सुविधा होगी।मल्टी मॉडल हब को पटना जंक्शन, मेट्रो स्टेशन और बुद्ध स्मृति पार्क के पास बने मल्टी मॉडल पार्किंग से स्मार्ट और अल्ट्रा मॉडल टनल से जोड़ा गया है।

### टनल में तीन जगह से एंट्री

1.पहला एंट्री- एग्जिट मल्टी मॉडल पार्किंग।

2.दूसरी एंट्री- मल्टी मॉडल कार पार्किंग ।

3.तीसरी एंट्री- महावीर मंदिर, रेलवे स्टेशन गेट नंबर-3 के पास।